माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 321, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 16

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 15

# चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

इससे पहले वर्ष 1999 में एक बार में चार लोगों को भारत रत्न दिया गया था। कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की गई थी। पश्चिमी यूपी के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने किया ऐलान

उन्होंने कहा, 'एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए व्यापक सेवा की।' उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की। सरकार कृषि और किसान कल्याण में उनके योगदान के लिए भारत रत्न दे रही है।



**2024**

**में अब तक पांच नामों की हुई घोषणा**





### अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।

### कांशीराम को भी भारत रत्न मिले

बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार द्वारा जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद भारतरत्न से सम्मानित किया। दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया संघर्ष कम नहीं।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार के फैसले का किया स्वागत

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'कांग्रेस की ओर से हम पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं।

## एक नजर

### नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए। अदालत ने ईडी से पूछा कि उसे आरोपियों की हिरासत की जरूरम क्यों, जबकि उसने अपनी जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

### बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिलः अजित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

# मौलाना तौकीर ने दिए भड़काऊ बयान, समर्थकों ने की तोड़फोड़

## सैकड़ों समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने निकले मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़-पथराव किया और दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे शहर के सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर ने जुमे की नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड से कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का ऐलान किया था। घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर ने आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की। फिर समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी धक्कामुक्की हुई, लेकिन उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए।



गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

**बवाल की आशंका में स्कूलों की छुट्टी, बाजार भी बंद हो गए**

**आईएमसी का सांकेतिक गिरफ्तारी का दावाः** प्रदर्शन के बाद आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने दावा किया कि मौलाना तौकीर और सैकड़ों समर्थकों की ओर से सांकेतिक गिरफ्तारी दी गई है, लेकिन प्रशासन ने इससे साफ इनकार किया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया।

### आपत्तिजनक नारे लगाए शहामतगंज में पथराव



आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। 'मोदी-योगी होश में आओ' जैसे नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

# मुख्यमंत्री धामी बोले- देवभूमि को बदनाम करने वालों को बख्शेंगे नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**बलवे में 6 लोगों की गई जान 6000 अज्ञात लोगों पर केस**

**दंगा भड़काने के आरोप में 19 नामजद, चार गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा स्थित मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण पर हुए बवाल के बाद भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच शुक्रवार को हालात काबू में रहे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस-प्रशासन को उपद्रवियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने आधिकारिक रूप से बलवे में अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। शहर में कर्फ्यू जारी है। दंगा भड़काने के आरोप में 19 लोगों को नामजद करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा कुल 6000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

बीते गुरुवार की सायं नगर निगम, प्रशासन की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर बने अवैध तरीके से बने धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने पहुंची थी। इस दौरान उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की संयुक्त टीम पर पथराव शुरू कर दिया। उपद्रवियों ने आगजनी की और बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था। बनभूलपुरा में हालात काबू में रहे और पुलिस बल तैनात रहा। देर शाम हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि का नाम बदनाम करने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो, फोटो से उपद्रवियों को चिह्नित किया जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।



हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानते हुए।

### मीडियाकर्मी से मिलकर मुख्यमंत्री ने जाना हाल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा से भी मिलने पहुंचे। उन्होंने कनेरा का हालचाल जाना और कहा कि उनका उच्चस्तरीय इलाज करवाया जाएगा। बता दें कि संजय कनेरा भी कवरेज के दौरान उपद्रवियों ने उन पर हमला कर दिया। उनका कैमरा, मोबाइल, पर्स, अंगूठी लूट ली और धारदार हथियार से घायल कर दिया था। वह पहले बेस अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनकी हालत को देखते हुए निजी अस्पताल ले जाया गया है।

# भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इंकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'**

**अमृत विचारः** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा-रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इंकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है।

# पांच हजार स्टांप शुल्क देने पर रक्त संबंधियों में संपत्ति हस्तांतरण

**लखनऊ, अमृत विचार।** विधानसभा में शुक्रवार को भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 बहुमत से पारित हो गया, जिसके तहत यह व्यवस्था दी गयी है कि रक्त संबंधों में संपत्ति हस्तांतरण पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क देने के बाद किया जा सकेगा। सदन में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विधेयक को पारित करने के लिए सदन में अनुरोध किया। पक्ष में बहुमत होने से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे पारित करने की घोषणा की।

**विधानसभा में पारित हुआ भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024**

दरअसल, जमीनों की खरीद फरोख्त 'पावर ऑफ अटॉर्नी' बनाकर की जा रही थी, जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा था, लेकिन अब यह व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों से बाहर के व्यक्तियों को 'पावर ऑफ अटॉर्नी' पर सर्किल रेट का सात प्रतिशत स्टांप शुल्क देना होगा। इसमें यह भी व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों में मात्र पांच हजार रुपये के स्टांप पर ही संपत्ति हस्तांतरण करने की सहूलियत रहेगी।

### 19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या



# अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

**अयोध्या।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

# खेल-खेल में फूस के पूलों में जलकर बच्ची की मौत

**हसनपुर/सैदनगली।** खेल-खेल में फूस के पूलों में आग लगने से पांच वर्षीय बच्ची की जलकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मोमराज सिंह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। बताते हैं कि गुरुवार की शाम मोमराज सिंह की पांच वर्षीय बेटी करिश्मा मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रही थी। बच्चों के साथ खेलने के लिए वह पन्नी का लट्टू बना रही थी। घर के पास ही फूस के पूले रखे हुए थे। पन्नी को चिपकाने के लिए बच्चों ने घर के पास रखे फूस के पूलों में आग लगा ली। देखते ही देखते आग भड़क उठी। तभी इस दौरान करिश्मा आग की चपेट में आ गई। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह बच्ची को आग से निकाला और उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक का कहना था कि बच्ची आग से 90 प्रतिशत से ज्यादा झुलस चुकी थी। उपचार के दौरान गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। मृतका बच्ची तीन भाई बहनों में सबसे छोटी थी।

**परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई किया अंतिम संस्कार**

# आरोपी ने पुलिस हिरासत में की आत्महत्या की कोशिश, भीड़ ने थाना घेरा, लाठीचार्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पकड़े गए युवक ने शुक्रवार की सुबह पुलिस हिरासत में अमांपुर थाना परिसर के शौचालय में मफलर से फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने उसे बचा तो लिया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी है।

इसकी भनक लगते ही युवक के परिजनों ने बड़ी संख्या में लोगों के साथ थाने का घेराव कर दिया। पुलिस और किशोरी पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर थाने में हंगामा काटा। स्थिति बेकाबू होते देख पुलिस कर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। भीड़ ने थाने के बाहर जमकर पथराव किया। बवाल बढ़ने की आशंका पर बाजार बंद हो गए। सूचना पर पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और स्थिति पर काबू पाया। एसपी ने अमांपुर थाने के इंस्पेक्टर यतेंद्र कुमार व दरोगा दया प्रसाद को निलंबित कर दिया है।



थाना अमांपुर में एकत्रित भीड़ को खदेड़ते पुलिसकर्मी।

**इंस्पेक्टर समेत दो निलंबित**

**अमांपुर थाना पुलिस पर एक युवक को 3 फरवरी से अवैध रूप से हिरासत में रखने के आरोप में कार्रवाई**

> अमांपुर थाने में पुलिस अभिरक्षा में युवक को रखा था। शुक्रवार सुबह शौचालय में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर और दरोगा को निलंबित कर दिया है। - **अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

खेती-किसानी

गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

# गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।



**कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान**

> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। - **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर



**नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस सालः** गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

### साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

## एक नजर

### 25 को महानगर पहुंचेगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नई पहचान देने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब उत्तर प्रदेश में भ्रमण करेगी। आगामी 16 फरवरी को राहुल गांधी चंदौली से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेंगे और 25 फरवरी को यात्रा पीतल नगरी पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने बताया कि यात्रा को लेकर रणनीति तैयार कर ली गई है। राहुल गांधी पीतल दस्तकारों से मुलाकात कर संवाद कर पीतल उद्योग से जुड़ी समस्याओं को जानेंगे।

### जयंती के लिए बनाई योजना

मुरादाबाद, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी उत्तर प्रदेश की शुक्रवार को बैठक हुई। एसएस इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र सागर ने की। बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाए जाने की योजना बनाई गई। इस दौरान वंश बहादुर, वीर सिंह, राजपाल सिंह, वीरेश कुमार गौतम, वीरेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, कैलाश राजपूत, आरपी सिंह आदि रहे।

## परिवार से जुड़ी फर्मों से सामग्री नहीं खरीद सकेंगे ग्राम प्रधान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शासन ने कसा शिकंजा पंचायत सचिव भी नहीं रख सकेंगे निजी कर्मचारी

**अमृत विचारः** शासन ने विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने को ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों पर शिकंजा कस दिया है। ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव के परिवार से जुड़ी फर्म से सामग्री की खरीद हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं अब ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने के लिए सचिव भी निजी कर्मचारी (मुंशी) नहीं रख पाएंगे।

ग्राम पंचायतों में जांच व विकास से जुड़े कार्यों और उसके भुगतान की फीडिंग अब तक पंचायत सचिव के मुंशी करते थे। निदेशालय ने अब मुंशी रखने की प्रथा को गलत मानते हुए सचिवों से सारा कार्य खुद करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी को भी सिर्फ निगरानी ही नहीं बल्कि सचिवों के द्वारा किये जा रहे कार्य की जांच करने बाद उसकी रिपोर्ट निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ विकास कार्य में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता की शिकायत पर सामग्री की जांच भी डीपीआरओ अपने स्तर से कराएंगे। डीपीआरओ वाचस्पति झा ने बताया कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों के परिवार के सदस्यों की किसी फर्म से सामग्री खरीद का कोई प्रावधान नहीं है। यदि पंचायत निधि से होने वाले कार्य का भुगतान प्रधान या सचिव के परिवार के सदस्य की किसी फर्म को होना पाया जाता है तो किए गए भुगतान की वसूली ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से की जाएगी। डीपीआरओ ने बताया कि संबंधित फर्म स्वामी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## चौधरी साहब को भारत रत्न मिलने पर जताया हर्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** युवा राष्ट्रीय लोकदल रुहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट ने किसानों के मसीहा भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

यह सम्मान देश के किसान-मजदूर, दलित, वंचित एवं शोषित वर्ग के लोगों को मिला है, जिनके उद्धार के लिए चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन समर्पित रहा। यह सम्मान देश के लहलहाते खेत-खलिहानों को मिला है, जहां चौधरी साहब की आत्मा बसती थी। अजीत सिंह ने कहा कि जो उचित सम्मान किसानों, मजदूरों और उनकी विचारधाराओं का केंद्र सरकार ने किया है। हम सभी राष्ट्रीय लोकदल रुहेलखंड क्षेत्र के कार्यकर्ता व पदाधिकारी केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं और बधाई देते हैं।

### वेलेंटाइन वीक के तीसरे दिन प्रेमी जोड़ों ने उत्साह के साथ मनाया चॉकलेट डे

## एक-दूसरे को चॉकलेट देकर घोली रिश्तों में मिठास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


चाकलेट डे पर अपने प्रियजन को देने के लिए उपहार पसंद करता युवक। ● अमृत विचार


दुकान पर रखे टेडी बियर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** वेलेंटाइन सप्ताह का तीसरे दिन चॉकलेट डे के रूप में मनाया गया। लोगों ने अपने प्रिय को चॉकलेट देकर रिश्तों में मिठास घोली। चॉकलेट के माध्यम से इजहार ए इश्क किया गया। प्रेमी जोड़ों और दोस्तों ने एक दूसरे को चॉकलेट देकर अपने रिश्तों में मिठास घोली।

वेलेंटाइन सप्ताह के तीसरे दिन मनाया जाने वाला ये दिवस प्यार करने वालों के लिए अहम है। रिश्ते में भी मिठास जरूरी है। चॉकलेट रिश्ते में मिठास घोलती है। इसका सेवन रिश्ते की सेहत पर भी असर करता है। रामगंगा विहार निवासी साहिल ने कहा कि यह दिन अपनों के लिए खास है। मेरे लिए सबसे प्यारी मेरी मां हैं। मैंने उन्हें ही चॉकलेट दी। जिससे हमारे प्यार हमेशा ऐसा ही बना रहे। बुद्धि विहार निवासी राहुल ने कहा कि मेरी शादी को करीब 5 साल हो गए हैं। मैंने लव मैरिज की थी। यह सप्ताह में पत्नी के साथ रोज शाम को कहीं घूमने जाता हूं और हर दिन को त्योहार की तरह मनाता हूं। वहीं खुशहालपुर निवासी रोहित ने कहा कि मेरी शादी घरवालों के मर्जी से हुई थी। इसलिए मैंने अपनी पत्नी को इन दिनों में खास महत्व देता हूं। यह दिन हमारे लिए काफी खास हैं।

### आज मनेगा टेडी डे

टेडी डे पर लोग अपने प्रियजनों को स्नेह और भावनात्मक समर्थन के प्रतीक के रूप में नरम और मनमोहक टेडी बियर उपहार में देते हैं। टेडी डे बचपन की मासूमियत और खुशी को संजोने और प्यार और देखभाल किए जाने के एहसास को अपनाने की याद दिलाता है।

## धूप निकलने से बढ़ा तापमान, सुबह-शाम गलन

### अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा, घरों की छत और पार्कों में धूप सेंकते दिखे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


दोपहर में धूप खिलने पर कुछ इस तरह से निकले लोग। ● अमृत विचार


रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते यात्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** इन दिनों सुबह से ही धूप निकलने से ठंड में राहत मिल रही है। लेकिन, सुबह शाम गलन बरकरार है। धूप निकलने से अधिकतम तापमान भी बढ़ा है।

शुक्रवार को भी सुबह से ही धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। लोगों ने धूप में समय बिताया। दोपहर में अधिकतम तापमान बढ़कर 19 डिग्री सेल्सियस हो गया। जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 52 प्रतिशत रही। 6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली। हालांकि सर्द हवा चलने से सुबह और शाम को गलन व शीतलहर का असर रहा। लेकिन, दोपहर में तापमान बढ़ने से लोगों को और राहत मिली। आगामी दिनों में अधिकतम तापमान और बढ़ेगा। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के सेवानिवृत्त प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि हवा और शीतलहर से गलन बरकरार है। अब मौसम साफ रहेगा। बारिश नहीं होगी। आगामी दिनों में रात का तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ेगा। जिससे गलन कम होने लगेगी। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ.रामप्रकाश का कहना है कि फिलहाल अभी ठंड खत्म होना मानकर न चलें। सावधानी बरतने की जरूरत है।

#### मौसम

- अब मौसम रहेगा साफ, बारिश की कोई संभावना नहीं
- बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे चिकित्सक

## मौसम साफ होते ही समयबद्ध हो गईं लंबी दूरी की ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम साफ होते ही कोहरे से प्रभावित ट्रेनें समय की पटरी पर आ गईं। लंबी दूरी की 80 प्रतिशत से अधिक ट्रेनें समय से स्टेशन पहुंचीं और समय से रवाना हुईं। मंडल मुख्यालय से होकर गुजरने वाली कुल चार ट्रेनें ही घंटे से तीन घंटे देरी से आईं। डाउन दिशा की सद्भावना, दून एक्सप्रेस, कर्मभूमि और गंगा-सतलुज एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित हुआ। रेलवे परिचालन विभाग का दावा है कि कोहरा का मौसम समाप्त होने के बाद मंडल ट्रेनों के समयबद्ध संचालन का मानक स्थापित करेगा। मुरादाबाद से गाजियाबाद सेक्शन की गति बढ़ा दी गई है। मुरादाबाद से लखनऊ के बीच ट्रेनों को 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाया जा सकेगा। कोहरा मौसम के बाद मार्च माह में रास्ते का कॉशन हटा लिया जाएगा। जल्द ही दिल्ली-लखनऊ रूट पर तेज गति की ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। बरेली स्पेशल ट्रेन, इंटरसिटी और चंदौसी स्पेशल ट्रेन को निर्धारित समय से रवाना किया गया। काफी दिनों बाद इन ट्रेनों के समय से चलने से यात्रियों ने राहत का अनुभव किया। दिल्ली की ओर से जाने वाली सद्भावना, पुरबिया एक्सप्रेस, नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, अमृतसर मेल, जनता एक्सप्रेस, गाजीपुर से कटरा के बीच चलने वाली माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, अमरनाथ, देहरादून मेल और बेगमपुरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस रिकार्ड समय से स्टेशन पहुंची और रवाना की गई।

## दिल्ली में ट्रेन मैनेजर की मौत से कर्मियों में गुस्सा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** दिल्ली के सेंट्रल हॉस्पिटल में ट्रेन मैनेजर अनूप सागर की मृत्यु से रेल कर्मचारियों में गुस्सा है। नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने मौत के लिए चिकित्सक को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप लगाया है कि उपचार के दौरान की लापरवाही के कारण कर्मचारी की जान चली गयी।

शुक्रवार को संगठन की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में इस मामले को लेकर रोष व्यक्त किया गया। सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद ने अनूप सागर की मौत की जांच की मांग की। संगठन की ओर से सीएमएस और सीनियर डीओएम को ज्ञापन सौंपा गया। मंडल मंत्री राजेश चौबे मंडल रेल प्रबंधक को प्रकरण की जानकारी दी गयी। संचालन मंडल उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता ने किया। श्रद्धांजलि सभा में स्टेशन शाखा के मंत्री आईवन एडिशन, गार्ड गौतम सिंह, संजय वर्मा, रोहित शर्मा, विशाल अरोड़ा, अवधेश, वीरेंद्र सिंह यादव, नेत्रपाल,आनंद, विनय पाल, तनुज बोरा, गौरव कुमार, महेंद्र सिंह, अतुल आकाश, अक्षय जैन, रोहित शर्मा, विशाल अरोड़ा, विकास अरोड़ा, अवधेश कुमार, कैलाश गौतम, संजय वर्मा, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।


पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ कोच सर्वेश सिंह। ● अमृत विचार

## भारोत्तोलन स्पर्धा में मंडल के खिलाड़ियों ने जीते 9 गोल्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल की ओर से बरेली में भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें मंडल के 9 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर मंडल का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 8 और 9 फरवरी को हुआ। इसमें मंडल की ओर से खेलते हुए मुरादाबाद के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। कोच सर्वेश सिंह ने बताया कि 59 किलो सब जूनियर वर्ग में अन्य कश्यप ने, 49 किलो में जूनियर वर्ग में खुशी ने, 64 किलो में तान्या कश्यप ने, 64 किलो सीनियर वर्ग में प्रीति ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जबकि बालक सीनियर वर्ग 61 किलो भार वर्ग में सुमित शर्मा, 67 किलो में कन्हैया और जूनियर में 67 किलो भार वर्ग में पृथ्वी, सब जूनियर 73 किलो भार वर्ग में अमन सती और सीनियर वर्ग में 81 किलो भार वर्ग में शाने आलम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा सीनियर वर्ग 55 किलो भार वर्ग में सुमित ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

## इलाज से पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है कुष्ठ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देते जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. भास्कर अग्रवाल।

- जन्मजात नहीं है कुष्ठ रोग, समय से कराएं इलाज
- प्रभा देवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचारः** प्रभा देवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या शशि आर्य ने कहा कि कुष्ठ रोग कुष्ठ रोगी के साथ बैठने से नहीं फैलता है।

उन्होंने कहा कि बल्कि ऐसा मरीज जिसने कभी इलाज नहीं लिया है उसके श्वास कणों के माध्यम से दूसरे व्यक्ति के शरीर में जाता है। दूसरे व्यक्ति के शरीर में यदि रोग से लड़ने की क्षमता बहुत कम है तब केवल वह रोग दूसरे व्यक्ति के शरीर में फैल सकता है। इसलिए कुष्ठ रोग से घृणा करें कुष्ठ रोगी और उसके परिवार का सम्मान करें। जिससे कुष्ठ रोगियों को मुख्यधारा में लाया जा सके और उन्हें भी समाज में समान सम्मान प्राप्त हो सके। जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डा. भास्कर अग्रवाल ने छात्राओं को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अगर कुष्ठ रोग जन्मजात रोग नहीं है कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति सामान्य वैवाहिक जीवन व्यतीत कर सकता है। उससे यह रोग उसके बच्चों में जाने की संभावना नहीं है 2 वर्ष तक के बच्चे में इस रोग के होने की संभावना नहीं होती है। अतः जन जागरुकता की आवश्यकता है जिसे छात्राएं आसानी से समाज के बीच पहुंचा सकती हैं। इस अवसर पर अंशु रानी व अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## आरटीई के तहत प्रवेश को 18 तक आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** आरटीई के तहत ऑनलाइन लिए जा रहे आवेदनों की लॉटरी 26 फरवरी को होगी। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का प्रवेश निजी स्कूलों में कराया जाता है। इस योजना के तहत पहले चरण के आवेदन 20 जनवरी से शुरू हुए जो 18 फरवरी तक अभिभावकों की ओर से किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश के लिए अपर जिला अधिकारी नगर नोडल अधिकारी बनाया है। डीआईओएस, बीएसए और सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट को सदस्य बनाया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार आरटीई के तहत निशुल्क शिक्षा के लिए शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए प्रथम चरण में आवेदन की लाटरी 26 फरवरी को होने के बाद छह मार्च तक प्रवेश कराया जाएगा।

## स्कूलों की मनमानी रोकने को ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुरादाबाद पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल के पदाधिकारियों ने सत्र 2024-25 के लिए निजी स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताया की शैक्षिक सत्र 2022-23 में 12 प्रतिशत एवं 2023-24 में भी 12 प्रतिशत की दर से फीस बढ़ोतरी की गई थी। इस प्रकार कुल 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी दो सालो में हो चुकी है।

जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि सत्र 2024-2025 के लिए नर्सरी से कक्षा 8 तक की पुस्तकों में कोई बदलाव न हो। सत्र 2024-25 में स्कूलों द्वारा जो पुस्तकें लगी है वो किसी चुनिंदा पुस्तक विक्रेता के स्टोर पर ही न मिले। सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा 9 से कक्षा 12 तक केवल एनसीईआरटी पुस्तकों से ही स्कूलों में पढ़ाई कराई जाए और जो पुस्तकें एनसीईआरटी के द्वारा नहीं छापी जाती है केवल वही विषय की साइड बुक्स स्कूलों द्वारा लगाई जाएं। बताया के पूर्व में दिये गए पत्रों पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कई जांच समितियां गठित की गई। जिसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से भी प्राप्त हुई थी, जांच में सभी स्कूल दोषी पाए गए थे। परंतु किसी भी स्कूल पर कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई है। बताया की स्कूलों द्वारा केवल तिमाही फीस जमा करने का विकल्प दिया जाता है। इस मौके पर अनुज गुप्ता, अंकित अग्रवाल, राजदीप गोयल, कुमार रोबिन, स्वाति अग्रवाल, प्रतीक गोयल, राजेश कुमार, आवरण अग्रवाल आदि अभिभावक मौजूद रहे।

## छात्राओं ने स्पोर्ट्स मीट में दिखाया दम

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** वार्षिक परीक्षाओं के मानसिक तनाव को दूर करने के उद्देश्य से शुक्रवार को आरआरके इंटरेक्ट क्लब की ओर से छात्राओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

खेलों के प्रति रुचि दिखाते हुए सभी छात्राओं ने खेलों को जमकर खेला व प्रतियोगिताओ में एक दूसरे को हराने की भरपूर कोशिश भी की। इन खेल प्रतियोगिताओं में लेमन रेस, बैलून रेस, 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, क्रिकेट, वालीबॉल, बास्केटबॉल आदि मुख्य रहे। क्रिकेट में कक्षा 10 सी की टीम ने बाजी मारी, तो वालीबॉल में कक्षा 9 सी और बॉस्केटबॉल में 10 सी की टीम ने बाजी मारी।

#### सुविधा

### निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत नगर संसाधन केंद्र पर स्थापित हुई लैब

## आईसीटी लैब में तकनीकी रूप से दक्ष होंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


लैब के उद्घाटन के बाद जानकारी लेते एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** निपुण भारत मिशन में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों के बच्चों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए नगर संसाधन केंद्र पर स्थापित आईसीटी लैब का उद्घाटन शुक्रवार को सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार ने फीता काटकर किया।

एडी बेसिक शिक्षा ने कहा कि शिक्षा में तकनीकी के बढ़ते उपयोग और उसकी आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक आईसीटी लैब स्थापित कराई है। जिससे सरकारी स्कूलों के बच्चे भी तकनीकी और संचार साधनों की शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने इसके लाभ भी बताए। कहा कि इस लैब में संचार संसाधनों के माध्यम से बच्चों के सीखने की समझ विकसित कराई जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों और शिक्षकों से इस प्रयोगशाला का का प्रयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की अपील की। खंड शिक्षाधिकारियों से हर जूनियर हाईस्कूल में आईसीटी का पीरियड बनाने और बच्चों को लैब में लाकर तकनीकी शिक्षा दिलाने का निर्देश दिया। नगर शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर इकाई के अध्यक्ष राकेश कौशिक, राहुल शर्मा, नीतू सिंह, रोशनी वर्मा, विनीता सिंह, प्रतिमा कुमारी, विष्णु भारद्वाज सहित काफी संख्या में स्कूलों के बच्चे मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से शुक्रवार को दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता व गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से डॉ. अतुल चौहान व आकाश जोशी अतिथि के रूप में शामिल हुए। संयोजक पर्यावरण मित्र समिति के महामंत्री केके गुप्ता रहे। प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रस्तुतियां दीं। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाए जाने और वर्तमान में वनों की कटाई को रोकने के लिए जागरूक किया गया। डॉ. अतुल चौहान द्वारा प्रदूषण के प्रकार और कम करने के उपायों पर प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया कश्यप, द्वितीय हंषिका और तृतीय वंशिका रहीं। प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह ने छात्राओं की हौसला अफजाई की।

## गाटा संख्या और दरें देखने पहुंचे किसान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


एमडीए कार्यालय में अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की गाटा संख्या व दरें देखते किसान।

**अमृत विचारः** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा 11 गांवों की भूमि को अधिग्रहण किया गया है। जिसमें डिडोरा, डिडोरी, खदाना, मलकद्दा चौधरपुर, रसूलपुर सुनवाती, सोनकपुर देहात, भोगपुर मिठौनी, सलेमपुर बंगर व भीमाठेर समेत 11 गांवों की भूमि के अधिग्रहण को शासन स्तर पर मंजूरी मिल जाने के बाद मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों की भूमि के भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्राधिकरण कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर गाटा संख्या और भूमि की दरों को चस्पा किया गया है। किसान लगातार प्राधिकरण कार्यालय पहुंच रहे है और अपनी भूमि की दर को देख रहे हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार का कहना है कि हम महानगर की जनता को एक नया शहर देने जा रहे हैं। नया शहर बसाने से पहले भूमि की खरीद की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। फिलहाल डिडोरा और डिडोरी में ग्राम पंचायत की भूमि के गाटा संख्याओं को क्रय किया जाएगा। इस लिए दोनों गांव के जो भी गाटा संख्या हमारी योजना में आ रहे हैं। उन सभी नंबरों के रेट की सूची चस्पा करा दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों से लगातार अपील की जा रही है कि आपसी सहमति के अनुसार भूमि को खरीद कर रहे हैं। प्राधिकरण की इस नीति को लेकर किसान लगातार प्राधिकरण कार्यालय पर पहुंच रहे हैं और अपने भूमि के मामले पर वार्ता भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा जो दरें हमें बताई गई है। उसका चार गुना मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिया जा रहा है। चार गुना जमीन का रेट मिलने से किसानों में भी उत्साह है।

## शहर में आज

- डीपीजीएस में फुटबाल मैच सुबह 10 :00 बजे।
- काली माता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6 :00 बजे।

## एक नजर

### 16 निजी केंद्रों पर निशुल्क होगा गर्भवती का अल्ट्रासाउंड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को मुफ्त अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा देने के लिए जिले में 16 नए केंद्र पंजीकृत किए गए हैं। एनएचएम के डीपीएम रघुवीर सिंह ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की निशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच अब जनपद के 16 निजी केंद्रों पर होगी। जिसमें महानगर के टीएमयू, शशिप्रभा, कलरव, धन्या, शर्मा, जनता, कांठ में श्रीसाईं, कांठ डायग्नॉस्टिक, ठाकुरद्वारा में जौहरी, जीवन ज्योति, बिलारी में सरला, नेरोमैड, डिलारी में जेके, बालाजी, कुंदरकी में दिव्य, भोजपुर में भारत अल्ट्रासाउंड केंद्र पर निशुल्क जांच की जाएगी।

# दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 10,000 रुपये का अर्थदंड भी कोर्ट ने लगाया

**अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-10 योगेंद्र चौहान ने शुक्रवार को अभियुक्त रोहित पुत्र कुंवरपाल के विरुद्ध 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। निर्देश दिए हैं कि अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई अवधि इस दंडादेश में समायोजित होगी। दोष सिद्ध अभियुक्त मुरादाबाद जेल में निरुद्ध है। दोषसिद्ध अभियुक्त कटघर थाना क्षेत्र के भदौड़ा होली चौक का रहने वाला है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार कश्यप ने बताया कि अभियुक्त ने पीड़िता से दुष्कर्म किया था। घटना 13 मई 2022 को कटघर थाना क्षेत्र में हुई थी। इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर कटघर थाना पुलिस मामला दर्ज किया था। आरोप था कि युवती के माता-पिता घर पर नहीं थे और अभियुक्त ने मौका पाकर युवती को बहला-फुसला कर भगा ले गया था। इस मामले में युवक के बारे में युवती की छोटी बहन ने माता-पिता के घर लौटने पर उन्हें बताया था। जिस पर पीड़िता की मां ने बेटी के अपहरण के मामले में अभियुक्त रोहित के विरुद्ध कटघर थाने में मामला दर्ज कराया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान अपहृत युवती की बरामदगी और फिर उसके मजिस्ट्रेट के सामने बयान हुए थे। इसमें दुष्कर्म की भी पुष्टि हुई थी। जिस पर अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने पूर्व में दर्ज एफआईआर दर्ज दुष्कर्म से संबंधित धारा की वृद्धि की थी। केस डायरी का न्यायालय में अवलोकन किया गया था। अभियुक्त रोहित के विरुद्ध अपराध का पर्याप्त आधार पाते हुए न्यायालय ने मामले का संज्ञान लिया था।

## 12 व 13 को होंगे हॉकी के मंडल स्तरीय ट्रायल्स

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में 12 और 13 फरवरी को जूनियर बालक हॉकी की मंडलीय टीम के लिए ट्रायल्स होंगे। इसमें चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रदेश स्तरीय जूनियर हॉकी बालक प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 22 फरवरी तक गोरखपुर में होगा। इसके लिए मंडल स्तरीय टीम का चयन होना है। जिसके लिए स्टेडियम में 12 फरवरी को जनपद और 13 फरवरी को मंडल स्तरीय ट्रायल्स होंगे। इसमें चयनित खिलाड़ी मंडल स्तरीय टीम के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाणपत्र, आधार कार्ड व जन्मतिथि प्रमाणपत्र सक्षम स्तर से निर्गत एवं प्रमाणित होने चाहिए।

### जिला इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा में कानूनी पहलुओं पर चर्चा

# एमएसएमई में व्यापारी को 15 दिन में भुगतान जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा में आयकर के कानूनी पहलुओं पर चर्चा हुई। सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को लेकर विस्तार से बातें समझायीं गईं। शुक्रवार को आयकर भवन कार्यालय के बार कक्ष में दोपहर बाद चर्चा आयोजित की गई।

अधिवक्ता राजीव कुमार रस्तोगी ने कहा, एमएसएमई में पंजीकृत निर्माता-व्यापारी को वित्तीय वर्ष 2023-2024 का भुगतान 15 दिन के अंदर करना अनिवार्य है। अगर क्रेता- निर्माता विक्रेता में अनुबंध है तो भुगतान की अधिकतम अवधि डेढ़ माह यानी 45 दिन हो सकती है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने गुड्स ट्रांसपोर्ट एजेंसी और इनकम टैक्स के डिस्कार्ड रिटर्न की जानकारी दी। अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंघल ने बताया कि यदि एमएसएमई में पंजीकृत निर्माता-व्यापारी को समय सीमा में भुगतान नहीं हुआ तो क्रेता-व्यापारी को इसकी क्षति उठानी होगी। समय से जितना भी भुगतान नहीं किया जायेगा, वह-क्रेता व्यापारी की आय में जोड़ दिया जायेगा। दिनेश चंद्र गुप्ता (अधिवक्ता) ने आयकर देनदारी की कानूनी बारीकियां समझाईं। आम सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता उपदेश चंद्र अग्रवाल को दी उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन जोन का कन्वीनर बनाया गया। संगठन के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अतुल सक्सेना तथा अध्यक्षता अरविंद कुमार सिंघल ने की। अधिवक्ता दिनेश चंद्र गुप्ता, शाहिद हुसैन, विकास गोयल, हरिशंकर पाल, आदित्य शर्मा, दीपक अग्रवाल, प्रवीन रावत, सौरभ कपूर, इलियास अहमद, शावेज मलिक, गौरव गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।


डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## जानलेवा हमले में फरार आरोपी को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मारपीट और जानलेवा हमले का आरोपी मुकीम दो महीने से फरार चल रहा था। इसे शुक्रवार को मूंढापांडे थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि दलपतपुर निवासी जुनैद ने आठ दिसंबर को मारपीट और जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया था। बताया था कि गांव वीरपुर निवासी मुकीम ने उनके घर के बाहर आवाज लगाकर मुबारक के घर का पता पूछा था। उसके साथ दो और व्यक्ति थे। आवाज सुनकर दरवाजा खोलने पर मुकीम और उसके साथी घर के अंदर आ गए थे। आरोपियों ने जुनैद से कहा था कि तुम मुबारक का साथ देते हो। आरोपियों ने जुनैद के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। बीच-बचाव करने पर पत्नी दिलवरी को भी पीटा था। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग गए थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को आरोपी मुकीम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# महानगर में ड्रोन कैमरों से हुई निगरानी

### मुगलपुरा में जामा मस्जिद चौराहे पर तैनात रही पुलिस-पीएसी, डटे रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में गुरुवार को हुई घटना के मद्देनजर जिले की पुलिस पूरी तरह से चौकन्नी नजर आई। आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया और उपद्रव की सोचने वालों के बीच कानून का भय पैदा किया। मस्जिद के आसपास पुलिस की सक्रियता रही।

शुक्रवार को नमाज और उसके बाद मस्जिद से निकलने वाले लोगों की एक-एक गतिविधि पर पुलिस की नजर थी। दोपहर दो बजे तक पुलिस मस्जिद के आसपास रही। महानगर में मुगलपुरा क्षेत्र में जामा मस्जिद चौराहे पर एक प्लाटून पीएसी के जवान भी मुस्तैद थे। खुद एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट विनय सिंह, सीओ कोतवाली अपेक्षा निबांडिया भी जामा मस्जिद चौराहे पर उपस्थित थे। थानाध्यक्ष मुगलपुरा मनोज कुमार पुलिस बल के साथ सुरक्षा में लगे थे।

ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई। एसपी सिटी ने बताया कि हल्द्वानी में हुई घटना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी अलर्ट जारी था। इसलिए भी पुलिस ने हर बिंदु पर समीक्षा करते हुए आमजन को सुरक्षा दी है। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, यह जिम्मेदारी भी पुलिस की है। सभी नमाजियों को सुरक्षित माहौल दिया गया और जुमे की नमाज अदा कर लोग अपने घरों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पूरी सुरक्षा के साथ लौटे हैं। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड के बॉर्डर वाले थाने ठाकुरद्वारा और भगतपुर थाने की पुलिस को विशेष चौकसी के निर्देश दिए गए थे। गुरुवार शाम से ही बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग शुरू हो गई थी, जो शुक्रवार अपराह्न तक चलती रही। सोशल मीडिया पर भी पुलिस टीमें निगरानी कर रही थीं।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पुलिस को अलर्ट किया गया था। सभी थाना प्रभारी और सीओ को निर्देशित किया गया था कि वह अपने-अपने क्षेत्र में फोर्स के साथ गश्त करेंगे। चौराहा-तिराहा पर बेवजह खड़े होने वाले लोगों से पूछताछ की गई। ठाकुरद्वारा और भगतपुर पुलिस ने उत्तराखंड से आने-जाने वालों वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने संदिग्ध लगने वाले लोगों के पहचान पत्र भी जांचे। सिविल लाइंस, कटघर, मझोला, भोजपुर, डिलारी, मूंढापांडे, कोतवाली, गलशहीद, पाकबड़ा, छजलैट, कांठ की पुलिस क्षेत्र में दिन भर गश्त करती रही और वाहनों व उसमें सवार लोगों की भी चेकिंग हुई।


जामा मस्जिद चौराहे पर फोर्स के साथ खड़े एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया। ● अमृत विचार

## एजेंट से मारपीट कर छीने तीन लाख रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डींगरपुर में प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट और उसके दो साथियों के साथ मारपीट और कलेक्शन के तीन लाख रुपये छीनने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में पीड़ित पक्ष ने संबंधित चार आरोपियों के खिलाफ मैनाठेर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित पक्ष के विक्की श्रीवास्तव मझोला थाना क्षेत्र में लाइनपार सरिता नगर के रहने वाले हैं। इनका कहना है कि वह प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट हैं। गुरुवार को डींगरपुर में कलेक्शन के लिए अपने साथी के साथ गए थे। उनका डींगरपुर के नसीम से फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोपी नसीम, आफताब पठान, मोहम्मद आजिम और अज्ञात के साथ गाली-गलौज करने लगे थे। विरोध किया तो आरोपी लाठी-डंडे से उनके और उनके साथियों के साथ मारपीट करने लगे थे। मारपीट में विक्की श्रीवास्तव और उसके एक साथी घायल हुए हैं। विक्की का आरोप है कि आरोपियों ने उनसे इंश्योरेंस के कलेक्शन धनराशि करीब तीन लाख रुपये छीन ली है। मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

# साइबर सुरक्षा किसी विशेष बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** हिंदू कालेज में समाजशास्त्र विभाग और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से शुक्रवार को साइबर सुरक्षा और भारतीय समाज अवधारणा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। इस अवसर पर डीआरडीओ के निदेशक डॉ. एसएस किरार ने कहा कि साइबर सुरक्षा किसी विशेष बैंकिंग क्षेत्र से ही संबंधित नहीं है। बल्कि, इसका क्षेत्र काफी व्यापक है। ब्रेन ड्रेन के तहत यहां के बेहतरीन दिमाग जो देश के बाहर चले जाते हैं, उनका प्रयोग साइबर परिधि को तोड़ने में किया जाता है। ऐसे में उन्होंने राष्ट्र व राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखने के लिए कहा।

जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के प्रो. मनोज कुमार जेना के अनुसार साइबर स्पेस मानवीय जीवन का एक अभिन्न अंग है। मोबाइल और कार को महत्वपूर्ण अन्वेषण बताया। युवाओं को मोबाइल के माध्यम से अपनी सुरक्षा के बारे में जानने पर भी विचार करना चाहिए। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से डॉ. सुमित गिल कहा कि किसी से भी अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचें। इसके लिए एक फोन जो बैंकिंग के लिए प्रयोग हो और दूसरा अन्य काम के लिए होना चाहिए, जिससे व्यक्ति का डाटा सुरक्षित रहे। हिंदू कालेज के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा कि डाटा एक संसाधन है, जो कार्पोरेट समाज द्वारा निर्देशित व नियंत्रित होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कालेज के प्रो. डॉ. अरविंद चौधरी ने कहा कि साइबर दुनिया का एक ही नियम है, ज्ञान प्राप्त किया जाए। इसके लिए आंकड़ों पर निर्भरता जरूरी है। दयाल सिंह कालेज के प्रो. विजय कुमार वर्मा ने कहा है कि तकनीक व बाजार को नियमित नहीं किया जा सकता। इस दौरान डॉ. डीपीएस तोमर, समाजशास्त्र विभाग के प्रो. रमाकांत ठाकुर, डॉ. चंद्रजीत कुमार यादव, डॉ. अरुण कुमार वर्मा, डॉ. जावेद अंसारी, डॉ. आलोक यादव, डॉ. विवेक कृष्ण, डॉ. बृजेश तिवारी आदि मौजूद रहे। संगोष्ठी में आनलाइन माध्यम से 33 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

# एडीआरएम ने रनिंग रूम की जांच की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रनिंग रूम की साफ-सफाई पर दिया जोर, टूटी फर्श की मरम्मत कराने के निर्देश

**अमृत विचार:** रेलवे के क्रू मेंबर्स (चालक, गार्ड) की विश्राम सेवा के रनिंग रूम की जांच की गयी। प्रवर मंडल रेल प्रबंधक ने संरक्षा, विद्युत, परिचालन विभाग के प्रमुखों के साथ निरीक्षण किया। चालक और गार्ड से बात की और विश्राम की सेवाओं को लेकर जिम्मेदारों को सतर्क किया।

अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) राकेश कुमार ने रनिंग रूम के निरीक्षण में टूट-फूट देखी। निर्देश दिया कि फर्श की मरम्मत कर दी जाये। प्रतिदिन नियमित रूप से साफ-सफाई की जाये। रनिंग स्टाफ के लिए तैयार किये जाने वाले खान पान में पूर्ण रूप से स्वच्छता रखी जाये। एडीआरएम ने रनिंग रूम में गाड़ी संचालन के लिए विश्राम कर रहे गार्ड एवं लोको पायलट से सीधी बात की। बताया कि पूर्ण विश्राम के बाद ही गाड़ी का पूर्ण संरक्षा एवं सुरक्षा के साथ संचालन किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सामान्य) सचिन कुमार, अभियंता (परिचालन) दिनेश कुमार एवं सहायक मंडल अभियंता जेपी सिंह उपस्थित रहे। रेल मंडल के पीआरओ अभिषेक दीक्षित ने बताया कि मंडल के अधिकारियों की ओर से प्रत्येक तीन माह में रनिंग रूम, मुरादाबाद एवं रोजा का निरीक्षण किया जाता है।


स्टेशन पर रनिंग रूम का निरीक्षण करते प्रवर मंडल रेल प्रबंधक राकेश सिंह व अन्य।

## मिलन विहार में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान की ओर से शुक्रवार को मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा निशुल्क की जाएगी। टीम हर संभव प्रयास करेगी कि सभी को बेहतर नेत्र चिकित्सा मुहैया कराएं। बुजुर्गों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी किया जाएगा। आश्रम के कर्मचारियों ने माला पहनाकर एवं उपहार भेंट करके ट्रस्टी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह ने किया। शिविर में संस्थान के आउटरीच मैनेजर सत्य प्रकाश शर्मा, को-ऑर्डिनेटर शान ए आलम एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# महिला बंदी रक्षकों को कराया सुरक्षा का अहसास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कारागार में महिला बंदी रक्षकों और अधिकारियों को लैंगिक उत्पीड़न प्रतिषेध अधिनियम के प्रति उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरनबाला व संयुक्त निदेशक अभियोजन चंद्रप्रकाश मणि त्रिपाठी ने उनको सुरक्षा का अहसास कराया। उन्हें यौन उत्पीड़न के विरुद्ध कानून के संबंध में बारीकियों की जानकारी दी।

जेल महिला सुरक्षाकर्मी समिति का गठन भी किया गया। इसमें डिप्टी जेलर सर्वेश कुमारी को अध्यक्ष नामित किया गया है, जबकि वरिष्ठ महिला कर्मी और एनजीओ की एक प्रतिनिधि को भी समिति में नामित किया गया है। यह चार सदस्यीय समिति किसी भी महिला कर्मी से हुए अपराध के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करेगी। एडीजे किरनबाला ने बंदी रक्षकों से कहा कि उनके प्रति कोई भी अपराध हो, उसे छिपाएंगी नहीं बल्कि समिति के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया जाना जरूरी रहेगा। अभियोजन अधिकारी ऋचा गुप्ता व राजेश यादव ने जेल की महिला कर्मियों को बताया कि उनकी सुरक्षा के लिए ही अधिनियम प्रभावी है। जिसके बारे में उन सब को जानना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आधी आबादी की सुरक्षा की दृष्टि से ही सरकार ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनयम 2013 लागू कर रखा है। अभियोजन अधिकारी ने कहा कि कार्यस्थल चाहे सरकारी हो या गैर सरकारी, वहां कार्य करने वाली हर महिला को यह अधिनियम सुरक्षा प्रदान करने वाला है। यदि दोषी व्यक्ति सरकारी कर्मी है तो उसके विरुद्ध सजा, अर्थदंड के साथ उसकी सेवा पुस्तिका पर संबंधित मामले की इंट्री अंकित की जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक पवन प्रताप सिंह, डिप्टी जेलर अनमिता भी थीं। कार्यक्रम का संचालन जेलर मृत्युंजय कुमार पांडेय ने किया।


जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते संयुक्त निदेशक अभियोजन चंद्रप्रकाश मणि त्रिपाठी।

### यह भी है लैंगिक उत्पीड़न

अधिकारियों ने महिला कर्मियों को समझाया कि अपराध विभिन्न तरह से हो सकते हैं जैसे इशारेबाजी करना, कोई अनुचित फोटो दिखाना या इशारे से अशोभनीय टिप्पणी करना अथवा पुरुष द्वारा आपस में किसी महिला कर्मी के बारे में यौन उत्पीड़न संबंधी वार्ता करना आदि हैं।

**बोर्ड परीक्षा** — भूत, भविष्य व वर्तमान काल के बीच के अंतर की जानकारी होना आवश्यक

# महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर का लिखकर करें अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** अंग्रेजी परीक्षा से पहले अक्सर विद्यार्थियों में भय बना रहता है। खासकर यूपी बोर्ड के विद्यार्थी अंग्रेजी परीक्षा को लेकर परेशान रहते हैं। शिक्षकों का कहना है कि परीक्षा की तैयारी पूरी गंभीरता से करें। प्रश्नों के उत्तर को लिखकर अभ्यास करें। कॉम्प्रिहेंसिव पैसेज को ध्यान से पढ़ने के बाद ही प्रश्नों का उत्तर दें।

हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के शिक्षक जगदीश चंद्रा ने बताया कि भूत, भविष्य व वर्तमान काल के बीच के अंतर और उसमें प्रयोग होने वाली क्रिया की जानकारी बहुत जरूरी है। बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों का शब्द कोष मजबूत हो तो कभी कोई समस्या नहीं होगी। व्याकरण के लिए काल को भली-भांति पढ़ लें। इससे ट्रांसलेशन में भी फायदा पहुंचता है। अपठित गद्य का उत्तर देने से पहले कम से कम दो बार पढ़ें। अच्छी तरह पढ़ने के बाद 80 फीसदी प्रश्नों का उत्तर उस गद्यांश से मिल जाएगा। कहा कि पत्र, निबंध आदि लिखने से पहले उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं को लिख लें, जिससे कोई भी पॉइंट छूटे नहीं और आपका समय भी बर्बाद न हो। पॉइंट-टू पॉइंट लिखने की कोशिश करें, लंबा लिखने से बचें। अधिकतर छात्र इसी सब में उलझ जाते हैं, जिससे उनका समय खराब होता है।

### कॉपी में लिखावट हो साफ-सुथरी

परीक्षार्थी अक्सर यह भूल करते हैं कि पेपर तो पूरा लिखते हैं, लेकिन उनकी कॉपी में लिखावट साफ-सुथरी नहीं होती है, जिससे उन्हें इसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लिखने का अभ्यास करते रहें, जिससे पेपर के समय आपकी लिखावट में कुछ सुधार हो सके। मॉक टेस्ट या पिछले साल के पेपर्स को ज्यादा से ज्यादा सॉल्व करें। जिससे आपको आइडिया लगेगा कि किस तरह से सवाल पूछे जाते हैं। व्याकरण का विशेष ध्यान रखें और स्पेलिंग चेक कर लें। अगर आप पेपर के दौरान इन टिप्स को फॉलो करते हैं तो आपको इसका फायदा जरूर मिलेगा।

### तैयारी

- अंग्रेजी विषय में सैंपल पेपर से भी अभ्यास करें विद्यार्थी
- निबंध लिखने से पहले उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं को लिख लें

### व्याकरण पर ध्यान दें

अंग्रेजी का पेपर देते समय व्याकरण का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। पेपर में व्याकरण के सवाल जरूर आते हैं, लेकिन इसमें आपको अच्छे नंबर सिर्फ तभी मिलेंगे। जब आपका अभ्यास अच्छा होगा। जितने ज्यादा सैंपल पेपर हल करेंगे, नंबर उतने ही बेहतर आएंगे।

## हेपेटाइटिस की जांच को मेरठ भेजे जाएंगे सैंपल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित मरीजों को अब वायरल लोड जांच कराने के लिए मेरठ मेडिकल कॉलेज जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनका सैंपल जिला अस्पताल में ही लेकर उसे पार्सल के जरिये मेरठ मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। यह व्यवस्था जिला अस्पताल और डाक विभाग के बीच हुए अनुबंध से शुरू हो रही है।

इसकी जानकारी देते हुए जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमित मरीजों के वायरल की जांच का सैंपल मेरठ भेजने के लिए डाक विभाग से अनुबंध किया गया है। जल्द ही हेपेटाइटिस संक्रमित मरीजों के सैंपल डाक विभाग पार्सल के माध्यम से मेरठ मेडिकल कालेज पहुंचाएगा और मरीजों की जांच रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज से ऑनलाइन भेज दी जाएगी।

# मलबा उठाने में निगम बरत रहा सुस्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुध बाजार के सौंदर्यीकरण कार्य में अतिक्रमण हटाने के बाद वहां पड़ा मलबा न उठाने से अड़चन बनी है। कई भवनों को अतिक्रमण के दायरे में होने के चलते तोड़कर खंडहर कर दिया गया, लेकिन उसके कई हिस्से लटके होने से हादसे का अंदेशा बना है। वहीं दुकानों के बाहर मलबा होने से कारोबार प्रभावित हो रहा है।

बुध बाजार में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत स्मार्ट रोड नेटवर्क कार्य में बिजली के तारों के भूमिगतीकरण और खंभों को हटाने के साथ ही पुराने बाजार के सौंदर्यीकरण में अतिक्रमण भी बाधक बना रहा। नगर निगम ने इसे चिह्नित कर अतिक्रमण हटाने को जेसीबी चलाया। लेकिन बीच में व्यापारी संगठनों के विरोध और जन प्रतिनिधियों की दखल से मामला लटका। काम आगे बढ़ा तो कार्यदायी संस्थाओं की ढिलाई और लचर कार्यशैली से अड़चन पड़ी। जनवरी में काम पूरा करने की तत्कालीन नगर आयुक्त संजय चौहान ने डेडलाइन तय की थी। लेकिन अभी भी काम अधर में है। जबकि संजय चौहान का दूसरे जिले में स्थानांतरण भी शासन स्तर से हो गया। अभी भी सड़क किनारे पड़े मलबे से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। वहीं जिनके दुकानों के आगे मलबा पड़ा है उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। इसको लेकर व्यापारियों ने नाराजगी भी जताई थी। लेकिन स्थिति जस की तस बनी है।


बुध बाजार में सड़क पर पड़ा अतिक्रमण का मलबा। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कई मुहल्लों में चार घंटे बिजली आपूर्ति रही बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिना किसी फाल्ट के गुरुवार को महानगर के कई मोहल्लों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय लोगों के जानकारी करने पर बिजली कर्मचारियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गुरुवार की रात को अचानक मोहल्ला जामा मस्जिद में एक बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मोहल्ले के रहने वाले आसिफ हुसैन ने बताया कि रात दो बजे उठे तो बिजली गुल थी। मकबरा मोहल्ले के सब्जी विक्रेता रमेश सैनी ने बताया कि सुबह चार बजे बिजली गुल मिली। वहीं इंदिरा चौक मोहल्ले के राजेश गौतम का जूते बनाने का कारोबार है। जिसके लिए रात को मजदूर काम करते हैं। मजदूरों के अनुसार रात ठीक एक बजे बिजली आपूर्ति अचानक बंद हो गई। सुबह चार बजे आपूर्ति सुचारू की गई। पीर गैब मोहल्ले में भी रात में बिजली गुल रही। अधिशासी अभियंता वितरण खंड तृतीय प्रेम सिंह ने बताया कि चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही, इसकी शिकायत किसी नहीं की है। अगर बिजली गुल हुई है तो इसकी जानकारी की जाएगी।



दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाते संस्था के लोग। ● अमृत विचार

## शिविर में 14 दिव्यांगों को लगे कृत्रिम अंग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत लगे शिविर में 14 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए गए।

शुक्रवार को विकास भवन स्थित दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय के बाहर सुबह से ही दिव्यांगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। विभाग की ओर से 50 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ, पैर एवं कैलीपर्स लगाने के लिए 9 से 13 फरवरी तक चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को पहले दिन मात्र 14 दिव्यांग ही पहुंचे, जिन्हें कृत्रिम अंग लगाए गए। रूपा देवी, राजू सक्सेना, जलीस अहमद, अफसर अली आदि को कृत्रिम लगाए गए। शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विजय यादव की निगरानी में कृत्रिम अंग लगाए गए।

योजना का लाभ लेने वाले दिव्यांगजन अपना दिव्यांग प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, सरकारी चिकित्सक का उपकरण संबंधी प्रमाणपत्र एवं फोटो लेकर आएं अन्यथा योजना में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### बुद्धि विहार में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथामृत महोत्सव को दिया विश्राम, भंडारे का आयोजन

# दूसरे के कर्तव्य को अपना अधिकार मत समझो : रमेश ओझा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुद्धि विहार में चल रही कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें सबसे पहले पंडित रमेश भाई ओझा ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी का स्वागत शॉल ओढ़ा कर किया।

कथा व्यास ने बताया कि दूसरे के कर्तव्य को अपना अधिकार मत समझो। जिस प्रकार माता-पिता का कर्तव्य होता है अपने बच्चों का लालन-पालन करना भरण पोषण करना। बच्चों को उसे अपना अधिकार नहीं समझना चाहिए। सदैव सभी को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। धर्म का अर्थ गुण भी होता है धर्म का अर्थ कर्तव्य भी होता है। जिस प्रकार ग्रहों का राजा सूर्य को माना गया है। उसी प्रकार घर का मुखिया जो होता है। उसको बहुत से कठोर निर्णय भी लेने पड़ते हैं।



बुद्धि विहार में आयोजित श्रीराम कथा में पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मुखिया के जीवन में तीन चीजों जैसे छुट्टी, विश्राम और भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। जिस प्रकार सूर्य नारायण कभी विश्राम नहीं करते कभी छुट्टी पर नहीं जाते और सबके लिए एक समान प्रकाश देते हैं।

कथा व्यास ने राम कथा में धनुष भंग, राम विवाह ,वन गमन ,सीता हरण, लंका दहन, रावण वध के साथ राम का राजतिलक तक की कथा सुनाई। नो दिवसीय राम कथा को अल्पकाल के लिए विश्राम दिया गया। इसके उपरांत इसके प्रतिदिन की भांति विशाल भंडारे का आयोजन किया गया एवं कलश वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कथा व्यास दीपक कृष्ण उपाध्याय, महाराज व्यास मुरादाबाद वाले के मार्गदर्शन में नो ब्राह्मणों के द्वारा श्री रामचरितमानस का पाठ किया गया। व्यवस्था में पंडित परशुराम उपाध्याय, अंकित शर्मा, विकास शर्मा, जीतू शर्मा, राघव शर्मा, गोपाल पांडे, अनिल मिश्रा, रामबाबू शर्मा, विनीत कुमार, विभोर कुमार गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, साध्वी गीता प्रधान आदि मौजूद रहे।

### मनुष्य अपने गुणों से श्रीहरि की कृपा पा सकता है: अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीनागेश्वर मन्दिर शंकर नगर लाइनपार में शुक्रवार को भजन उत्सव और श्रीहनुमान मन्दिर, अवंतिका कालोनी में अखण्ड रामायण आरंभ हुई। कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि मनुष्य अपने गुणों से भगवान श्रीहरि को रिझाकर उनकी कृपा प्राप्त कर सकता है। कथा व्यास ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि सब छल-कपट को छोड़ कर भगवान की सच्चे हृदय से भक्ति करो। उस परमपिता से भला क्या भेदभाव है जिसने सारे शरीर को देखा हुआ है। भाव यह कि जैसे माता-पिता अपने बच्चों के सारे शरीर के रहस्यों को जानते हैं वैसे ही प्रभु सारे जीवों के सब कर्मों को जानता है। भाग्य अनुकूल हो तो रास्ते में गिरी हुई वस्तु भी ज्यों-की-त्यों पड़ी रहती है। परंतु भाग्य के प्रतिकूल होने पर घर के भीतर तिजोरी में रखी हुई वस्तु भी खो जाती है। जीव बिना किसी सहारे के श्री हरि की दया दृष्टि से जंगल में भी बहुत दिनों तक जीवित रहता है। परंतु बिना हरिकृपा होने पर घर में सुरक्षित रहने पर भी संकट में आ जाता है। भजनोत्सव में संजीव दीक्षित, निरुपमा दीक्षित, श्वेतांक, अभिनव दीक्षित, शिल्पी दीक्षित, आयुषी पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, युक्ति पाण्डेय, चिंतामणी शर्मा, कुसुमलता शर्मा, कमल शर्मा, सारिका शर्मा, विमल शर्मा, कविता शर्मा, रानी सैनी, विनीत सैनी, निखिल दास, विशाल शर्मा, अभिलाषा शर्मा, विनय राजा, मनोरमा सांख्यधर, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल, अनमोल पाल, गौरव शर्मा, राजीव सिंह आदि ने सहयोग किया।

## धोखाधड़ी के आरोप में पति पर एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वर्षा वर्मा भारतीय पुलिस महासंघ की महासचिव हैं। वह बुद्धि विहार की रहने वाली हैं। इन्होंने पुलिस को बताया है कि उनका एक मामला परिवार न्यायालय में था। न्यायालय से निर्णय होने के बाद भरण-पोषण की धनराशि देने में उन्होंने आरोपी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। यही नहीं, इस मामले में उन्होंने शुक्रवार को आरोपी के विरुद्ध जालसाजी व धोखाधड़ी करने के आरोप में सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोपी योगेंद्र कुमार सिंह वर्षा के पति ही हैं।

पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद न्यायालय में चल रहा था। भरण-पोषण की धनराशि के मामले में निर्णय होने के बाद अब धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। योगेंद्र कुमार सिंह अमरोहा जिले के गजरौला के निवासी हैं। पीड़िता का आरोप है कि योगेंद्र कुमार सिंह ने 11 सितंबर 2023 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा गजरौला हसनपुर के नाम से दो चेक 15-15 हजार रुपये के न्यायालय में दाखिल किए थे, जो वर्षा को 8 दिसंबर को मिले थे। उन्होंने इन चेकों को भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुद्धि विहार में जमा किया था। बैंक शाखा प्रबंधक ने उसी दिन चेक पर हस्ताक्षर बेमेल होने की आपत्ति लगा दी थी।

# मतदान कर्मियों को समय से दिलाएं प्रशिक्षण

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में हुई। उन्होंने मुख्य नोडल अधिकारियों/सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्यों के दायित्वों का अच्छे से निर्वहन करने में जुट जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव से संबंधित हर व्यवस्था को समय से पूरा कराएं। बूथों पर आने जाने के रास्ते, पेयजल सुरक्षा आदि बिंदुओं को पुख्ता कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों की नियुक्ति कर उन्हें समय से प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था की जाए।

ईवीएम मशीनों के रखरखाव, प्रशिक्षण आदि कार्यों में विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिस जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाने का काम समय से पूरा कर लें। मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा (एएमएफ) की व्यवस्थाएं शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हल्के व भारी वाहनों की आवश्यकता और उपलब्धता का आंकलन कर लिया जाए जिससे वाहनों की व्यवस्था में दिक्कत न हो। डाक मतपत्रों का आंकलन करने, बूथों पर वीडियोग्राफी वेब कास्टिंग कार्य के लिए कैमरे की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन प्रबंधन प्लान समय से तैयार करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी यातायात सुभाष चन्द्र गंगवार, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, डीआईओ एनआईसी, मुख्य कोषाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

### ड्यूटी के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की बन रही सूची

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगाने के लिए विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची बन रही है। विभागाध्यक्षों से इसकी सीडी एनआईसी में भेजने के लिए कहा गया है। सीडी में दिए गए नाम व कर्मचारियों की संख्या के आधार पर ड्यूटी लगनी है। वहीं कई अधिकारियों के पास अभी से कर्मचारी अपनी ड्यूटी न लगे इसके लिए सिफारिश लगाने में जुट गए हैं। हालांकि इसके लिए तय प्रक्रिया अपनाई जाएगी। तभी किसी की चुनाव ड्यूटी कटेगी। लेकिन फिर भी अपना तीर तुक्का चलाने में लोग जुट गए हैं।

## संपत्ति की रजिस्ट्री न कराने पर धमकी दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुनाल और साकेत अरोरा उर्फ संजय का संपत्ति विवाद सिविल लाइंस थाने पहुंच गया। इस मामले में कुनाल ने संजय के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कुनाल अरोरा ने बताया कि वह डॉ. रामस्वरूप कॉलोनी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया है कि संजय उनके संबंधी हैं। वह गुरुग्राम में रहते हैं, इनकी पैतृक संपत्ति मुरादाबाद में है। इनसे उन्होंने 2010 में एक संपत्ति खरीदी थी, जो डॉ. रामस्वरूप कॉलोनी में ही है। 18 जनवरी 2024 को दोपहर एक बजे संजय उनके कार्यालय एवं आवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने पूर्व में खरीदी गई संपत्ति की वापस रजिस्ट्री कराने को कहने लगे। फिर 20 जनवरी रात 12.16 बजे उनके मोबाइल पर संजय की व्हाट्सएप कॉल आई, आरोपी धमकी दे रहा था कि संपत्ति वापस रजिस्ट्री नहीं की तो वह गोली मार देगा। इस दौरान संजय ने उनसे गाली-गलौज भी की। मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी साकेत उर्फ संजय के खिलाफ गाली-गलौज और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दो भाइयों ने पिता को बीमार बताकर ठगे 70.11 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

» शिकायत पर मझोला पुलिस ने मामला दर्ज किया

**अमृत विचार :** दो भाइयों ने पिता को बीमार बताकर मददगार से पहले तीन लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद जब मददगार ने रुपये वापस मांगे तो उससे अपनी दुकान खरीद लेने को कहा और धीरे-धीरे कर उससे कुल 70.11 लाख रुपये और झटक लिए। यही नहीं, दोनों भाइयों ने उस दुकान का बैनामा भी किसी और को कर दिया है। शिकायत पर मझोला पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

यह मामला मझोला थानाक्षेत्र के बुद्धिविहार निवासी प्रशांत गुप्ता का है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि जनवरी 2021 में सुशील अरोड़ा अपने भाई सचिन अरोड़ा के साथ उनके घर आया था। ये लोग कोतवाली के गुलजारीमल धर्मशाला के पास रहने वाले हैं। दोनों ने उनसे पिता की तबीयत खराब बताकर एक लाख रुपये लिए थे। प्रशांत ने बताया कि दोनों भाइयों ने बताया था कि चौमुखापुल के पास उनकी एक दुकान है, जिसका दोनों भाइयों ने 75 लाख रुपये में सौदा तय कर दिया था। इसके बाद उन्होंने दोनों भाइयों को 71,11,875 रुपये दे दिए थे। पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बाद दोनों आरोपियों ने बैनामा करने में आनाकानी की। इसी बीच आरोपियों ने किसी और के नाम दुकान का बैनामा कर दिया। जब पीड़ित ने अपनी रकम मांगी तो आरोपी झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगे थे। इस मामले की शिकायत करने पर आरोपियों ने उनके 38 लाख रुपये वापस किए थे। प्रशांत का कहना है कि 11 दिसंबर 2023 को एक महिला ने उनके पास कॉल किया और अपने को सत्ताधारी दल से जुड़ा बताया था। साथ ही दोनों भाइयों से समझौता करने को कहा। इस मामले में एसएसपी ने मझोला पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मझोला थाना पुलिस ने आरोपी सुशील अरोड़ा और इसके भाई सचिन अरोड़ा के साथ ही कॉल करने वाली महिला आशा सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी कर रकम हड़पने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। सीओ ने बताया कि जांच कर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# कैबिनेट मंत्री ने निर्यातकों को सराहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ग्रेटर नोएडा में आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली मेले-स्प्रिंग 2024 के 57वें संस्करण का चौथा दिन भी काफी व्यस्त रहा। यह आयोजन अपने अंतिम दो दिनों में व्यवसायिक पूछताछ को गति देने, ऑर्डर को अंतिम रूप देने और नमूना संग्रह की दिशा में पूरी गति से आगे बढ़ रहा है।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई मामले, निवेश प्रोत्साहन मामलों के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की शुक्रवार को आईएचजीएफ दिल्ली मेले में उपस्थिति रही। जहां उन्होंने हस्तशिल्प क्षेत्र की ताकत को प्रदर्शित करने वाली असाधारण प्रस्तुति के लिए ईपीसीएच को बधाई दी। प्रदर्शकों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों की विविध श्रृंखला की तारीफ की। उन्होंने नवाचार के हिसाब से बने उत्पादों को विशेष रूप से उल्लेखनीय बताया। वहीं आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि पहले तीन दिनों के दौरान अच्छी संख्या में खरीदारों ने मेले का दौरा किया और मेले में अपने नियमित और नए आपूर्तिकर्ताओं के साथ ऑर्डर देने में अपनी रुचि साझा की। कई पुराने और नए खरीदार हमारे आयोजन का हिस्सा बने हैं।

मेले में अमेरिका से आए खरीदार मारिया और डेविड ने उच्च-स्तरीय और प्रीमियम टेबल लिनेन और रजाई की तलाश की।



स्प्रिंग मेले में उत्पाद देखते ग्राहक। ● अमृत विचार

## पुलिस लाइन में शराब पीकर भिड़े दो कांस्टेबल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पुलिस लाइन में गुरुवार रात शराब पीकर दो कांस्टेबल आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर गाली-गलौज और हाथापाई भी हुई। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

गुरुवार को एक बार फिर पुलिस लाइन में शराब पीकर दो सिपाहियों ने जमकर हंगामा किया है। प्रतिसार निरीक्षक रकम सिंह की सूचना पर पहुंची सिविल लाइंस थाना पुलिस दोनों को लेकर जिला अस्पताल आई थी और उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया था। मेडिकल परीक्षण में दोनों सिपाहियों के शराब पीने की पुष्टि हुई है। दोनों सिपाहियों की पहचान हितेश और विपतिराम के रूप में हुई है। इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने कहा कि प्रतिसार निरीक्षक से घटना की रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलते ही दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 74 लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शनबांटे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर निगम की ओर से शाहपुर तिगरी अमृत सरोवर पर किया गया। इसमें पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। उज्जवला योजना के अन्तर्गत 54 लाभार्थियों को अतिथियों ने निशुल्क गैस कनेक्शन सौंपा।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों के साथ मेले में आए लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी। जिलापूर्ति विभाग की ओर से लगे स्टॉल पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत 54 लाभार्थियों को निशुल्क घरेलू गैस कनेक्शन दिया गया। जिला चिकित्सालय की टीम की ओर से 175 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। लीड बैंक मैनेजर की ओर से लगाए स्टॉल पर आधार कार्ड में संसोधन, नवीन आधार कार्ड बनाने आदि के बारे में बताया गया। यहां भाजपा नेता राजू कालरा, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक अभियंता, क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक, सहायक अभियंता जलकल किशन लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में दोपहर बाद बुद्धि विहार पानी की टंकी के पास शिविर लगा। इसमें 800 लोगों ने प्रतिभाग किया। शिविर में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। 20 लोगों को मौके पर गैस कनेक्शन वितरित किया गया।



विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं के लाभार्थियों के साथ उपस्थित अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

**तैयारी** जिले मे चार पशु चिकित्सालय व 10 पशु सेवा केंद्र पर योजना का मिलेगा लाभ

# 350 बकरियों का कराया जाएगा कृत्रिम गर्भ धारण

धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने पहली बार बकरियों में अच्छी नस्ल का कृत्रिम गर्भ धारण कराने की पहल की है। इसके लिए उत्तर प्रदेश विकास पशुधन परिषद की ओर से अन्य जिलों के साथ मुरादाबाद के पशुपालन विभाग को 350 बकरियों को कृत्रिम गर्भधारण का लक्ष्य दिया है। इसके लिए दो पशु चिकित्सकों को प्रदेश के एक वेटनरी कालेज में ट्रेनिंग दिलाई जा रही है।

विभाग अब जिले के छोटे-छोटे बकरी पालकों का डाटा जुटाने में लगा है। इसके लिए वीर्य स्टॉक पशु पालन प्रशिक्षण केंद्र इटावा से मंगाया जाएगा। इस योजना में पहली बार बकरी पालकों को दुग्ध उत्पादन और अच्छी नस्ल का बकरा-बकरियों को पालने में अधिक मुनाफा मिलेगा।

पशुपालन निदेशालय ने प्रदेश में पहली बार गाय-भैंस की तर्ज पर बकरियों का कृत्रिम गर्भ धारण कराने की योजना लागू की है। जिले में 91,936 बकरियां हैं। जिसमें मुरादाबाद पशुपालन विभाग को 350 बकरियों को कृत्रिम गर्भ धारण कराने का लक्ष्य दिया गया है। जिले में पहली बार बकरियों का कृत्रिम गर्भ धारण किया जाएगा। इसके लिए जिले के दो पशु चिकित्सक डॉ. शिव कुमार उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ठाकुरद्वारा और डॉ. अंबरीश पाठक पशु चिकित्साधिकारी स्योंडारा को मथुरा के वेटनरी कॉलेज में ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल ने बताया कि जिले में 21 पशु चिकित्सालय और 47 पशु सेवा केंद्र हैं। अभी फिलहाल इस योजना का लाभ जिले के चार पशु चिकित्सालय डींगरपुर, कुरदरकी, कांठ और भोजपुर और 10 पशु सेवा केंद्रों कुंदरकी, हुसैनपुर, महमूदपुर कला, हरियाना, डींगरपुर, रतनपुरा कला, युसुफपुर, नगलिया, तहारपुर, दलपतपुर, मैनाठेर, महमूदपुर माफी, खडगपुर बाजे, उमरी कला के अंतर्गत आने वाले पशु पालकों को ही मिल पाएगा। उत्तर प्रदेश में विकास पशुधन परिषद की ओर से जिले के हर पशु चिकित्सा केंद्र पर इटावा और पंजाब से दो अच्छी नस्लों के बकरों का जैसे इटावा के जमुनापारी नस्ल और पंजाब की बरबरी नस्ल के वीर्य का स्टॉक पशु पालन प्रशिक्षण केन्द्र इटावा से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहली बार बकरी पालकों की आमदनी के बारे में प्रदेश में अच्छी संभावनाएं बनी हैं। दोनों नस्ल की बकरियों में अधिक दुग्ध मात्रा के उत्पादन की क्षमता है।

### जमुनापारी नस्ल

जमुनापारी नस्ल मुख्य रूप से इटावा में पाई जाती है। जमुनापारी बकरी की नस्ल में दुग्ध उत्पादन अधिक मात्रा में पाया जाता है। इसके साथ ही जमुनापारी बकरा, बकरियों के मांस में अधिक प्रोटीन पाया जाता है।

### बरबरी नस्ल

पंजाब में पाई जाने वाली बरबरी नस्ल की बकरी-बकरा कद में छोटे और काले सफेद रंग के होते हैं। इसमें सामान्य नस्ल के सापेक्ष अधिक मात्रा में दूध उत्पादन की क्षमता होती है।

## पुलिस ने क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए बवाल के चलते उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ठाकुरद्वारा में जगह-जगह पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किया गया था। खास तौर पर उत्तराखंड बॉर्डर से सटे थानों की पुलिस को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

ठाकुरद्वारा और भगतपुर थाने की पुलिस को बॉर्डर और अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग करने और हर घटना के बारे में उच्चाधिकारियों को अपडेट करने के निर्देश एसएसपी हेमराज मीना के आदेश के बाद बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस कड़ी निगरानी कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि हल्द्वानी की घटना के मद्देनजर पूरे जिले में पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश पर चौकसी बढ़ाई गई है। अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

# नगर में जगह-जगह हुई मजलिस

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** 28 रजब को इमाम हुसैन ने मदीना छोड़ा। जिससे शिया समुदाय में शोक रहा। जिसको लेकर नगर में जगह-जगह मजलिस का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत में स्थित कर्बला में मजलिस में मौलाना सादिक हसन इलाहाबादी ने खिताब करते हुए कहा कि माविया की मौत के बाद जालिम यजीद तख्ते हुकूमत पर बैठा। जिसने मदीने के हाकिम वलीद को खत लिखकर इमाम हुसैन से बेअत लेने का हुक्म दिया। मदीने के हाकिम वलीद ने इमाम हुसैन को दरबार में बुलाया और इमाम से यजीद की बेअत तलब की। जिस पर इमाम हुसैन ने इनकार कर दिया। जिसके बाद 28 रजब सन् 60 हिजरी को इमाम हुसैन ने मदीना छोड़ा। दूसरी मजलिस का नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूक स्थित ईदुल हसन साहब के घर में आयोजन किया गया। जिसको मौलाना मो.अब्बास ने खिताब करते हुए मदीने से इमाम हुसैन की हिजरत पर रोशनी डाली और कहा कि इमाम हुसैन ने मदीने से इस तरह रुखसत हुए जैसे भरे घर से कोई जनाजा जाता हैं। ये सुनकर अज़ादरों की आंखों से आंसू निकल पड़े। मजलिस के बाद अलम बरामद किया गया। मजलिस में सोजख्वानी आदिल नकवी ने की। नोहेखवांनी गुलजार रजा और आदिल नकवी ने की। मजलिस में नैय्यर अब्बास, हैदर हसन, इरफान हैदर, इमरान हैदर, नावेद हैदर, शबी अब्बास, राहिल नकवी, अतहर अब्बास, एजाज हुसैन आदि मौजूद रहे।



मजलिस के दौरान मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# किसानों के मसीहा को भारत रत्न मिलने पर हर्ष

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सम्मान देने की घोषणा पर सरकार का आभार जताया

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव एवं एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा पर सरकार का आभार व्यक्त किया है।

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का ऐलान किया है। वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर इसका ऐलान किया। पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर लोगों ने केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है। राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी के मामा नगर निवासी रियासत के स्वामी कुमार, सुरेंद्र सिंह बिश्नोई ने भारत रत्न दिए जाने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही ने कहा कि किसान हितों के लिए आवाज उठाने वाले स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करना गौरवान्वित पल है। यह सम्मान देश के किसान वर्ग को मिला है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के संयुक्त मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तहसील अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान ने भी केंद्र सरकार को बधाई दी है। वहीं युवा राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट ने पीएम मोदी का आभार जताया।



चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते एडवोकेट अजीत सिंह।



बिलारी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते अनिल चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

### भारत रत्न मिलने पर जाट समाज में खुशी की लहर

**बिलारी, अमृत विचार :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर जाट समाज में हर्ष है। शुक्रवार को नगर में जाट समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब को भारत रत्न मिलने से समस्त जाट और किसान भाइयों में खुशी की लहर है। बताते चले कि पूर्व में बिलारी के अभनपुर गांव में चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने किया था। इस मौके पर जाट समुदाय ने मुख्यमंत्री से चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग की थी। जो आज प्रधानमंत्री ने पूर्ण कर दी।

## एक नजर

### डॉ. जुल्फिकार अहमद बने मंडल अध्यक्ष

**कांठ, अमृत विचार :** सीएचसी कांठ में तैनात चिकित्सक डॉ. जुल्फिकार अहमद खान को संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का मुरादाबाद मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में तैनात चिकित्सक डॉ. जुल्फिकार अहमद खान को संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता, संयुक्त महामंत्री योगेश उपाध्याय ने मनोनयन पत्र जारी किया।

### 11 को हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल में होगी टैलेंट हंट प्रतियोगिता

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल में 11 फरवरी को टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक दीपेश सिंह ने बताया कि टैलेंट हंट प्रतियोगिता में एलकेजी से कक्षा 12 तक किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। विजेता छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप एवं आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वह समय से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, खेलकूद सहित विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### कांग्रेस नेता की पत्नी के निधन पर शोक जताया

**छजलैट, अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी छजलैट के ब्लॉक अध्यक्ष की पत्नी के स्वर्गवास होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। कांग्रेस कमेटी छजलैट के ब्लॉक अध्यक्ष सीपी सिंह की धर्मपत्नी सरिता देवी (54 वर्ष) का हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया था। उनके निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, शरीफ आजाद, नगर अध्यक्ष नदीम अंसारी, शमीम अंसारी, जफर अली, मेहर सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह, रामस्वरूप जाटव, परम सिंह सैनी, विजय भटनागर, तारिक रियाज, दिनेश दीवान आदि ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की। दूसरी ओर सुरेंद्र सिंह विश्नोई की धर्मपत्नी मधु विश्नोई के निधन होने पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



प्रचार वाहन को झंडी दिखातीं एसडीएम मणी अरोड़ा। ● अमृत विचार

# उप जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन को किया रवाना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत एवं तथा वोटर वैरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से संबंधित जागरूकता एवं प्रचार प्रचार हेतु श्रव्य दृश्य उपकरण युक्त वाहन को उप जिलाधिकारी मणी अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुक्रवार को तहसील मुख्यालय से प्रचार प्रसार हेतु श्रव्य दृश्य उपकरण युक्त वाहन को एसडीएम बिलारी मणी अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाई। 9 फरवरी से 28 फरवरी तक लगातार यह वाहन भ्रमण करेगा। जिसमें कम से कम 20-25 बूथों पर जाकर ग्रामवासियों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार कमलेश कुमार, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, लोकेश कुमार एवं फरहत अली, सतवीर सिंह व महबूब, अन्य तहसील कर्मी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पात्रों को योजनाओं का लाभ पहुंचाएं

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों ने दिशा निर्देश दिए।

ब्लॉक भीकनपुर छजलैट सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक को संबोधित करते हुए सहायक खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत ने कहा कि सरकार ने विभिन्न ग्राम पंचायत घरों, गांव की स्वच्छता, प्रकाश, सड़कों, औषधालय, प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, अनौपचारिक शिक्षा के कार्य, महिला विकास संबंधी कार्य, राशन की दुकान का आवंटन व निरस्तीकरण आदि कार्यों के अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि विकास संबंधित कार्यों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में राशन कार्ड संबंधी कार्यों में आ रही परेशानियों का मुद्दा भी क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा उठाया गया। ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बताया गया कि पात्र लोगों को ही राशन कार्ड प्राप्त करने का अधिकार है।

सन 2011 की जनगणना के अनुसार राशन कार्ड बनाए गए हैं। अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि शौचालय एवं ग्रामों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मौजूद ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिनका समाधान मौजूद अधिकारियों द्वारा कराया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चौधरी राजपाल सिंह, सहायक खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत, सहायक सहकारिता अधिकारी राज नारायण, सचिव सूरज नायक, पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष चौधरी विजयपाल सिंह, ग्राम गढ़ी प्रधान पति फहीम अहमद उर्फ लालू, खूंट खेड़ा के ग्राम प्रधान मोहम्मद साजिद, रसूलपुर चौराहा के प्रधान मोहम्मद इशरत आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार



गांव में समीक्षा करती टीम। ● अमृत विचार

# पांच ग्राम पंचायत क्षय रोग से मुक्त, टीम ने रिपोर्ट भेजी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील कांठ क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतें टीबी (क्षय) रोग से मुक्त हुईं। टीम ने सर्वे कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर भेजी।

तहसील क्षेत्र की 82 ग्राम पंचायतों में से मनकुवा, शीमला, पहाड़ मऊ, नसीरपुर, रायपुर खुर्द आदि पांच ग्राम पंचायत को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सर्वे करके टीबी मुक्त चयनित कर रिपोर्ट ब्लॉक तथा जिला कार्यालय पर भेजी थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डॉ. रविंद्र सिंह एडीओ पंचायत पवन कुमार, मनोज कुमार, जगबीर सिंह, निहाल खान ने भाग लिया। टीम ने सभी 5 ग्राम पंचायतों में जाकर टीबी रोग मुक्ति से चयनित ग्रामों की समीक्षा की। कोई भी टीबी रोगी समीक्षा में टीम को नहीं मिला। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र सिंह ने कहा कि 82 ग्राम पंचायतों में से 5 ग्राम पंचायत जिनका चयन किया गया था। समीक्षा में सभी टीबी मुक्त हो गई हैं।

### शहीद चंद्रशेखर आजाद के पौत्र का पत्र प्राप्त हुआ

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा को अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के पौत्र का पत्र प्राप्त हुआ।

शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा भारती मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष तथा प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा विगत वर्ष प्रयागराज अल्फ्रेड पार्क भ्रमण करने गए थे। जहां विजिटर रजिस्टर में अपने विचार लिखकर आए थे। साथ में जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ वीरपाल सिंह यादव भी साथ गए थे। अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद तिवारी ने पत्र भेज कर इसे व्यक्तिगत रूप से भेंट करने की इच्छा व्यक्त की है। इस अवसर पर प्रभात गुप्ता ,राकेश प्रजापति, किशन पाल कश्यप, ऋषिपाल सिंह यादव ,दीपक कुमार बिश्नोई इत्यादि लोग मौजूद रहे। सभी को पत्र पढ़कर सुनाया गया।

# गन्ने के खेत के निकट दिखा तेंदुआ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** गन्ने के खेत के निकट तेंदुआ देख किसानों के पसीने छूट गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ तेंदुए की तलाश की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। शुक्रवार को सुबह कई दर्जन किसान अपने खेतों पर जा रहे थे। प्रधान कुलदीप सिंह के खेत के निकट अचानक तेंदुआ किसानों के सामने आ गया। जिस पर किसानों ने भागकर अपनी जान बचाई।

सूचना पर लाठी-डंडे लेकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन सब तक तेंदुआ गन्ने के खेत में जा चुका था। किसान हेमराज, मोहित, हरकेश, विनोद, हरि सिह आदि ने बताया कि सवेरे 8:00 बजे करीब वह अपने खेतों पर जा रहे थे। अचानक गन्ने खेत से निकले तेंदुए को देख उनके पसीने छूट गए। हालांकि क्षेत्र में आए दिन से तेंदुए देखे जाते हैं। वहीं सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम से ग्रामीणों ने गांव में पिंजरा लगाए जाने की मांग की। बीट प्रभारी मदन सिंह, पीयूष जोशी, रामसिह आदि ने ग्रामीणों को सचेत करते हुए कहा कि खेत आदि पर अकेले न जाएं। समूह बनाकर ही खेतों पर जाए।



ठाकुरद्वारा के गांव पाडला के जंगल में कांबिंग करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप



एसडीएम से वार्ता करते किसान। ● अमृत विचार

### एसडीएम से की समस्याओं के समाधान की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ में आयोजित भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कांठ से किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत तहसील कांठ में हुई जिसमें नवागत उपजिलाधिकारी कांठ सचिन राजपूत से मुलाकात कर किसानों एवं क्षेत्रीय समस्याओं को हल करने को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर एसडीएम कांठ ने किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल महासचिव मुरादाबाद जितेंद्र विश्नोई उर्फ जीतू, तहसील संरक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, तहसील उपाध्यक्ष सुमन कुमार सोनू, तहसील संगठन मंत्री शिवकुमार सिंह प्रजापति, युवा नेता नितिन विश्नोई, नगर प्रभारी मोहम्मद वाजिद, सचिन सैनी, मोहम्मद आदिल, अब्दुल रशीद,आसिफ सैफी, राहुल कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दो कारों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरादाबाद-चंदौसी नेशनल हाईवे स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के पास दो कारों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें मां-बेटे सहित चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। नगर के मोहल्ला सादात निवासी शमी रिजवी अपनी माता परवीन फातिमा को दवा दिलाने के लिए कार द्वारा दिल्ली को जा रहा था। बताया गया है कि जैसे ही उनकी कार हाईवे स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के आगे मरैले पर पहुंची तो सामने से आ रही अनियंत्रित कार के चालक ने उनकी कार में सामने से टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गाड़ी खाई में जा गिरीं। जिसमें शमी रिजवी और उसकी माता परवीन फातिमा घायल हो गई। जबकि दूसरी गाड़ी में भी दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घायलों को लोगों द्वारा अस्पताल भेज दिया गया था।



स्काउट गाइडों को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

### तीन दिवसीय भारत स्काउट कैंप का समापन

**ठाकुरदारा, अमृत विचार :** नगर के ऑक्सफोर्ड वीर अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय भारत स्काउट गाइड शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगे तंबुओं का शहर बसा दिया। जिसका निरीक्षण हुसैन अंसारी ने किया। इस दौरान उन्होंने स्काउट गाइड से देश सेवा में जुटे रहने व समाज सेवा करने का आह्वान किया। कैंप के समापन पर जिला ट्रेनिंग काउंसलर आकाश दिवाकर ने स्काउट गाइड को प्रतिज्ञा, गांठे बंधन, मीनार, कलर पार्टी का प्रशिक्षण दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद जावेद द्वारा कमल टोली नायक उमरा प्रवीन, सोनी, शाइस्ता परवीन, सना परवीन, अफसा, समरीन व प्रतियोगिता में उत्तीर्ण उम्र परवीन मेहनाज मोहम्मद आदिल सोनी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक नीरज कुमार तारीक, यासीन, रेशमा, निशा, गुलफासा, नजमीन जहां आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा ब्लॉक संस्थान केंद्र में प्रशिक्षण में मौजूद लोग।

### पांच दिवसीय दिव्यांगजनों का प्रशिक्षण संपन्न

**ठाकुरहारा , अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र ठाकुरद्वारा पर दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु सेवारत नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ द्वारा समावेशी शिक्षा में आईसीटी का प्रयोग एवं क्रॉस डिसिबिलिटी विषय के बारे में प्रतिभागियों को बताया गया। साथ ही 21 प्रकार की दिव्यांगताओं, बाल विकास विकास से संबंधित दिव्यांग छात्रों की शिक्षण अधिगम सामग्री आदि की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के समापन में एआरपी पीयूष कुमार प्रशान्त ने सभी 81 नोडल शिक्षकों को प्रतिदिन समर्थ एप पर दिव्यांग छात्रों की उपस्थिति लगाने के बारे बताया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर स्पेशल एजुकेटर वेदप्रकाश सिंह, रूपेंद्र सिंह, सुशील कुमार, मुनिराम शर्मा, मुन्ना सिंह व नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा की

**छजलैट, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक छजलैट की मासिक बैठक किसान भवन पर हुई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। किसान भवन छजलैट पर भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की तथा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान गन्ना भुगतान तुरंत करवाने, बिजली विभाग द्वारा किसानों का उत्पीड़न बंद करने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम यूपी ऋषिपाल सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी राहुल चौधरी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष पीयूष चौधरी, राम अवतार सिंह, रामपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

**राजनीति** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद पहुंचे रघुराज सिंह यादव

# नपा अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** समाजसेवी एवं पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव का बिलारी पहुंचने पर हाईवे किनारे स्थित एक ढाबे पर लोगों ने स्वागत किया।

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के बाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव का नगर पहुंचने पर लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। यहां से शुरू हुआ काफिला बाद में जुलूस में तब्दील हो गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। महाराणा प्रताप चौराहे पर पहुंचने पर व्यापारी नेता शीलू गुप्ता व पालिका के वरिष्ठ लिपिक संजय सक्सेना ने स्वागत किया। इस दौरान सभासद देवेश शर्मा, दानवीर शर्मा, निहाल सिंह, प्रवेश कुमार, राकेश यादव आदि मौजूद रहे। आनंद स्वीट्स हाउस पर व्यापार मंडल के संजय जैन, राकेश जैन, याद कुमार डूडेजा, समीर जैन एवं जाट सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, नरेश गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, महेश गुप्ता, सुनील आर्य, ध्रुव शर्मा, केके गुप्ता, केपी राणा, टीटू गुप्ता आदि शामिल रहे।



नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव का स्वागत करते लोग।

**उत्साह**

- समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ निकाला जुलूस
- व्यापारियों व समाजसेवियों ने पहनाई पगड़ी

### वाल्मीकि समाज ने किया सम्मान

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी रघुराज सिंह यादव को भाजपा में शामिल होने पर वाल्मीकि समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सहदेव ने पगड़ी पहनकर सम्मानित किया। शुक्रवार को राजेंद्र सहदेव ने बताया कि रघुराज सिंह यादव द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में लखनऊ में रघुराज यादव ने अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान बाल्मीकि सफाई वर्ग के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सहदेव, संजीव वाल्मीकि व अन्य लोगों ने पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया। बृज नंदन वाल्मीकि, रिंकू वाल्मीकि, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मारपीट मामले में समझौते के बाद हड़ताल समाप्त हुई

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सहकारी समिति के आंकिक के साथ मारपीट करने के मामले में समिति के पदाधिकारियों एवं ब्लॉक क्षेत्र के अधिकारी के प्रयास से दोनों पक्षों में आम सहमति हो गई है। अधिकारियों ने विधिवत हड़ताल खत्म होने की घोषणा की है।

बता दें कि थाना क्षेत्र के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी अनिल कुमार पाल पुत्र सूरज पाल सहकारी समिति मौढ़ी हजरतपुर कांठ में आंकिक के पद पर कार्यरत हैं। गत बुधवार को सहकारी समिति में 2:00 के करीब चार व्यक्ति पहुंचे और उन्होंने अनिल कुमार पाल के साथ गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से उसके साथ मारपीट की और घायल कर दिया। बचाने आए कर्मचारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। इस संबंध में सहकारी समिति के कर्मचारियों ने थाना कांठ में पहुंचकर शिकायत की और आंकिक अनिल कुमार ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर कर्मचारियों ने समिति की तालेबंदी कर हड़ताल शुरू कर दी थी। हड़ताल के दूसरे दिन सहायक विकास अधिकारी राजनारायण राजनारायण, ब्लॉक यूनियन के अध्यक्ष सोमवीर सिंह, सभापति सचिन कुमार, कांठ समिति के एमडी सौरभ की उपस्थिति में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। अधिकारियों ने विधिवत हड़ताल खत्म होने की घोषणा की है तथा पुलिस को भी अवगत करा दिया गया है।

### राशन कार्ड के नाम पर मांगी रिश्वत, शिकायत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम तखतपुर हादसा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र सोमपाल ने थाने में तहरीर देते हुए राशन कार्ड के नाम पर रिश्वत मांगे जाने और इनकार करने पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने की बात कही है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र मौ० इरशाद व उसकी पत्नी यासमीन को अपनी चल-अचल सम्पत्ति व अपने सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के ये लोग स्वंय जिम्मेदार होंगे। मौ0 याकूब पुत्र श्री मौ० हुसैन निवासी ग्राम शरीफनगर थाना व तहसील-ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद। मो०- 7055086028

एक नजर

## हार्ट अटैक से दो लोगों की मौत

**मुबारिजपुर, अमृत विचार** : थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दढ़ियाल निवासी 65 वर्षीय चन्द्रवीर पुत्र सरदार सिंह की तबीयत खराब होने पर आनन फानन में परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि चन्द्रवीर घर के काम कर रहे थे। तभी उन्हें अटैक हुआ और कुछ समय बाद दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं **रहरा, अमृत विचार** : थाना आदमपुर निवासी चंद्रवीर पुत्र सरदार सिंह 55 वर्ष की फरीदाबाद में हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक के परिवार में तीन पुत्री एवं दो पुत्र हैं। गांव निवासी चंद्रवीर सिंह 20 साल की उम्र में ही गांव छोड़कर फरीदाबाद चले गए थे। गुरुवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजन शव को दढ़ियाल ले आए और शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

## गंगा में डूबे दंपती का नहीं लगा सुराग

**रहरा, अमृत विचार** : नाव पलटने से गंगा में डूबे गांव नानई निवासी पति-पत्नी का तीसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका। ज्ञात हो कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव नानई निवासी शमसू उर्फ शमसुद्दीन सैफी एवं उसकी पत्नी फुलजहां बुधवार को अपनी नाव से गंगा पार अपने खेत में खाद लेकर जा रहे थे। गंगा के बीच में संतुलन बिगड़ने से नाव डूब गई थी। ग्रामीण एवं गोताखोरों की मदद से पति-पत्नी एवं नाव को तलाश किया गया, नाव तो मिल गई थी। लेकिन पति-पत्नी का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल सका। जल्लोपुर चौकी इंचार्ज पुष्पेंद्र राठी ने बताया कि एसडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोरों की टीम लगी हुई है। शुक्रवार को भी पुलिस ने दंपती का पता लगाने की कोशिश की। लेकिन सफलता नहीं मिली।

## 12 फरवरी से लगेंगे रोजगार मेले

**अमरोहा, अमृत विचार** : मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद के प्रत्येक विकासखंड में फरवरी में द्वितीय चरण में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विकासखंड अमरोहा में 12 फरवरी को राजकीय आईटीआई केशोपुर, जोया में 13 में एएसके आईटीआई बुढ़नपुर, गंगेश्वरी में 15 को राजकीय आईटीआई गंगेश्वरी, हसनपुर में 20 को जहूरखान आईटीआई हसनपुर, धनौरा में 21 को राजकीय आईटीआई गजस्थल और विकासखंड गजरौला में 22 फरवरी को न्यू विद्या भारती आईटीआई गजरौला में रोजगार मिले आयोजित किए जाएंगे।

# जिले में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई जुमे की नमाज

## मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : नगर में जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना रहा। वरिष्ठ अधिकारी पल-पल की खबर लेते रहे। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। नमाज के बाद जब नमाजी अपने घरों को चले गए तो अधिकारियों ने चैन की सांस ली।

उत्तराखंड के हल्द्वानी में गुरुवार रात हुई हिंसा के बाद जिले में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। डीएम और एसपी के निर्देश पर नगर स्थित मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। स्थानीय प्रशासन को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने और आपत्तिजनक पोस्ट लिखने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पुलिस ने सभी लोगों से शांति के साथ मस्जिद में नमाज अदा करने के निर्देश दिए।

वहीं पुलिस ने भी जिम्मेदार लोगों से संवाद कर समन्वय बनाया। दोपहर को जुमे की नमाज अदा होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



हसनपुर में मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



मंडी धनौरा में नमाज के बाद लोगों से जानकारी करते थाना अध्यक्ष रविंद्र प्रताप।

### पुलिस ने पैदल गश्त कर लोगों से जानकारी की

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा को लेकर शुक्रवार को धनौरा में पुलिस और प्रशासन सतर्क रहा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर की मस्जिदों के आस पास भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर व थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप भारी गश्त करते रहे। जुमे की नमाज अदा कर लोग अपने-अपने घरों को चले गए। बताया गया कि हल्द्वानी में हिंसा को लेकर स्थानीय स्तर पर शांति व्यवस्था बनी रहे। इसको लेकर पुलिस तैनात है तो लोगों ने राहत की सांस ली।

## मदीने से रवानगी का जुलूस बरामद

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार** : सैदनगली नगर पंचायत में इमामबारगाह में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी नसीमुल हसन और हमनवा ने की। मजलिस को सिरसी से आए मौलाना मीसम अब्बास जैदी ने खिताब करते हुए कहा कि 28 रजब को रसूल के नवासे हजरत हुसैन ने अपने परिवार के साथ अपना वतन मदीना छोड़ा और मक्का के लिए रवाना हुए। मजलिस के बाद जुलूसे अमारी बरामद हुआ। जिसमें अलम, दुलदुल, ऊंट, गहवारा थे। जुलूस तयशुदा रास्तों व सभी स्थानीय इमामबारगाहों से होता हुआ हुसैनी चौक से गुजरकर दादे हिमायत अली इमामबारगाह में जाकर खत्म हुआ। मिसाल अब्बास ने नोहा पढ़ा और जुलूस के दौरान अरीब हैदर, सफदर अली, सलमान अब्बास सवारी पढ़ते चल रहे थे। थानाध्यक्ष सैद नगली वरुण कुमार पुलिस बल के साथ जुलूस में मुस्तैद रहे।



सैदनगली में जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार



चन्दनकोटा में अतिक्रमण हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

# चन्दनकोटा में जेसीबी से अतिक्रमण हटाया

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार** : ग्राम चन्दनकोटा में मुख्य चौराहे पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे अतिक्रमण को जिलाधिकारी के आदेश पर हटवा दिया। गुरुवार को ग्रामीणों ने उन्हें पत्र सौंपकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की थी।

यह मामला थाना आदमपुर क्षेत्र के ग्राम चन्दनकोटा का है। गांव में बुधवार शाम को दिनेश पुत्र ओमपाल की सड़क पर अतिक्रमण के चलते डम्पर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने दिनेश की मौत के बाद हंगामा किया था। गुरुवार को कई ग्रामीणों ने अमरोहा पहुंच कर जिलाधिकारी को इस बारे में शिकायती पत्र दिया था। जिसमें कहा था कि चन्दनकोटा निवासी ब्रजकिशोर पुत्र नत्थू ने मुख्य चौराहे पर मिट्टी डालकर कब्जा कर रखा है। जिससे ग्रामीणों का सड़क से गुजरना दूभर हो गया है तथा इस स्थान पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को समस्या के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया था तथा एसडीएम हसनपुर को अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए थे। शुक्रवार को राजस्व विभाग व आदमपुर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण को जेसीबी से हटवा दिया। मौके पर मौजूद राजस्व विभाग की टीम व आदमपुर पुलिस ने भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

## गन्ना लदे ट्रक से बचने की कोशिश में भिड़ीं दो बाइकें, पांच घायल

**डिडौली, अमृत विचार** : गन्ना लदे ट्रक से बचने की कोशिश में दो बाइकें आपस में टकरा गईं। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को चौकी पुलिस ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे की सूचना मिलने पर घायलों के परिजना भी मौके पर पहुंच गए।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के नारंगपुर चौराहे पर मोहन अस्पताल के सामने हुआ। गुरुवार रात 10 बजे एक गन्ना लदा ट्रक चौराहे पर खड़ा था। तभी खाता की तरफ से आ रही बाइक पर सवार रजबपुर थाना के चकरुस्तमपुर निवासी नितिन, दीपक, रौनक और सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार डिडौली के सलामतपुर निवासी कमल सिंह व सरकड़ी निवासी गिरेन्द्र सिंह की बाइकें आपस में टकरा गईं। जिससे दुर्घटना में बाइक पर सवार पांचों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मौके पर पहुंची जोया चौकी पुलिस ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से गिरेन्द्र व कमल को मुरादाबाद रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर घायलों के परिजन भी आ गए थे।



बृजघाट पर गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगास्नान किया। शुक्रवार को तड़के से ही हर-हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने गंगास्नान कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर दान किया। इस दौरान गंगा घाटों पर पुलिस की कड़ी चौकसी रही।

मौनी अमावस्या पर दिल्ली, हरियाणा राज्यों के अलावा गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, अमरोहा, सम्भल, मुरादाबाद समेत कई जनपदों के श्रद्धालुओं ने शुक्रवार सुबह से ही कड़ाके की ठंड में गंगास्नान शुरू कर दिया। कई श्रद्धालु गुरुवार देर रात ही बृजघाट पहुंच गए थे। जिन्होंने सुबह स्नान कर पूजा की। बताते हैं कि मौनी अमावस्या पर गंगास्नान के साथ ही श्रद्धालु पितृ शांति के लिए पिंडदान भी करते हैं।

श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे अनुष्ठान कराकर घर में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। जरुरतमंदों को दान देकर पुण्यलाभ भी कमाया। वहीं, तिगरीधाम गंगा में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगास्नान किया। इस दौरान पुलिस की कड़ी चौकसी रही। गंगाघाटों के किनारे पुलिस ने गश्त की।

वहीं, ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर व खाजेपुर गंगा घाट के सामने मौनी अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। भोर की पहली किरण के साथ श्रद्धालु गंगा घाट की ओर पहुंचने शुरू हो गए। गंगाघाट पर श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ पड़ी। श्रध्दालुओं ने गंगा स्नान के दौरान सूर्य देव से घर परिवार में सुख शांति व स्मृध्दि की कामना की। गंगा स्नान का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। गंगा घाट पर सफाई का विशेष ध्यान दिया गया।

## छात्र-छात्राएं करेंगे सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक

**हसनपुर, अमृत विचार** : प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी के लिए सड़क सुरक्षा कार्यशाला हुई।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला में प्रधानाध्यापक/जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा विद्यालय समाज का प्रकाश स्तंभ है। इसके माध्यम से समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सकती है। लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सकता है। ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव नागर ने कहा कि प्रतिवर्ष देश तथा राज्य में हजारों सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, जिसमें कई लोगों की मृत्यु हो जाती है। सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला के तहत विद्यालय में निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा पांच की राधिका प्रथम, द्वितीय जागृति, तृतीय दीपांशी तथा कला प्रतियोगिता में राधिका प्रथम, आशी द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्रशांत ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आदित्य सागर प्रथम, आयुषी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



धरने को संबोधित करते जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

## भाकिसं का पुलिस के खिलाफ धरना

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : हसनपुर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने सीओ कार्यालय के बाहर धरना दिया। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने हसनपुर प्रभारी निरीक्षक पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया।

शुक्रवार को नगर के पुलिस क्षेत्र अधिकारी कार्यालय के बाहर भाकिसं के बैनर तले धरना दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों के साथ पुलिस एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्यवहार गलत है। हसनपुर क्षेत्र में लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं। अपराधियों पर अंकुश लगाने में विफल हसनपुर प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मौके पर चौधरी नरेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, ओमवीर सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, यशवीर सिंह आदि रहे।

# छुट्टा गोवंश से छुटकारा दिलाने की मांग

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार** : रहरा ब्लॉक में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक पंचायत हुई। इसमें कार्यकर्ताओं ने कहा कि छुट्टा गोवंश से किसान बहुत परेशान हैं। रात भर जागकर इन पशुओं से अपनी फसल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन सभी पशुओं को पकड़वाकर अति शीघ्र गोशाला में भिजवाया जाए।

शुक्रवार को बैठक की अध्यक्षता मुकंदी सिंह एवं संचालन अजब सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी विद्युत उपकेंद्रों पर बिजली की आपूर्ति दिन में कराई जाए। जिससे किसान अपनी गेहूं की फसलों की सिंचाई कर सकें। जल निगम द्वारा गांव-गांव में तोड़ी गई सड़कों की दोबारा मरम्मत कराई जाए। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत में सफाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। सफाई कर्मी समय से गांव में नहीं पहुंचते, गांव में नियमित रूप से सफाई कराई जाए। गन्ना मूल्य भुगतान 14 दिन की अवधि में कराया जाए। यदि समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो अगले महीने होने वाली मासिक पंचायत में भारतीय किसान यूनियन रोड जाम करने पर या अन्य विकल्पों पर विचार करेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह, मंगल सेन, अजब सिंह, मदन सिंह, कृपाल सिंह, बलबीर, सत्य राम, अनिल कुमार, गनपत सिंह, छोटेलाल, राजेंद्र सिंह, हरिओम सिंह, अनिल कुमार जगपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

आयोजन

कौशल विकास योजना के तहत मतदाता जागरुकता दिवस मनाया

# मतदान कर हम लोक हितैषी सरकार चुन सकते हैं

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : शुक्रवार को वाईएमएस डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना व कौशल विकास की ओर से मतदाता जागरुकता दिवस मनाया। कार्यक्रम अधिकारी सोहन सिंह के निर्देशन में संगोष्ठी भी हुई। संगोष्ठी में कालेज प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने बताया कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। मतदान का प्रयोग कर हम लोक हितैषी सरकार चुन सकते है। जयवीर सिंह ने बताया कि हमें निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए। जिसमें एक अच्छे और कर्मठ नेता को चुना जा सके।

इस अवसर पर डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, शमा अख्तर, मोहम्मद रिहान, सीमा शर्मा, कमल सिंह चौहान, सोमपाल, सतेंद्र, जयवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, भोपाल सिंह आकाश, अभिषेक, अश्वनी कुमार, रितिक, नितिन, रिदा, नेहा रानी, कोमल रानी, अंजना देवी रहे।



मंडी धनौरा में वाईएमएस डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी में बोलते वक्ता।



मतदाताओं को जागरूक करते स्वयंसेवक व शिक्षक। ● अमृत विचार

### रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : शुक्रवार को भागीरथी देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने रैली निकाली। रैली में स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के बैनर तले मतदाता जागरुकता से सम्बन्धित नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल ने स्वयंसेवियों से कहा कि सभी स्वयंसेवी आस-पास के व्यक्तियों को मतदान के महत्व को समझाएं तथा वोट देने की अपील करें। इस अवसय पर काकुल, भूमिका, वंशिका, कल्पना, रीना, रानी, चिकारा, डॉ. एके चौहान, डॉ. सुधा चौहान आदि रहे।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)

मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*

विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक

हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।

फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## एक नजर



चौधरपुर क्षेत्र में हाईवे पर जाता रेत से लदा डम्पर। ● अमृत विचार

### अवैध खनन पर नहीं लग रही लगाम

**चौधरपुर/नौगांवा सादात, अमृत विचार :** क्षेत्र में थाना पुलिस और तहसील प्रशासन अवैध खनन नहीं रोक पा रहे हैं। कोतवाली डिडौली क्षेत्र में माफिया लगातार खनन कर रहे हैं। मिट्टी से भरे डंपर हाईवे पर लगातार फराटे भर रहे हैं। उधर, नौगांवा सादात के कस्बा नई बस्ती में पांच दिनों से कई ट्रैक्टर अलग-अलग स्थानों पर खनन कर रहे हैं। थाना प्रभारी नौगांवा सादात पकंज तोमर ने बताया कि खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

अमरोहा की खबर पेज 11 पर भी।

# युवकों ने बिजली कर्मियों से मारपीट कर पथराव किया

## रात में बिजली के जर्जर केबल बदल रहे थे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



मारपीट करते युवक।

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में सड़क पर खड़ी कार हटाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद बाइक सवार युवकों ने बिजली कर्मियों के साथ मारपीट की। दरोगा की तहरीर पर तीन नामजद समेत 15 युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह घटना गुरुवार देर रात की नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुल्लाना में जामा मस्जिद के पास की है। दरअसल बिजली विभाग की ओर से मोहल्ले में जर्जर बिजली लाइन और खंभे बदलने का काम किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रात करीब साढ़े दस बजे ठेकेदार अपने मजदूरों के साथ साइट पर काम करा रहा था। बीच सड़क पर उनका वाहन खड़ा था, मजदूर वाहन से सामान उतार रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और जल्दी रास्ते से वाहन हटाने के लिए कहने लगे, मजदूरों ने सामान उतारने की बात कहते हुए थोड़ी देर रूकने के लिए बोला तो अचानक ही युवक हमलावर हो गए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ती चली गई। बाइक सवार युवकों ने फोन करके अपने साथियों को भी मौके पर बुला लिया। आरोपी युवकों ने मारपीट करते हुए ठेकेदार और मजदूरों पर पथराव कर दिया। उनके वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मारपीट व पथराव कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। बावजूद इसके मारपीट जारी रही। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस बल एकत्रित होते ही आरोपी युवक मौके से भाग गए। घटना के बाद भी दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई। हालांकि बाद में सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दरोगा सुभाष बालियान की तहरीर पर तीन नामजद समेत 10-12 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# बाइक से ससुराल जा रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** बाइक से ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। देर रात उसका शव उसकी बाइक के नीचे दबा हुआ मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के फैय्याजपुर गांव निवासी मीशू कोहली पुत्र रूप सिंह गुरुवार को बाइक से शहवाजपुर डोर गांव में अपने नाना के यहां आया था। वह शाम को बाइक से शहवाजपुर डोर से मुरादपुर गांव में स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। रात में वह तिगरी-कांकाठेर मार्ग पर हादसे का शिकार हो गया। देर रात वहां से गुजर रहे किसी राहगीर ने फोन करके पुलिस को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मीशू का शव उसकी बाइक के नीचे दबा हुआ था। पुलिस उसे सीएचसी भी ले गई। वहां चिकित्सक ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक के परिवार वाले भी पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### मारपीट में पुलिस ने की चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**चौधरपुर, अमृत विचार :** कोतवाली डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया के मोहल्ला इकबाल नगर निवासी बबली पत्नी अकरम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सात फरवरी को को सुबह नौ बजे पड़ोस के सुहैल, रेशमा,अजरा शाजिया ने कमेटी के पैसे को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसने गालियों का विरोध किया तो उन्होंने मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सुहैल व उसकी की मां रेशमा, बहन अजरा और साजिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### टाटा मैजिक ने कार में मारी टक्कर, दोनों चालक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर स्टेयरिंग फेल होने से अनियंत्रित हुई टाटा मैजिक ने कार में टक्कर मार दी। जिसके बाद टाटा मैजिक पलट गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।

अमरोहा के कुरैशियान मोहल्ला निवासी मोहम्मद यूसुफ टाटा मैजिक लेकर कहीं जा रहा था। वहीं मुरादाबाद निवासी फैसल अपनी कार से दिल्ली जा रहा था। नेशनल हाईवे पर अचानक टाटा मैजिक का स्टेयरिंग फेल हो गया। जिसके बाद टाटा मैजिक ने तेजगति के साथ पीछे से आ रही कार में टक्कर मारी और पलट गई। हादसे में कार व टाटा मैजिक के चालक मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को वाहनों से बाहर निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।



हादसे के बाद घायल को संभालता पुलिसकर्मी व एकत्र लोग। ● अमृत विचार

# सड़क किनारे खड़ी ठेली में बाइक ने मारी टक्कर, दो लोग घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गजरौला मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट सड़क के किनारे खड़ी ठेली में बाइक सवार दो लोगों ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

शुक्रवार शाम को नगर के गजरौला मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट शकील पत्नी के साथ ठेली सड़क किनारे खड़ी करके खाना खा रहा था। तभी एक बाइक गजरौला की दिशा की तरफ से आई और ठेली में टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद राजगीरों ने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पुलिस पहुंची और एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी भिजवाया। जानकारी के दौरान घायलों ने नाम सुरेश एवं राजपाल निवासी मटेना बताया।

# एसडीएम कार्यालय में छुट्टा पशुओं को बांधकर भाकियू करेगी धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर



भाकियू की पंचायत को संबोधित करते ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं के मुद्दे पर भारतीय किसान यूनियन ने सख्त रूप अपनाते हुए कहा है कि तहसील प्रशासन द्वारा अगर जल्द क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़वाया, तो 26 फरवरी को एसडीएम कार्यालय के सामने पशुओं को बांधकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शुक्रवार को अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत हुई।

पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि किसानों का हर सरकारी विभाग में उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसानों के साथ सही व्यवहार नहीं किया जा रहा। अधिकारी तुरंत भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की रोकथाम पर प्रशासन मौन है। कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारी अनजान बने हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि 26 फरवरी को एसडीएम कार्यालय में पशुओं को बांधा जाएगा। पंचायत में तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, धर्मपाल सिंह, सविता देवी, संतोष देवी, शांति देवी, सीता आर्य, हरवती, रामचंद्र, राजेंद्र, मनोज, कमलेश आदि किसान मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए काम किया : ढिल्लो

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा की है। विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा से किसानों में खुशी है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह निडर, प्रवीण राजनैतिक, कुशल शासक, अर्थशास्त्री, विद्धान और सिद्धांतों के धनी एवं किसानों और मजदूरों के मसीहा थे। उन्होंने जारी बयान में कहा कि वर्ष 1937 में पहली बार छपरौली विधान परिषद से विधायक चुने गए थे। 1967 एवं 1970 में उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री बने। वर्ष 1977 में बागपत से सांसद हुए और केंद्र सरकार में 1977 से 1978 तक गृहमंत्री, वित्त मंत्री और उपप्रधानमंत्री तथा वर्ष 1979 में देश के पांचवें प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पीवी नरसिम्हाराव, डॉ. एमएस स्वामीनाथन और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न देने की घोषणा कर सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है।

### पुरानी नीति के आधार पर मान्यता देने पर चर्चा

**अमरोहा, अमृत विचार :** विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने सदन में नवीन विद्यालयों की मान्यता के संबंध में मुददा उठाया। उन्होंने कहा सरकार ने नई मान्यता नीति निर्धारित की है। जिसके आधार पर प्रदेश में नवीन मान्यताएं प्रदान कर विद्यालय स्थापित किए जा रहा है। परंतु पूर्व में स्थापित विद्यालयों के संचालकों द्वारा एक विषय इंटरमीडिएट की मान्यता के लिए आवेदन करने पर अधिकारियों की ओर से नवीन मान्यताओं के लिए निर्धारित मानक ही पूरे करने का दबाब बनाया जाता है। पूर्व में स्थापित विद्यालयों में नवीन मान्यता नीति के मानकों का पूरा किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने मांग की कि मान्यता पुरानी मान्यता नीति के आधार पर दी जाए।

### श्री झारखंड मंदिर में भोलेनाथ का महा श्रृंगार

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के शक्तिपीठ श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में स्थापित भोलेनाथ का भक्तों ने महा श्रृंगार किया। इसके बाद भक्तों ने देर रात तक भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया।

शिव सेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव एवं उनके परिवार के द्वारा हर महीने की चतुर्दशी पर नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम किया जाता है। इसके अंतर्गत गुरुवार रात्रि भगवान भोलेनाथ का बाहर से आए कलाकारों द्वारा भव्य श्रृंगार किया। जिसके भक्तों ने दर्शन कर भगवान भोलेनाथ आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद शिव सेवा समिति के द्वारा बाहर से बुलाए कलाकारों ने भगवान शिव का गुणगान किया। शिवसेना जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रति माह समाज के सहयोग से किया जाता है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, वेद प्रकाश यादव, विकास यादव, रवि यादव, सीमा यादव, विनय शर्मा, राजेंद्र यादव, सतवीर प्रजापति, मनु यादव, कविता यादव, गुड्डी यादव मौजूद रहे।



मिठाई बांटते रालोद कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# भारत रत्न की घोषणा पर रालोद कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** स्व. चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देने की घोषणा से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

मुजाहिद चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने इस प्रतिष्ठित सम्मान को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के किए कार्यों, जन सेवा तथा देश सेवा के सम्मान के साथ-साथ देश के समस्त गरीबों, ईमानदारों और किसानों का सम्मान बताया। उन्होंने एएमयू अलीगढ़ के संस्थापक सर सैयद अहमद खान को भी भारत रत्न से सम्मानित करने का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान, महीपाल सिंह, श्यौराज सिंह राणा, वीर सिंह, सुनील भटनागर, विनोद सक्सेना, चन्द्र सैन अग्रवाल, मेघराज सिंह, सुबोध शर्मा एडवोकेट शामिल रहे।

### इकलौती बेटी ने निभाया बेटे का फर्ज, मां की चिता को मुखाग्नि दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** सनातन धर्म में महिलाओं का श्मशान घाट में जाना वर्जित है। लेकिन, नगर निवासी एक बेटी ने इन सामाजिक एवं धर्म की मान्यताओं को दरकिनार करते हुए गंगा धाम ब्रजघाट के श्मशान घाट में मां की चिता को मुखाग्नि दी। बेटी को बेटे का फर्ज निभाते देखकर वहां पर उपस्थित सभी की आंख नम हो गईं।

मोहल्ला होली वाला निवासी व्यापारी हरीश अग्रवाल की 45 वर्षीया पत्नी रजनी अग्रवाल की गुरुवार को बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। हरीश अग्रवाल एक बेटी शिवांगी है, जो एमएससी करने के बाद पिछले कई वर्ष से नगर के एक इंटर कालेज में बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रही है। उसने मां की चिता को मुखाग्नि देने का फैसला किया। शुक्रवार को वह परिजन, रिश्तेदारों के संग ब्रजघाट गंगा पहुंची और मां की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान हर किसी की आंख भर आईं। हर कोई गमगीन हो गया। सभी बेटी की मां के प्रति प्रेम की सराहना कर रहे हैं।

**बैठक** — अमरोहा महोत्सव की तैयारियों को लेकर एडीएम ने दिए निर्देश

# अधिकारी सामंजस्य बनाकर महोत्सव सफल बनाएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग बैठक करते एडीएम सुरेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

▶▶ 12 फरवरी से पहली बार शुरू होगा अमृत महोत्सव

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। ज्ञात हो कि 12 फरवरी से 20 फरवरी तक जनपद में प्रथम बार अमरोहा महोत्सव मनेगा। एडीएम ने कहा कि 12 फरवरी को शाम सात बजे अमरोहा महोत्सव का उद्घाटन होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महोत्सव में सभी अपनी भागीदारी से और एक दूसरे का सामंजस्य से बिठाकर कार्य करें ताकि महोत्सव को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग समेत 30-35 विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि कहा कि इस अवधि में ट्रैफिक की उचित व्यवस्था हो ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो। ट्रैफिक व्यवस्था इस प्रकार हो कि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि अमरोहा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। महोत्सव में लोगों की सुरक्षा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा जिस अधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है। उसका अच्छे से पालन करें और अमरोहा महोत्सव को सफल बनाएं।

उन्होंने कहा कि अमरोहा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए उचित व्यवस्था हो क्योंकि इस महोत्सव में मंच पर कलाकार अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपनिदेशक कृषि आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत रत्न देने की घोषणा का स्वागत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल के आवास पर शुक्रवार शाम भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। जहां पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा करने पर हर्ष जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी सुरेंद्र सिंह स्टेट व संचालन चौधरी वेदपाल सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. एलसी गहलौत, भाजपा मंडालध्यक्ष सुनील गुप्ता, चौधरी कुलवंत सिंह, शशिकांत शर्मा, चौधरी नरेन्द्र सिंह, भोला सिंह, नवीन गर्ग रहे। वहीं डॉ. श्याम सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं ने चरण सिंह के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जिपं सदस्य डॉ. सोरन सिंह, कावेंद्र सिंह, समाजसेवी तेजवीर सिंह अलुना, रालोद किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, रविराज आदि मौजूद रहे।



चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



उर्स में कव्वाली पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

### उर्स में हुआ कव्वाली का मुकाबला

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव ढक्का में चल रहे हजरत बंदगी शाह पीर फरीदी के उर्स में गुरुवार रात को कव्वाली का मुकाबला हुआ। जिसका आगाज हसनैन साबरी जावेद परवाज और वफा नियाजी व उनके साथियों ने मिलकर किया। इसमें हजरत बंदगी शाह पीर फरीदी साहब की शान में कलाम पढे। आखिर में कुल शरीफ पढ़कर कव्वाली की मुकाबला समाप्त हुआ। इसमें मौजूद लोग शोएब चौधरी, नईम चौधरी, मोहम्मद दिलशाद, आजम चौधरी, इमरान कुरैशी, साकिर अली, नईम डीलर, अरशद फरीदी, अंसार सलमानी आदि लोग मुकाबला ए प्रोग्राम में उपस्थित रहे।



मंडी धनौरा में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

### उपद्रवियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता शुक्रवार को तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विकास कुमार को सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि हल्द्वानी में अवैध अतिक्रमण हटाने गए पुलिस प्रशासन की टीम पर उपद्रवियों द्वारा जो हमला हुआ है वो निंदनीय है। राष्ट्रीय बजरंग दल ने पुलिस प्रशासन पर हमला करने वाले उपद्रवियों पर राजद्रोह का मुकदमा कायम करने उनकी संपत्ति जब्त करने व उनकी नागरिकता समाप्त करने कि मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अंकित सैनी, पवन जिजवानिया, अरुण, अजय, नन्हे सिंह आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व ईओ। ● अमृत विचार

### दरगाह का पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**हसनपुर, अमृत विचार :** स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने सभासदों के साथ शाह विलायत दरगाह का निरीक्षण कर निर्देश दिए। शुक्रवार को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने नगर के संभल बस स्टैंड के निकट स्थित शाह विलायत साहब दरगाह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दरगाह कमेटी से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं के विषय में वार्ता की। इसी के साथ दरगाह कमेटी द्वारा मार्ग पर बने गेट को सही करवाने की मांग की गई। मांगों को ध्यान में रखते हुए पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, बाबू करण सिंह, सभासद शाहनवाज, हम्ज़ा अली, अलीमुद्दीन, नौशाद, दिलशाद, मोनीश, गुड्डू, नाजिम, मुस्तकीम व कब्रिस्तान कमेटी मौजूद रही।



गोशाला का निरीक्षण करते सीडीओ ● अमृत विचार

### सीडीओ ने किया नंदी विहार गोशाला का निरीक्षण

**रहरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को नंदी विहार गुरेठा गोशाला का मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। गोवंश की देखरेख हेतु स्थायी व्यवस्था करने के लिए टिन या सीमेंट की चादर लगाने के लिए कहा। निर्माण कार्य करने एवं ठंड के चलते मौसम के अनुसार गोवंशों की ढंग से देखरेख करने को लेकर निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खुशीराम, डॉ. नीरज, विधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र कुमार खड़गवंशी, खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।



रासेयो शिविर को सम्बोधित करते शिक्षक डॉ. चंद्रवीर सिंह। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर आयोजित

**गजरौला, अमृत विचार :** रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं को कौशल विकास हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को रासेयो के उद्देश्य तथा महत्व के बारे में बताया। फिर डॉ. इन्द्रदेव, डॉ. अजय कुमार, डॉ. चन्द्रवीर, डॉ. रीना रस्तौगी, डॉ. नेहा अग्रवाल, प्रो. सीमा सिंह ने संबोधन किया। प्राचार्या डॉ. नम्रता वर्मा ने छात्र-छात्राओं के द्वारा किये गए कार्यों की प्रसंशा की। दूसरे सत्र में अभिग्रहित ग्राम फौन्दापुर में जनसम्पर्क किया। शिविर आयोजन में हरपाल, सुनील, धर्मेंद्र,अमित आदि का सहयोग मिला।

## एक नजर

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर व्यक्त किए विचार

**संभल/सिरसी अमृत विचार :** जवाहर लाल मैमोरियल इंटर कॉलेज सिरसी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम हुआ। जिसमें रामपुर से आए वारिस और उनकी टीम ने गीत एवं कव्वाली की प्रस्तुति देकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति आदि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रेमपाल सिंह और प्रधानाचार्य रवींद्र कुमार शर्मा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में कक्षा नौ से बारह तक के छात्र और स्टाफ मौजूद रहा। संचालन चेतेंद्र भटनागर ने किया।

### गोली मारने के दो आरोपी गिरफ्तार

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में नौ दिन पहले गोली मारकर ग्रामीण को घायल करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस एक तमंचा भी बरामद हुआ। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव बिधौती फाजलपुर निवासी राजेश कुमार व पप्पू ने 1 फरवरी को पुरानी रंजिश के चलते गांव पतरिया से दवा लेकर घर जाते समय गांव के ही भगवान सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया था। भगवान सिंह के भाई बृजलाल ने पांच लोगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने राजेश कुमार व पप्पू को गिरफ्तार कर लिया।

### बच्चों के विवाद में बड़ों में हुई मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में बच्चों में हुए विवाद के बाद बड़ों में हुई मारपीट में एक व्यक्ति को उसके नाजुक अंगों पर पैर से मारकर घायल कर दिया। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पंवासा निवासी मजदूर मोहम्मद चांद व चालक शफीक पत्नी व बच्चों सहित नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय में दोनों एक ही किराये के मकान में रहते हैं। गुरुवार को खेल खेल में मोहम्मद चांद व शफीक के बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर रात आठ बजे मोहम्मद चांद व शफीक दोनों आपस में भिड़ गए और गाली गलौज करते हुए आपस में मारपीट की। पुलिस ने शफीक व उसके साले को हिरासत में ले लिया।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, सीओ की अगुवाई में पुलिस और आरएएफ जवानों ने किया पैदल मार्च

# जनपद में रही कड़ी सतर्कता, ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में बवाल के बाद जनपद संभल में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। कड़ी सतर्कता के बीच ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई तो मस्जिदों के अलावा दूसरे स्थानों पर पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी। संभल में सीओ की अगुवाई में पुलिस और आरएएफ जवानों ने पैदल भ्रमण किया। एसपी ने भी पहुंचकर सुरक्षा इंतजाम देखे और अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए।

अति संवेदनशील संभल में शुक्रवार को सुबह से ही निगरानी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम दिखाई दिए। मस्जिदों के अलावा विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती करने के साथ ही अधिकारियों ने भी भ्रमण शुरू किया। सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार, भारी पुलिस बल और आरएएफ के जवानों के साथ शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से पैदल भ्रमण के लिए निकले। इस बीच ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई। पुलिस और आरएएफ के जवानों ने अस्पताल चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी तिराहा, आर्य समाज रोड, नखासा चौराहा, बाजार, कोतवाली, चक्की का पाट से होकर जामा मस्जिद तक पैदल भ्रमण किया। जामा मस्जिद समेत दूसरी मस्जिदों पर पुलिस तैनात रही। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी शुक्रवार को चप्पे-चप्पे पर पुलिस की मुस्तैदी के साथ ही निगरानी रही।


सीओ अनुज कुमार की अगुवाई में पैदल भ्रमण करते आरएएफ के जवान। ● अमृत विचार

▸▸ शहर से देहात तक मस्जिदों पर तैनात रही पुलिस, कई जगह रहे कड़े सुरक्षा के इंतजाम

### असमोली क्षेत्र में सतर्क रही पुलिस

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में भी शुक्रवार को पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी, शहबाजपुर कला, मुबारकपुर बंद, मढ़न, गुमसानी आदि में विशेष सतर्कता बरती गई। गांव ओबरी में जुमे की नमाज के दौरान थाना प्रभारी हरीश कुमार पुलिस बल के साथ तैनात रहे। चौकी प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहकर निगरानी करते रहे।

## सार-संक्षेप

### जुमे पर मस्जिदों के बाहर रहा पुलिस का पहरा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जुमे की नमाज को लेकर अधिकांश मस्जिदों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर को नमाज शांति पूर्वक संपन्न होने के बाद पुलिस ने राहत महसूस की। शुक्रवार की सुबह से ही पुलिस बल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में गश्त करती रही। हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद जनपद की पुलिस सतर्क हो गई। शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर सुबह से ही पुलिस बल सतर्क हो गया। सुबह से ही पुलिसकर्मियों ने शहर में गश्त शुरू कर दी थी। दोपहर एक बजे सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद पर पहुंच गए। यहां सीओ ने आसपास के लोगों से वार्ता की। इसके अलावा संभल गेट स्थित सुनहरी मस्जिद, खूबचंद्र बाजार स्थित लाल मस्जिद, फव्वारा चौक स्थित मस्जिद, बड़ी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के बाहर पुलिस का पहरा रहा।


गुन्नौर में पैदल भ्रमण करते सीओ व एसडीएम। ● अमृत विचार

### गुन्नौर में एसडीएम, सीओ ने किया पैदल भ्रमण

**गुन्नौर अमृत विचार :** शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर नगर क्षेत्र में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। एसडीएम रमेश बाबू, सीओ आलोक सिद्धू, कोतवाल संजीव बालियान ने पुलिस बल के साथ नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया। कोतवाल ने बताया कि आला अफसरों के निर्देश पर गुरुवार रात से ही पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। हल्द्वानी प्रकरण के मद्देनजर सोशल मीडिया सेल भी अलर्ट है।

### जायंट्स इंटरनेशनल की काउंसिल मीट बहजोई में

**बहजोई, अमृत विचार :** सत्र 2024 की प्रथम जायंट्स इंटरनेशनल फेडरेशन-5 की काउंसिल मीट का आयोजन इस वर्ष बहजोई में किया जाएगा। जिसमें 6 राज्यों के प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। जायंट्स फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि काउंसिल मीट में 6 राज्यों के 75 स्थानों से जायंट्स प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। उक्त काउंसिल मीट की तैयारियों को लेकर बहजोई के जायंट्स पदाधिकारियों की बैठक में अंतिम रुप दिया गया। बैठक में पदाधिकारी ने कहा कि बहजोई को 6 वर्षों बाद काउंसिल मीट के आतिथ्य करने का मौका मिला है। इसलिए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी जुट जाएं। सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए जिससे बहजोई की साख बढ़े। इस दौरान डॉ. उमेश अग्रवाल, सम्भव जैन, लव कुमार आर्य, दिलीप किशोर, दीपक गोस्वामी, मीनू कमल वार्ष्णेय, अनीता श्रीवास्तव, बबिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जिले में ग्राम परिक्रमा यात्रा 12 फरवरी से

**बहजोई, अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा की तर्ज पर अब भाजपा किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा भाजपा गांव-गांव पहुंचेगी। कार्यकर्ता केंद्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां को ग्रामीणों तक पहुंचाएगी। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने जनपद की 670 ग्राम पंचायत में यात्रा पहुंचने का दावा किया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 12 फरवरी से जनपद की 670 ग्राम पंचायत में ग्राम परिक्रमा यात्रा प्रारंभ की जाएगी। इसके तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए किए गए कार्यों तथा हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभान्वित करने की जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में चार करोड़ 10 लाख गरीबों को अपना पक्का घर मिला है। जल जीवन मिशन के तहत 10 करोड़ 85 लाख घरों तक जल्द से कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित पेयजल पहुंचाया गया है।

# बिजली टीम से मारपीट, महिलाओं ने लगाया अभद्रता करने का आरोप

### कनेक्शन काटने गई थी टीम, सरकारी कागजात फाड़ने का आरोप, दी तहरीर

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार :** सरायतरीन में बिजली के बिल की वसूली और बकाया अधिक होने पर बिजली की लाइन काटने पहुंची बिजली विभाग की टीम के साथ महिला उपभोक्ता के बेटों ने मारपीट करते हुए सरकारी कागजात फाड़ दिये। महिला उपभोक्ता ने भी बिजली विभाग की टीम पर अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज करने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला रहमत नगर नवादा में शुक्रवार को बकाया वसूली व बिजली का बिल अधिक होने पर लाइन काटने बिजली विभाग की टीम गई थी। आरोप है कि बकाया जमा करने की बात कहने पर महिला उपभोक्ता बच्चन की पत्नी चंदा बी ने अपने बेटों के साथ मिलकर बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट की और सरकारी कागजात फाड़ दिए। किसी तरह से जान बचाकर भागे सरकारी लाइनमैन भूपेंद्र सिंह व संविदा कर्मी अभिषेक, करन, सुनील कुमार ने अधिकारियों को मारपीट की सूचना दी। सूचना मिलने पर एसडीओ संभल महेंद्र सिंह यादव भी मौके पर पहुंच गए। भूपेंद्र सिंह ने महिला उपभोक्ता चंदा बी पर दूसरा केबिल ड़ालकर बिजली चोरी करने व मारपीट करते हुए सरकारी कागजात फाड़ने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। अपने खिलाफ पुलिस में तहरीर देने की भनक लगने पर चंदा बी भी मुहल्ला की कई महिलाओं को लेकर थाने पहुंच गई। आरोप लगाया कि अचानक नशे की हालत में खुद को बिजली विभाग में अधिकारी बताते हुए दरवाजा खोलकर कई लोग घर के अंदर घुस आए। घर में बाथरुम नहीं होने से चंदा बी की पुत्रवधु नहाने व कपड़े धोने का काम कर रही थी। आरोप लगाया कि टीम ने अभद्र व्यवहार करते हुए बकाया बिजली का बिल जमा करने को कहा। रुपये नहीं होने की बात कही तो बिजली विभाग के कर्मचारी गाली गलौज करने लगे। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।


सरायतरीन में आपस में उलझते बिजली कर्मी व महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ आरोप लगाया कि नशे की हालत में खुद को बिजली विभाग में अधिकारी बताते हुए कई लोग घर के अंदर घुस आए

### दो बाइकों की भिड़ंत में महिला सहित 4 घायल

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में आगरा मुरादाबाद हाईवे पर गांव नूरपुर तिराहे के पास दो बाइकों में हुई आमने सामने की भिड़ंत में महिला समेत चार लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर दो लोगों को अलीगढ़ रेफर किया गया।

मुरादाबाद जिले के गांव खंडुआ निवासी नरेंद्रपाल शुक्रवार को अपनी पत्नी ममता के साथ मौनी अमावस्या के मौके पर राजघाट गंगाघाट पर गंगा स्नान करने के बाद बाइक से घर जा रहा था। आगरा मुरादाबाद मार्ग पर बबराला के नजदीक गांव नूरपुर तिराहे के पास सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नरेंद्रपाल व ममता और दूसरी बाइक पर सवार कैल की मढैया निवासी मोहित व उसकी बहन डोली घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नरेंद्रपाल, ममता और मोहित को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जबकि डोली को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### भूखंड बेचने के विवाद में महिला से मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**गुन्नौर अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में भूखंड बेचने के विवाद में महिला को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल विधवा महिला का सीएचसी में मेडिकल कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सैंजना मुस्लिम निवासी बानो ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि एक भूखंड बेचने को लेकर गांव के इंतजार पुत्र नत्थू, मुख्तार पुत्र इंतजार और नेहा पत्नी मुख्तार से विवाद चल रहा है। बुधवार को वह घर के बाहर खड़ी थी, तभी तीनों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट की। मारपीट में बानो घायल हो गई। आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।


एडीएम कार्यालय परिसर में धरना देते भाकियू शंकर के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# भाकियू का एडीएम कार्यालय परिसर में धरना

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के बैनर तले किसानों ने एडीएम कार्यालय परिसर में धरना दिया। छुट्टा गोवंश पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजने समेत कई मांगें उठाई।

भाकियू शंकर से जुड़े किसान शुक्रवार को एडीएम कार्यालय परिसर पहुंचे और धरना शुरू किया। पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर विचार रखे। कहा कि छुट्टा गोवंश पशुओं को तत्काल पकड़वाकर गोशाला भेजने का काम किया जाए।

हर घर जल योजना के तहत गांवों में तोड़ी गईं सड़कों और खड़ंजों की मरम्मत कराने की मांग उठाई। सरकार से घोषित गन्ना मूल्य पर विचार करने, पात्रों के राशन कार्ड बनवाने, किसानों की खतौनी सही कराने, बिजली विभाग में भ्रष्टाचार की रोकथाम कराने की मांग उठाई। इस दौरान चौधरी कामेंद्र सिंह, महीपाल सिंह, मिंकू चौधरी, प्रशांत शर्मा, सेवक सैनी, दिनेश चौधरी, प्रवेंद्र यादव, राजवीर पाल, अंसार मलिक आदि रहे।

▸▸ छुट्टा गोवंश से निजात दिलाने की मांग उठाई

# नहर संपर्क मार्ग पर पुल निर्माण को लेकर किसानों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मध्य गंगा नहर निर्माण खंड नौ कार्यालय पर प्रदर्शन कर एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नहर से जुड़ने वाले संपर्क मार्ग पर पुल निर्माण कराने की मांग उठाई।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को पदाधिकारी और कार्यकर्ता मध्य गंगा नहर निर्माण खंड नौ कार्यालय पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

भाकियू पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि गांव रायपुर में नहर से गांव मूसापुर और अझरा को जोड़ने वाले दो संपर्क मार्ग हैं। किसी भी संपर्क मार्ग पर पुल का निर्माण नहीं कराया गया है। जबकि पहले भी जानकारी दी गई थी।

कहा कि दोनों संपर्क मार्गों में से किसी एक पर पुल बनाना जरूरी है। जिससे आने वाले समय में किसानों को परेशानी नहीं होगी। अगर पुल का निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो भाकियू असली 21 फरवरी को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान चौधरी संजीव गांधी, जयवीर सिंह यादव, मोहम्मद नाजिम, मरगूब आलम, शाकिर, जाहिद, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद नासिर, अमरपाल सिंह, मोहम्मद सुलेमान, दिलशाद आदि रहे।

▸▸ भाकियू असली के पदाधिकारियों ने नहर विभाग के एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन


बबराला में राजघाट गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# मौनी अमावस्या पर गंगा में लगाई डुबकी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** मौनी अमावस्या पर संभल जिले के गंगा घाटों पर श्रद्धालु उमड़े। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद विधि-विधान से पूजा अर्चना कर जरूरतमंदों को दान दिया। मंदिरों में देव दर्शन किया गया। तमाम श्रद्धालुओं ने मौन व्रत रखने की परंपरा भी निभाई।

मौनी अमावस्या पर मौन रहकर गंगा में स्नान और उसके बाद दान करने का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान सौ गुना फलदायी होता है। शुक्रवार को सुबह से ही जनपद संभल के गंगाघाट राजघाट, असदपुर, साधु मढ़ी, अनूपहशहर, हरिबाबा धाम पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के बाद दान पुण्य किया। इसके साथ ही पितरों का तर्पण कर गरीबों को भोजन भी कराया। गंगाघाटों पर गंगा स्नान और मंदिरों में दर्शन पूजन का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। राजघाट गंगा घाट के महंत श्याम गिरि महाराज ने बताया कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने से व्यक्ति के कई तरह के दोष दूर हो जाते हैं। मौन रह कर गंगा स्नान की विशेष महत्ता है।

# अच्छे उत्पाद की अच्छी पैकेजिंग भी जरूरी

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार :** सरायतरीन में मूनलाइट हैंडीक्राफ्ट पर उद्योग विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग संस्थान के एक्सपर्ट ने व्यापारियों को उत्पादों की सही पैकेजिंग के बारे में बताया। कहा कि उत्पाद अच्छा हो और पैकेजिंग अच्छी ना हो तो खरीदने में कोई रुचि नहीं लेगा।

सरायतरीन में मूनलाइट हैंडीक्राफ्ट कारखाने में गुरुवार को आयोजित बैठक में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग संस्थान के अधिकारियों ने कहा कि सरायतरीन में बने हड्डी सींग के हस्तशिल्प उत्पाद देश ही नहीं विदेशों में काफी पसंद किए जाते हैं। तैयार होने के बाद उत्पादों की पैकेजिंग की जाती है।

अगर आपका उत्पाद बहुत कीमती और आकर्षक है, लेकिन उसकी पैकेजिंग उच्च श्रेणी की नहीं है तो उपभोक्ता पैकेट के अंदर रखे प्रोडक्ट को खरीदने में ज्यादा रुचि नहीं लेगा। उदाहरण दिया कि कई बार जब हम एक ग्राहक के रूप में बाजार जाते हैं तो प्रोडक्ट की आकर्षक पैकेजिंग देखकर संतुष्ट हो जाते हैं और अंदर रखे उत्पाद को बारीकी से नहीं देखते।

बताया कि उत्पादों की पैकेजिंग अच्छी होने से बिक्री बढ़ेगी और नए ऑर्डर मिलेंगे। कारोबारियों को बताया गया कि वह कैसे अपने माल की पैकेजिंग करें। इस दौरान ओडीओपी से असिस्टेंट कमिश्नर नेहा, अंजली अग्रवाल, विपिन कुमार, नीलम पाठक, राजेंद्र कुमार वर्मा और हैंडीक्राफ्ट कारोबारी मौजूद रहे।



सरायतरीन में कारोबारियों को पैकेजिंग के टिप्स देते एक्सपर्ट। ● अमृत विचार

▸▸ हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों को दिये माल की सही पैकेजिंग के टिप्स

▸▸ पैकेजिंग अच्छी होने से बिक्री बढ़ेगी और नए ऑर्डर मिलेंगे



## एक नजर

### स्कूल के वाहनों में नियमों को लेकर की जांच

**संभल अमृत विचार** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता, पीटीओ आबदीन अहमद ने स्कूली वाहनों को चेक करते हुए नियमों को लेकर पड़ताल की। 21 स्कूली वाहनों में जांच की गई। एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी में एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा परिवहन निगम की 11 बसों का निरीक्षण किया। चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

### आज बाधित रहेगी कई क्षेत्रों की बिजली

**संभल अमृत विचार** : विद्युत पारेषण खंड द्वारा 132 केवी उपकेंद्र संभल पर 33केवी कंट्रोल एवं रिले पैनल का कार्य किए जाने के चलते शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। जिस कारण 33केवी पोषक चौधरी सराय, लखौरी और संभल तहसील की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

# कल्कि धाम निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृत

## उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जिला पंचायत में किया गया था मानचित्र स्वीकृति को आवेदन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए जिला पंचायत ने शुक्रवार को मानचित्र को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मानचित्र स्वीकृत होने के बाद अब धाम निर्माण की सभी बाधाएं खत्म हो गई हैं। धाम निर्माण से जुड़े लोगों के साथ ही करोड़ों कल्कि भक्तों को अब 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धाम के शिलान्यास का इंतजार है। प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर तैयारियों को पूर्ण करने के लिए सरकारी अमला 24 घंटे काम कर रहा है।

कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने 2016 में धाम के शिलान्यास की तैयारी की थी मगर आयोजन से एक दिन पहले समाजवादी पार्टी सरकार ने कानून व्यवस्था बिगड़ जाने का अंदेशा जता कर शिलान्यास पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी को चुनौती दी थी। अदालत में तर्क दिया गया था कि 18 साल से हर साल पांच दिन का कल्कि महोत्सव होता है जिसमें लाखों लोग शामिल होते हैं। कभी भी कोई समस्या सामने नहीं आई तो फिर धाम बनने से क्या समस्या आ सकती है। कुछ माह पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सरकार व प्रशासन की पाबंदी को खारिज कर धाम निर्माण का रास्ता साफ कर दिया था। कल्कि धाम निर्माण से पहले मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायत में आवेदन किया गया था तो जिला पंचायत ने भी अपनी औपचारिकताओं को पूर्ण कर कल्कि धाम का मानचित्र स्वीकृत कर दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने बताया कि कल्कि धाम निर्माण के लिए मानचित्र को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।



कल्कि धाम में आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लेते जिलाधिकारी मनीष बंसल। ● अमृत विचार

### कल्कि पुरम में रुकेंगे पांच हजार साधु संत

**संभल,अमृत विचार** : ऐंचोड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास का कार्यक्रम भव्य होगा। शिलान्यास कार्यक्रम में देश भर से पांच हजार से ज्यादा साधु संत शामिल होंगे। इन संतों के विश्राम के लिए आयोजन स्थल के नजदीक कल्कि पुरम का निर्माण किया जा रहा है। कल्कि धाम के प्रवक्ता पंकज चाहल ने बताया कि आधुनिक टेंट बेहद सुविधाजनक होंगे।

### 12 को डीजीपी व 13 को मुख्यमंत्री के आगमन की संभावना

**संभल, अमृत विचार** : 19 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित आगमन के मद्देनजर कहा जा रहा है कि 12 फरवरी को प्रमुख सचिव व डीजीपी कल्कि धाम पहुंच सकते हैं। इसके बाद 12 या 13 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की बात कही जा रही है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों संग निरीक्षण किया। इस अवसर पर आचार्य प्रमोद कृष्णम भी रहे।

### मां अन्नपूर्णा प्रसादम में एक साथ भोजन कर सकेंगे 5 हजार लोग

**संभल, अमृत विचार** : कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों के भोजन का भी इंतजाम किया गया है। मां अन्नपूर्णा प्रसादम मंडप बनाया गया है। इसमें पांच हजार लोग एक साथ भोजन कर सकेंगे।

## सार-संक्षेप



वृद्ध के नेत्रों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### 50 लोगों का कराया गया नेत्र परीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार** : भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से हनुमानगढ़ी स्थित मोहन आई केयर क्लीनिक पर वृद्धा आश्रम के 50 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें नेत्र रोग संबंधी 13 लोगों को आंखों के ऑपरेशन की सलाह दी गई। 15 लोगों को चश्मा व 20 लोगों को खांसी, जुकाम, दर्द की दवा निशुल्क दी गई। निशुल्क आपरेशन की व्यवस्था शीघ्र कराई जाएगी। नेत्र रोग विशेष डॉ. रमाकांत वार्ष्णेय ने वृद्धजनों के नेत्रों की जांच मशीनों से की। इस अवसर पर समिति के डॉ. टीएस पाल, डॉ. विनय वार्ष्णेय, शिप्रा वार्ष्णेय, रेखा वार्ष्णेय, कुणाल वार्ष्णेय, सोनू सिंह, अरुण, सुरेंद्र सिंह, सागर आदि मौजूद रहे।



अनुष्ठान में शामिल जैन समाज से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

### ऋषभनाथ भगवान का गुणगान किया

**बहजोई, अमृत विचार** : जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 भगवान ऋषभनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस माघ कृष्ण चतुर्दशी को मोक्ष कल्याणक दिवस के रूप में मनाया गया। ऋषभनाथ भगवान का गुणगान किया। जैन मंदिर में श्री दिगम्बर जैन सभा के तत्वावधान में सर्वप्रथम भगवान का पांडुक शिला पर अभिषेक व शांति धारा कर भगवान की विधि विधान पूर्वक अष्ट द्रव्यों से पूजा की गयी। इस मौके पर माघ कृष्ण चतुर्दशी के दिन प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ भगवान को कैलाश पर्वत से मोक्ष प्राप्त होने के उपलक्ष्य में पूजन किया और निर्वाण कांड का पाठ कर निर्वाण लाडू चढ़ाया। दिगम्बर जैन सभा के महामंत्री सम्भव जैन कहा कि दुनिया को सर्वप्रथम अहिंसा, अस्तेय, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, असि, मसि, कृषि, वाणिज्य, शिल्प और कला का उपदेश ऋषभदेव जी ने दिया। इस दौरान अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, महामंत्री सम्भव जैन, विपुल जैन, मनोज कुमार जैन, चंद्रप्रकाश जैन, मितेश जैन, छाया जैन, संतोष देवी जैन, आशा जैन, सरिता जैन मौजूद रहे।

### बच्चों ने विद्यालय में बनाया लजीज पिज्जा

**चन्दौसी, अमृत विचार** : एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में राष्ट्रीय पिज्जा दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा तीन, चार व पांच के बच्चों को अध्यापिकाओं द्वारा लजीज पिज्जा बनाना सिखाया गया। इसके बाद बच्चों ने स्वयं ब्रेड पिज्जा बनाया और सभी बच्चों ने मिलकर उसका स्वाद लिया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि हर वर्ष नौ फरवरी को राष्ट्रीय पिज्जा दिवस मनाया जाता है। यह एक प्रिय भोजन है, जो दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित व लोकप्रिय व्यंजनों में से एक है। इसे बच्चें अत्यधिक पसंद करते हैं। इसी क्रम स्कूल में बच्चों द्वारा पिज्जा तैयार किया गया। पिज्जा बनाने में टमाटर, प्याज, ब्रेड, मक्खन, आदि का उपयोग किया। बच्चों ने अपनी अध्यापिकाओं को पिज्जा बनाकर खिलाया। इस अवसर पर दिव्या, शालू, प्रिया, नेहा, काजल, सिल्की, अनुषा, इशिता, निशा, हुमा, तृप्ति आदि मौजूद रहे।

### एसएम कॉलेज में श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव

**चन्दौसी, अमृत विचार** : एसएम कॉलेज के बीएड विभाग में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हेमंत सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बीएड के छात्र-छात्राओं द्वारा श्रीराम भक्त के रूप में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का पूजन कराया गया। श्रीराम का किरदार कनक गुप्ता व माता सीता का दिया सिंह ने निभाया। मां सीता द्वारा वाटिका में पौधारोपण भी किया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. एनके शर्मा, डॉ. चंद्रकांता सिंघल, डॉ. स्तुति वशिष्ठ, डॉ. कंचन त्रिपाठी, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अंजू चौहान, डॉ. वंदना गुप्ता, अशोक, श्वेता गुप्ता, आयुष, मुस्कान, अनिल, अदिति, बेबी, निशा, आदि मौजूद रहे।



स्मार्टफोन मिलने के बाद खिले छात्राओं के चेहरे। ● अमृत विचार

### 613 छात्र छात्राओं को मिले स्मार्टफोन

**संभल/जुनावई, अमृत विचार** : राजकीय महाविद्यालय जुनावई में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 613 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवाराम बाबूजी रहे। छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते हुए इस्तेमाल की जानकारी दी गई। बताया गया कि शेष छात्र छात्राओं को बाद में स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। इस दौरान डॉ. विमल कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. शिप्रा, डॉ. आराधना वर्मा, अतुल कुमार, डॉ. अवधेश कुमार, हेमंत कुमार, डॉ. प्रिया सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर यज्ञ देव शर्मा ने की।

### एक वर्ष में ही गिरने लगे हाईवे के खम्भे

**चन्दौसी, अमृत विचार** : राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रयास से एक वर्ष पहले बहजोई रोड, मुरादाबाद रोड, बदायूं रोड पर हाइवे के दोनों ओर लाइटें लगवाई गई थीं। अब उन विद्युत खम्भों में दर्जन भर गिर चुके हैं। कुछ झुक गए हैं। जिससे हादसों का अंदेशा बना हुआ है। विद्युत पोलों की मरम्मत का कार्य भी नहीं कराया जा रहा है। खम्भों पर लगी लाइटों में कुछ ने रोशनी देना बंद कर दिया। इसके बाद धीरे-धीरे एक दर्जन खम्भे धराशायी हो गए। जो अभी भी हाइवे किनारे पड़े हुए हैं। जबकि कुछ तिरछे होने के बाद गिरने की हालत में पहुंच गए हैं। रात के समय अंधेरा होने पर इन तिरछे खम्भों से हादसा होना का खतरा बना रहता है। नागरिकों की कई बार शिकायत के बाद भी गिरे व तिरछे खम्भों को दुरुस्त नहीं कराया गया है।

### अंडरपास निर्माण के लिए आंदोलन उग्र करने की चेतावनी

**संभल, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 17वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। शुक्रवार को गांव भटौला में धरने पर बैठे किसानों ने नारेबाजी की। कहा कि प्रशासन और यूपीडा के अधिकारी किसानों को हल्के में ले रहे हैं। प्रकरण में गंभीरता नहीं दिखाई तो किसान आंदोलन को उग्र किया जाएगा। मंडल उपाध्यक्ष वीरेश यादव ने कहा कि जल्द ही अंडरपास निर्माण शुरू कराया जाए। करीब 35 गांव प्रभावित हो रहे हैं। यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो 17 फरवरी को गंगा एक्सप्रेसवे का काम बंद करा दिया जाएगा। इस दौरान भोला यादव, शाहिद, सोमदत्त, भूरे सिंह, विनय सैनी, जुगल किशोर, रामकुमार यादव, विजय सिंह, विनोद कुमार, होशियार सिंह, अनोखेलाल, सुरेश सैनी, हाजी साबिर, भूरा अली, कृपालु, मुकेश, जसवंत आदि रहे।

# अल्कोहल टिंचर की बिक्री रोकने को मेडिकल स्टोर पर छापेमारी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** अल्कोहल आधारित टिंचर का दुरुपयोग न हो सके, इसके लिए एक संयुक्त टीम ने बहजोई के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। किसी भी मेडिकल स्टोर पर टिंचर बरामद नहीं हुआ। मेडिकल स्टोर संचालकों को औषधि निरीक्षक में साफ सफाई रखने व क्रिया विक्रय अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

जिले में औषधि विभाग के अलावा आबकारी और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने बहजोई में छापेमारी की। औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम बहजोई क्षेत्र के स्टेशन रोड पुराना बाजार नया बाजार स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोर पर पहुंची। जहां उन्होंने मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की, लेकिन किसी पर भी टिंचर बरामद नहीं हुआ। औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर संचालकों को मेडिकल स्टोर पर साफ सफाई रखने तथा क्रय विक्रय अभिलेखों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा क्योंकि आमतौर पर शिकायतें मिलती हैं कि नशे के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली टिंचर की बिक्री मेडिकल स्टोर पर होती रहती है।



बहजोई में मेडिकल स्टोर पर जांच करते औषधि निरीक्षक। ● अमृत विचार

## चोरी के स्टार्टर संग तीन किशोरों सहित चार पकड़े

**संभल/असमोली, अमृत विचार:** असमोली थाना पुलिस ने चोरी के तीन स्टार्टर बरामद कर चोरी में शामिल तीन किशोरों सहित चार लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर किशोरों को बाल सुधार गृह भेजकर एक आरोपी का चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मढ़न में स्थित बाजार के पास शुक्रवार को एक संदिग्ध व्यक्ति के तीन किशोरों के साथ खड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति व तीनों किशोरों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को व्यक्ति के पास से नलकूप चलाने के तीन स्टार्टर बरामद हुए। पुलिस की पकड़ में आए व्यक्ति ने अपना नाम पता मढ़न निवासी बाबर बताया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए बाबर का चालान कर दिया और तीनों बाल अपचारियों को बाल सुधार गृह भेज दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को घर-घर जाकर संपर्क किया। शक्ति केंद्र गणेश कॉलोनी के संयोजक डॉ. टीएस पाल ने बताया कि बूथ संख्या 163 से 169 तक बूथ प्रवासी पूर्व सभासद कुलदीप वार्ष्णेय, बूथ प्रवासी सभासद तरुण नीरज, अर्चित अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर संपर्क किया।

जिसमें प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार बनवाने का आग्रह किया। कहा कि इस बार चार सौ पार का संकल्प लिया है। दीवार लेखन, नमो ऐप, सरल ऐप, डाउनलोड कराए गए। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र को कल्कि धाम आगमन पर उनको सुनने पहुंचने की अपील की।

इस अवसर पर अभियान के सहसंयोजक धारा सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक डॉ. टीएस पाल, श्याम सुंदर दुबे, कृष्ण मोहन गुप्ता, मोहित कुमार, आकाश शर्मा, रोशन लाल दिवाकर, नितिन कुमार, मनोज कुमार, हरीश कठेरिया, मुनीश वार्ष्णेय, अशोक गुप्ता, अजय अग्रवाल, हरिओम कश्यप, विमल शर्मा, सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।



गांव चलो अभियान के तहत जनसंपर्क करते भाजपाई। ● अमृत विचार





गुमथल में जागरुकता रैली निकालते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# यातायात जागरुकता के लिए निकाली रैली

▸▸ एसएम कॉलेज में रासेयो शिविर का गांव गुमथल में समापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के दूसरे शिविर का आयोजन गांव गुमथल में किया गया। स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई की। कार्यक्रम का आरंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया। स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर बनाकर रैली निकाली। जिसमें ग्रामीणों को सुरक्षा के नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा संबंधी अन्य नियमों की जानकारी दी। रैली के दौरान सड़क सुरक्षा अपनाना है, जीवन को बचाना है, यातायात नियमों का रखे ध्यान, तभी बनेगा देश महान आदि नारे लगाकर ग्रामीणों को यातायात के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। दूसरे सत्र में यातायात सुरक्षा विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं में यातायात नियमों का पालन न करने के कारण होने वाली मृत्यु में सबसे अधिक युवा शामिल है। शिविर में अरविंद, अमित कुमार, तेजपाल, अर्जुन, आकाश मौर्य, पीयूष शर्मा, शिवम मोहन, मोहन शर्मा, रोहित मौर्य, राधेश्याम, अंशुल कुमार, अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने पोस्टर बनाकर किया लोगों को जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने पोस्टर बना कर यातायात जागरुकता को प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने किया। कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। क्योंकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर संगीता गोयल, प्रोफेसर अर्चना कुमारी मौजूद रही। प्रतियोगिता में स्वाति ने प्रथम, सृष्टि ने द्वितीय, खुशनबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी शीतल, डॉ. प्रियंका, डॉ. सुनीता उपाध्याय, डॉ. रीता, डॉ. विभा. डॉ. मनीषा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली यातायात जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** 24 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में एसएम इंटर कॉलेज से यातायात जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एसएम कॉलेज, एसएम इंटर कॉलेज, नानक चंद्र आदर्श इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज, इंटर कॉलेज बहजोई, एसएसआईसी नरौली आदि के एनसीसी कैडेट्स ने रैली में प्रतिभाग किया। एसएम इंटर कॉलेज से एआरटीओ जेपी गुप्ता ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्रारंभ हुई रैली ने प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। रैली में कैडेट्स नागरिकों व राहगीरों से यातायात नियमों का पालन करने को जागरूक करते चल रहे थे। एसएम इंटर कॉलेज में रैली का समापन हुआ। अंत में यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने कैडेट्स को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ग्रहण कराई। एआरटीओ जेपी गुप्ता ने कैडेट्स को यातायात नियमों में हुए संशोधनों की जानकारी दी। एसएम इंटर कॉलेज के कैडेट्स विवेक पाठक व नितिन श्रीवास्तव को विद्यालय के एनसीसी अफसर कैप्टन चंद्रवीर सिंह व प्रधानाचार्य राजेशगुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेजर मुनीश शर्मा, चंद्रवीर सिंह, श्रीराम वर्मा, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।



यातायात नियमों की शपथ लेते कैडेट्स।



सामग्री वितरण के दौरान समिति की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

# मौनी अमावस्या पर दाऊजी मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार** : वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से मौनी अमावस्या पर कैथल गेट स्थित दाऊजी मंदिर पर खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समिति पदाधिकारियों ने लोगों को खिचड़ी, रेवड़ी, मूंगफली, बिस्कुट व फलों का वितरण किया। समिति की प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि मौनी अमावस्या पर गंगा में स्नान करने व दान करने का अधिक महत्व होता है। जिसको लेकर समिति की ओर से दाऊजी मंदिर पर राहगीरों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विनेश वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, डॉ. सोनल वार्ष्णेय, उषा वार्ष्णेय, सुधा, पूजा वार्ष्णेय, डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय, अर्पिता, मोनिका, गीता, सविता, रीना, रचना, वर्षा, अनुराधा, भावना, चांदनी, दीपमाला, रागिनी, महिमा, पूजा, प्रियांशी, प्रिया, वंदना, रितु, सीमा आदि मौजूद रहीं।

प्रसन्नता | पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सरकार को साधुवाद दिया

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर हर्ष की लहर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर विभिन्न संगठनों और किसानों में खुशी का माहौल है। विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सरकार को साधुवाद दिया।

अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के बैनर तले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हल्लू सराय में चौधरी चरण सिंह पार्क में हुई। जिसमें भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न देने पर खुशी जाहिर करते हुए सरकार को साधुवाद किया।

चौधरी विजयपाल सिंह ने कहा कि संगठन पिछले 10 साल से भारत के सच्चे सपूत चौधरी साहब को भारत रत्न देने की मांग कर रहा था जो अब पूर्ण हुई है। उन्होंने गरीब, मजदूरों और किसानों के हित में अनेक कार्य किए। चौधरी अरविंद सिंह एडवोकेट ने कहा कि चौधरी साहब ने जीवनभर किसानों की लड़ाई लड़ी और उनके हक की आवाज को बुलंद किया।

यहां चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मिठाई वितरित की गई।

इस दौरान शील चंद, धर्मेंद्र सिंह चाहल, अनुज कुमार, वीपी सिंह, रवि कुमार एडवोकेट, रमेश कुमार एडवोकेट, त्रिवेंद्र सिंह एडवोकेट, यशोदेव एडवोकेट, लवकेश एडवोकेट, प्रकाशवीर एडवोकेट, संजीव गांधी, सोमपाल प्रधान, राजेंद्र सिंह, कपिल चौधरी, संतवीर, चौधरी महीपाल सिंह, विकास चौधरी, चौधरी करतार सिंह, चौधरी भूरे सिंह, चौधरी नरेंद्र सिंह, यतेंद्र वर्मा, अमित गौतम आदि रहे। अध्यक्षता अजय गिल ने तथा संचालन शाहनवाज संभली ने किया।



संभल में खुशी मनाते संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

### रालोद कार्यकर्ता महसूस कर रहे गर्व

**संभल अमृत विचार** : राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह पार्क पर पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री को भारत रत्न मिलने पर कार्यकर्ता गर्व महसूस कर रहे हैं। वह किसानों के सच्चे मसीहा थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास, मौअज्जम खान, विमल चौधरी, चौधरी जसवंत, खलील अहमद खान, अरकान मलिक, वीरेंद्र यादव, मोहम्मद रफी खान आदि रहे।

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम्॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

## संपादकीय

# सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये ज़रूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

# लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक मैं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसके लिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत ही पढ़ते हैं तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिक लेखन के भाषाई स्वरुप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नल्सनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रैट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान की नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेस्मेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीएँफ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भो और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

## प्रसंगवश

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

# हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।



संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

## सोशल फोरम

# हमारे जमाने की प्रेमिकाएं

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-ह्रदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं ! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया !

-फेसबुक वॉल से

# विवाह संस्था को बचाना होगा

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

# अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है। यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## एक नजर

### ज्योति यात्रा निकाली

**नगीना, अमृत विचार :** रामलला के अयोध्या में विराजमान होने पर जय मां बालाजी सुंदरी ट्रस्ट ने नगर में मां काली की ज्योति यात्रा निकाली। शुक्रवार दोपहर को धामपुर मार्ग स्थित देवी दुर्गा के मंदिर से ज्योति यात्रा शाम को कोतवाली मार्ग स्थित मां काली मुक्तिधाम पर पहुंच कर संपन्न हुई। ज्योति यात्रा में सुसज्जित वाहन पर नंदलाल भगवान श्रीराम के चित्र के साथ ज्योति लिए बैठे थे। ज्योति यात्रा में अजय पंडित, राहुल राज, जितेंद्र सैनी, सत्यम सैनी, अक्षय चौहान, उमा रोशन, स्वाति विश्नोई, अंजलि विश्नोई रहे।

### चाकू के साथ युवक धरा

**नहटौर, अमृत विचार :** कांस्टेबल संदीप कुमार व राजदीप सिंह गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि युवक किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक से एक चाकू बरामद किया। पूछताछ में पकड़े युवक ने नाम शहजाद उर्फ गलकटा उर्फ रंधावा निवासी मोहल्ला मिर्दगान बिजनौर बताया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया है। आरोपी पर पहले ही विभिन्न थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं।

# शिकायतों के निस्तारण में न हो लापरवाही

## कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी ने की बैठक, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों की अपर जिलाधिकारी ने समीक्षा की। आईजीआरएस शिकायत निस्तारण सहित जन शिकायतों के निस्तारण में जिले की गिरती रैंक पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील हैं। समय से शिकायतों, समस्याओं का निस्तारण न करना शासन के निर्देशों का उल्लंघन हैं, जो कि किसी भी स्थिति में बदार्शत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने पर लापरवाह व दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में जिले की रैंकिंग को प्रभावित करने में मुख्य रूप से बिजली एवं वन विभाग शामिल हैं।



बैठक करते अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार सिंह। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि आईजीआरएस शासन की प्राथमिकता में है। अपर जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अब जनसुनवाई पोर्टल पर प्रतिदिन कोई भी मामला डिफाल्टर न हो। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने विभागवार सभी बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विद्युत, वन विभाग, सिंचाई, परिवहन, विकास, स्वास्थ्य, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभाग जिनका फीडबैक में खराब प्रदर्शन है तथा उनसे जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, सभी को कठोर चेतावनी देते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के दौरान ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास त्यागी ने आईजीआरएस पोर्टल पर उपलब्ध शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी जयेन्द्र सिंह, उप निदेशक कृषि गिरीश चन्द आदि मौजूद रहे।

## लापरवाही बरतने पर दो पुलिसकर्मी निलंबित

**बिजनौर, अमृत विचार :** चांदपुर थाना क्षेत्र की चौकी पर नियुक्त चौकी इंचार्ज अजय कुमार तथा थाना कोतवाली शहर की जाटान चौकी पर तैनात अंकुर यादव को पुलिस अधीक्षक ने कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक अजय कुमार के अधीनस्थ पुलिसकर्मी राजन ने रिश्वत की मांग की थी। इस मामले में पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार की भूमिका संदिग्ध मानते हुए पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने अजय कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय जांच भी शुरू करा दी है। वहीं, शहर कोतवाली की जाटान चौकी में नियुक्त आरक्षी अंकुर यादव के बीट क्षेत्र में विशाल को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि अपने कार्यों में लापरवाही नही बरतें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बंद सफल बनाने के लिए किसानों से सहयोग की अपील

संवाददाता, अफजलगढ़

**अमृत विचार :** 16 फरवरी को होने वाले भारत बंद को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को गांव मुरलीवाला में मदन सिंह राणा के आवास पर भाकियू की बैठक हुई।

इसमें मदन सिंह राणा ने ब्लाक अफजलगढ़ कमेटी प्रभारियों को प्रमाण पत्र सौंपकर प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में मदन सिंह राणा ने कहा कि सरकार लगातार किसानों को प्रताड़ित कर रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कृषि अधिकारी बीमा कंपनियों से मिलीभगत कर फसली नुकसान को कम दिखाकर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। इसके अलावा जंगली जानवरों से हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने के कारण किसानों में नाराजगी है। उन्होंने 16 फरवरी को होने वाले भारत बंद को सफल बनाने के लिए व्यापारियों, दुकानदारों सहित सभी से बंद में सहयोग का आह्वान किया। वहीं ब्लाक अध्यक्ष ने ब्लाक अफजलगढ़ कार्यकारिणी का गठन भी किया। ब्लाक महासचिव राणा सिंह सैनी, संगठन मंत्री जसपाल सिंह, ब्लाक उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह कम्बोज और जसवीर सिंह, ब्लाक सचिव गुरविंदर सिंह गिल, सरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष जसवीर सिंह तथा जोन प्रभारी अफजलगढ़ सभासद रिजवान हसन को मनोनीत किया है। जिसमें बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधान चिरंजीलाल सिंह व संचालन राणा सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के अलावा विजेन्द्र सिंह कलकल, राणा सिंह, सभासद रिजवान हसन मौजूद रहे।

## बेहोश मिली महिला की उपचार के दौरान मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** सेंट मैरी चौराहे पर एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोश पड़ी मिली। जिसे निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

थाना चांदपुर बबनपुर निवासी विजय कौशिक ने अपनी पुत्री प्रिया शर्मा की लगभग दो वर्ष पहले बिजनौर निवासी शैली शर्मा के साथ शादी की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही शैली शर्मा प्रिया को आए दिन मारता पीटता था। इसलिए प्रिया अपने पिता के घर बबनपुर चली गई थी। प्रिया गुरुवार को ससुराल के लिए निकली थी। शुक्रवार को ससुराल के पास वह बेहोश पड़ी मिली। इलाज के दौरान प्रिया की मौत हो गई। प्रिया के परिजनों का कहना है कि पुत्री को ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया और उसको जहर देखकर मारा है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मां-बेटी की मौत

संवाददाता, चांदपुर

**अमृत विचार :** धनौरा मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास धनौरा की ओर आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने पैदल जा रही मां-बेटी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में शाइस्ता परवीन पत्नी गुलजार व बेटी मायरा परवीन घायल हो गईं। दोनों को लोग सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतकों के परिजनों ने बताया कि मां बीड़ी बनाकर घर का खर्च चलाती थीं। जब दोनों मां-बेटी धनौरा मार्ग पहुंची तो पीछे से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। कुछ लोग घायल अवस्था में इनको सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली के चालक को हिरासत में लिया है।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक घायल

**नहटौर, अमृत विचार :** स्कूटी से झालू जा रहे ग्रामीण को बाइक सवार तीन युवक टक्कर मारकर फरार हो गए। राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्राम छजुपुरा गंधू निवासी हरफूल सिंह पुत्र रामसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका छोटा भाई मुन्नू अपनी स्कूटी से झालू जा रहा था। जब वह ग्राम पाली की पुलिया के निकट पहुंचा तो उसे बाइक डीएल8एसबीआर पर सवार तीन युवक टक्कर मारकर फरार हो गए। राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां भी उसकी हालत में सुधार नहीं होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हादसे में महिला और दो बेटे घायल

**स्योहारा, अमृत विचार :** नूरपुर मार्ग पर गांव ढाट के मोड़ के पास गन्ने के ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक अनियंत्रित होकर डम्पर में जा घुसी। इस हादसे में एक महिला का पैर कुचल गया और दो बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताते हैं कि वकार अहमद नूरपुर के मोहल्ला हजरत से स्योहारा के गांव पित्थापुर शादी में शामिल होने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह स्योहारा-नूरपुर मार्ग गांव ढाठ के पास पहुंचा तो एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी पत्नी खुशनुमा 32 वर्ष डम्पर के बीच जा जा गिरी। जिसकी वजह से उसका पैर कुचल गया। हादसे में महिला उसके बेटे अयान छह वर्ष अरहान चार वर्ष तीनों की हालत गम्भीर है। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## सार संक्षेप




रैली से पहले एकत्र छात्राएं। ● अमृत विचार

### रैली निकालकर सड़क सुरक्षा के नियम बताए

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** साहू जैन कॉलेज की एनएसएस छात्रा इकाई ने सड़क सुरक्षा जागरूकता व पर्यावरण संबंधी रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनपी सिंह ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह यात्रा करते समय सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन करें। जागरुकता रैली कॉलेज से होकर आदर्श नगर, हिमालयन कॉलोनी एवं विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए वापस कॉलेज पर आकर समाप्त हुई। जिसके बाद छात्राओं ने ग्राम ततारपुर लालू में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र पाल सिंह, अनिल कुमार राजपूत, हरविंदर सिंह, डॉ. दीपक त्रिपाठी, परमिल कुमार, मनीष गुप्ता, डॉ. जयेश, डॉ. प्रवीण, डॉ. सूर्यकान्त भारती, नवीन, विकास यादव, डॉ. जानवी, सहित मुबशिशरीन, तानिया, अमन, रिबाल, मुस्कान, सदफ, ईल्मा, अनु शर्मा आदि मौजूद रहे।



नगीना-धामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलटा पड़ा ट्रक। ● अमृत विचार

### हाईवे पर चावल के कट्टों से भरा ट्रक पलटा

**नगीना, अमृत विचार :** उत्तराखंड के किच्छा से सरकारी चावल के कट्टे भरकर हरिद्वार ले जा रहा ट्रक नगीना-धामपुर रोड स्थित काला खेड़ी फाटक के करीब सामने की दिशा से आ रही बस को बचाने की कोशिश में पलट गया। हादसे में ट्रक का चालक बच गया लेकिन चावल के कट्टे बिखर गए। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के किच्छा से ट्रक में चावल के कट्टे भरकर हरिद्वार जाने के लिए शुक्रवार शाम ट्रक लेकर चालक वहां से चला था। शुक्रवार रात करीब दो बजे जब ट्रक नगीना-धामपुर मार्ग स्थित काला खेड़ी फाटक के करीब पहुंचा तो सामने से आ रही एक बस को बचाने की कोशिश में पलट गया। इस हादसे में ट्रक में भरे चावल के कट्टे बिखर गए। हालांकि ट्रक का चालक सामने का शीशा तोड़कर बाहर निकल आया और घटना की जानकारी ट्रक स्वामी को दी। बाद में दूसरे ट्रक से चावल के कट्टों को हरिद्वार भेजा गया।

### चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा का स्वागत

**बिजनौर, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा होने पर नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख चौधरी तपराज सिंह देशवाल के नेतृत्व में उनके कार्यालय में मिष्ठान वितरण बांटी गई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख चौधरी तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि किसानों के अग्रणी नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के सम्मान की घोषणा अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने किसानों व खेती-किसानी से जुड़े लोगों के आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण लिए जीवन भर काम किया। कार्यक्रम में बृजराज सिंह देशवाल, विक्रांत चौधरी, जुगनेश चौधरी, प्रशांत चौधरी, चौधरी सुनील कुमार, सुखविंदर सिंह गोल्डी, चौधरी धीर सिंह, सतविंदर सिंह, अर्पण अहलावत, नर्वेल सिंह, पिंकूर रघुवंशी, कृष्ण कुमार सिंह, निखिल कुमार, नरेंद्र कुमार आसिफ उपस्थित रहे।

### किसानों ने किया बंद को सफल बनाने का आह्वान

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति कार्यालय परिसर में हुई। जिसमें बताया गया कि 16 फरवरी को भारतीय किसान यूनियन और किसान संगठन हड़ताल करेंगे। जिसमें किसानों से भारत बंद का आह्वान किया है। किसानों ने बताया कि किसान, मजदूर, व्यापारी अपने काम बंद रखेंगे। किसानों ने सरकार से एमएसपी पर कानून बनाने व अपने किए गए वादे को पूरा करने की मांग की है। पंचायत की अध्यक्षता अवनीश कुमार व संचालन वीनेश राणा ने किया। इस अवसर पर होशियार सिंह, सुनील सिंह, अजय कुमार, हुकम सिंह, रंधावा, संदीप कुमार, योगेंद्र सिंह, चौधरी महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### नगीना के युवक की देहरादून में हादसे में मौत

**नगीना, अमृत विचार :** नगीना के युवक की देहरादून में सड़क हादसे में मौत हो गई। जितेंद्र तथा उसका साथी सौरभ देहरादून में रहकर किसी कैंटीन में कार्य करते थे। कैंटीन का सामान खरीदने के लिए स्कूटी से विकास नगर की तरफ जा रहे थे। स्कूटी सौरभ चल रहा था तथा पीछे की सीट पर जितेंद्र बैठा हुआ था। करीब 9 बजे के आसपास पीछे की ओर से आ रही तेज गति से बाइक ने टक्कर मार दी। स्कूटी अनियंत्रित हो गई और जितेंद्र स्कूटी से सिर के बल गिरा उसकी मौत हो गई। मृतक जितेंद्र 25 वर्ष पुत्र धर्मपाल तथा घायल सौरभ पुत्र रोहिताश 24 वर्ष युवक नगीना के मोहल्ला आंबेडकर निवासी हैं।

### कैडर कैंप में बसपा की नीतियां बताईं

**बिजनौर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी विधानसभा बिजनौर के सेक्टर नंबर सात शाहबाजपुर सेक्टर नंबर आठ मौडिया का संयुक्त सेक्टर स्तरीय कैडर कैंप रविदास धर्मशाला माहेश्वरी में हुआ। जिसकी अध्यक्षता संजय कुमार सेक्टर अध्यक्ष एवं संचालन ब्रह्मपाल सिंह पूर्व मंडल प्रभारी ने किया। इसमें मुख्य अतिथि सुरेश आर्य मुख्य प्रभारी मुरादाबाद मंडल एवं दिलीप कुमार उर्फ पिंटू जिला अध्यक्ष बिजनौर रहे। कैडर कैंप में सुरेश कुमार आर्य ने बहुजन समाज पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। दिलीप कुमार उर्फ पिंटू जिला अध्यक्ष ने कहा कि संविधान में संशोधन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिविर में दीपक राज जिला प्रभारी बिजनौर, कविराज सिंह, समर सिंह, कैडर कैंप में अमित कुमार विश्वकर्मा भाजपा छोड़ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए।



अमानगढ़ में घूमता बाघ। ● अमृत विचार

### भ्रमण के दौरान वन अधिकारियों को दिखे बाघ

**बिजनौर, अमृत विचार :** अमानगढ़ सफारी में एक दिवसीय भ्रमण पर आए चीफ कंजरवेटिव व कंजरवेटिव को जंगल में बाघ और हिरण दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि जनपद के अमानगढ़ सफारी में पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाएं व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी करने पहुंचे चीफ कंजरवेटिव वी प्रभाकर तथा कंजरवेटिव रमेश सिंह ने डीएफओ बिजनौर अरुण कुमार सिंह के साथ जंगल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें दो अलग-अलग स्थानों पर बाघ दिखाई दिए। जिसकी दोनों अधिकारियों ने फोटो भी लिए तथा जंगल सफारी के दौरान हिरन, चीतल सहित कई पशु-पक्षी दिखाई देने पर उन्होंने इसे पर्यटन के रूप में एक बेहतर जंगल सफारी बताया। गौरतलब है कि कई वन्य जीव इस अभ्यारण्य में बड़ी संख्या में हैं तथा दूर दूर से इस सफारी में पर्यटन के लिए लोग पहुंच रहे है। जिसके लिए यहां सरकारी स्तर से पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

## अमरोहा - मुरादाबाद देहात

### भोजपुर स्वास्थ्य केंद्र में 38 गर्भवती महिलाओं की जांच

**भोजपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में कैंप लगाया गया। जिसमें क्षेत्र की 38 गर्भवती महिलाओं की खून की जांच की गई है। साथ ही अन्य लोगों की जांच भी की गई। सीएचसी प्रभारी दो असलम ने बताया कि इन महिलाओं के पहले ही जांच के लिए नाम भेजे गए थे। उसी के आधार पर इनकी जांच की गई है।

### रेलवे पुलिस ने चोर पकड़ा मोबाइल बरामद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ल के निर्देश पर जारी अभियान में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा की टीम ने मो .राजिक पुत्र मुख्तयार हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। राजिक अब्दुल्ला बाड़ा मस्जिद के पास कस्बा बिलारी का निवासी है। 22 वर्ष के इस आरोपी के पास से पुलिस ने मोबाइल बरामद किया है। इस घटना में मामला दर्ज था। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास है।

# छुट्टा पशुओं से किसान परेशान, जिम्मेदार अनजान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं से अपनी फसल को सुरक्षित करना किसानों के लिए बड़ी चुनौती है। ठंड हो या गर्मी या बरसात किसान की रात खेतों में गुजरना उनकी नियति बन गई है।

इस हांड़ कंपाने वाली ठंड में भी किसान खेतों में रात गुजारने के लिए विवश हैं। इतना करने के बाद भी पलक झपकते ही छुट्टा पशु उसकी पसीने की कमाई चट कर जाते हैं। समय के साथ सब कुछ बदल गया। अगर नहीं बदला तो वो है किसानों की दशा। महंगी सिंचाई, महंगे बीज महंगी खाद, उसके बाद फसल सुरक्षा के लिए तमाम तरह के कीटनाशकों का छिड़काव मतलब हर कदम पर खर्चे ही खर्चे।

इसके बाद भी इन छुट्टा पशुओं से फसल की निगरानी के लिए 24 घंटे खेत में टकटकी लगाए रहना सबसे बड़ी समस्या है। जिसके तरफ किसी का ध्यान नहीं है। जगह-जगह गोशाला खुलने के बावजूद छुट्टा पशुओं का झुंड गोशालाओं की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। पुश चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक अतुल कुमार ने बताया कि छुट्टा पशुओं को जल्द ही पकड़वाकर गोशालाओं में भेजा जाएगा।



कालोनी में लड़ते छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

**परेशानी**

- शिकायत करने के बाद भी नहीं होती कार्रवाई
- बढ़ रही लागत के बावजूद फसल बचाना मुश्किल



छुट्टा पशु किसानों की फसलें बर्बाद करने पर तुले हैं। प्रशासन द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। गेहूं की फसलों को बचाना मुश्किल हो रहा है।

– घनश्याम सिंह, किसान



किसानों की फसल खराब हो चुकी हैं। गेहूं व अन्य फसलों बचाना मुश्किल हो रहा है। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। किसान देर रात तक फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

– विरेंद्र सिंह, किसान

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफ नगर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी शादी 08 सितंबर 2018 को थाना भोजपुर के युवक के साथ मुस्लिम हुई थी। शादी में क्षमतानुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले नाखुश थे। कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दो लाख रुपये देने की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर विवाहिता से मारपीट की। 7 फरवरी को देवर ने पति की गैरमौजूदगी में कमरे में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। शिकायत करने पर विवाहित को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# बिना रजिस्ट्रेशन संचालित अस्पताल सील, एफआईआर

संवाददाता, मैनाठेर

**कार्रवाई**

- अस्पताल में भर्ती प्रसूता को जिला अस्पताल भेजा गया
- स्वास्थ्य विभाग की टीम कई दिनों से कर रही है कार्रवाई

**अमृत विचार :** मैनाठेर में शुक्रवार को बिना पंजीकरण संचालित अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉ के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी गयी है ।

नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार चौधरी ने मैनाठेर में बिना पंजीकृत के चल रहे अस्पताल को सील कर दिया और अस्पताल संचालक के खिलाफ केस पंजीकृत कराने के लिए मैनाठेर थाने में तहरीर दी है। बीते सप्ताह से स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार अपंजीकृत अस्पतालों पर छापामार कार्रवाई कर रही है। मंडलायुक्त के आदेश पर इब्राहिम हेल्थ केयर सेंटर पर पहुंचे नोडल अधिकारी को बिना पंजीकृत अस्पताल चलता मिला जिसमें एक प्रसूता भर्ती मिली। प्रसूता को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

इस बीच वहां पर मौजूद डॉ. जीशान से जब रजिस्ट्रेशन के कागजात मांगे गए, तो वह नहीं दिखा सके। इस मौके पर अन्य स्टाफ भी मौजूद था। इसके बाद नोडल अधिकारी ने थाने में तहरीर दी। मैनाठेर पुलिस ने तहरीर के आधार पर इडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू दी है। वहीं दूसरी ओर मैनाठेर क्षेत्र में लगातार कार्रवाई से झोलाछाप में हडकंप मचा हुआ है ।

**कार्यक्रम** राजकीय महाविद्यालय में अंतरिक्ष सप्ताह के अंतर्गत हुए आयोजन

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ नैतिक गुणों को भी आगे बढ़ाएं

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को मुरादाबाद काशीपुर रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में अंतरिक्ष सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिनमें पौधरोपण, श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, संजीवनी पर्वत का छायांकन के साथ श्रेष्ठ गुणों का सम्मान प्रदर्शित किया गया। छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद असलम खां ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ नैतिक गुणों को भी आगे बढ़ाना है। संयोजिका डॉ. शालिनी गुप्ता व समिति सदस्य डॉ. सरस्वती, मधु त्यागी, डॉ. पूजा, वंदना भारती, अमित ने कार्यक्रम में सहयोग किया। इसी के साथ-साथ महाविद्यालय में परामर्श सत्र एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमें डॉ. पूजा निर्माणिया ने छात्राओं से वार्तालाप की तथा शपथ दिलाई। साथ ही सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों का पालन करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ का आयोजन डॉ. मनोज कुमार पारस द्वारा किया गया। साथ ही महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण भी किया गया।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## एक नजर

### असमोली में बूढ़े बाबू का मेला आज से

संभल/असमोली अमृत विचार : असमोली में बूढ़े बाबू का मेला शनिवार से शुरू होगा। जहां बड़ी तादाद में लोग पहुंचकर जलाशय में स्नान करेंगे और प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगेंगे। मान्यता है कि जलाशय में स्नान करने और बूढ़े बाबू के मंदिर में जात लगाने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### अदालत के आदेश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी महिला ने दिल्ली निवासी पति सहित आठ लोगों पर दिसंबर माह में दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस में सुनवाई नहीं होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली। शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर महिला के पति दिल्ली के मुहल्ला खजूरी खास निवासी सलमान, देवर मोहसिन, मोहम्मद अनस, जेठ मोहम्मद फहीम, ननद शाहिस्ता व ननदोई इरफान, सास शमा परवीन पत्नी हाजी उमर फारुख और मुहल्ला निवासी शमीम के खिलाफ दुष्कर्म करने व दहेज मांगने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

### पेपर लीक के कारण रद्द बीएएमएस की परीक्षा 17 को

बरेली, अमृत विचार : गजरौला के केंद्र पर बीएएमएस का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद रद्द की गई परीक्षा अब 17 फरवरी को होगी। 20 जनवरी को गजरौला में बीएएमएस की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र से मिलते-जुलते प्रश्नों की पर्ची लीक हुई थी। इसके बाद विवि ने तुरंत परीक्षा निरस्त कर दी थी। विश्वविद्यालय ने गजरौला के केंद्र से प्रश्नपत्र लीक होने की संभावना के चलते केंद्र भी बदल दिया था। अब विवि ने निरस्त परीक्षा को 17 फरवरी को कराने का निर्णय लिया है।

### बरेली कॉलेज में एमकॉम मिड टर्म परीक्षा 12 से

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा 12 फरवरी से शुरू होंगी। एमकॉम प्रथम सेमेस्टर-एडवांस्ड मैनेजमेंट अकाउंटिंग और बिसनेस रिसर्च मैथोडोलॉजी की परीक्षा 12 फरवरी, स्टेटिस्टिकल मेथेड्स और मैनेजेरियल इकोनॉमिक्स की 13 फरवरी को होगी। इसके अलावा एमकॉम तृतीय सेमेस्टर- एडवांस्ड फाइनेंशियल मैनेजमेंट और ई-कॉमर्स की परीक्षा 15 फरवरी और एडवरटाइजिंग एंड सेल्स मैनेजमेंट और स्टेटिक मैनेजमेंट की 16 फरवरी को होगी।

# हमारे घरों पर बुलडोजर चलेगा तो अपनी हिफाजत खुद करेंगे

## गिरफ्तारी देने को निकलने से पहले मौलाना तौकीर रजा ने मीडिया से बात कर दिखाए तीखे तेवर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली में अपने घर से आला हजरत मस्जिद की ओर जाते मौलाना तौकीर रजा खां। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गिरफ्तारी देने के लिए पहले अपने निवास से निकलने से पहले मौलाना तौकीर रजा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अगर हमारे घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो अपनी हिफाजत हम खुद करेंगे। बोले, अफसोस इस बात का है कि सुप्रीम कोर्ट इन घटनाओं का संज्ञान नहीं ले रहा है। प्रधानमंत्री के सामने भी शिकायत की जा सकती थी लेकिन वह खुद देश के सबसे बड़े बेईमान हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को यह कहकर आगाह किया कि प्रदेश में मुसलमानों को दबाना बंद किया जाए।

मौलाना ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि देश का कानून हमें अधिकार देता है कि अगर कोई हमारे ऊपर हमलावर हो रहा है तो हम उसे जान से मार दें। बोले, अपराध मदरसे ने नहीं किया है जो बुलडोजर चला दिया गया। जिसने अपराध किया, सजा उसे सजा दी जानी चाहिए। पुलिस और बजरंग दल मिलकर देश को बदनाम करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों का भी हनन हो रहा है। हम इस बेईमानी को बर्दाश्त नहीं कर सकते।

**तीखे तेवर**

- **बोले- सुप्रीम कोर्ट संज्ञान नहीं ले रहा**
- **कानून में अधिकार, कोई हमलावर हो तो उसे मार दें**

हल्द्वानी में हुए बवाल का जिक्र करते हुए मौलाना तौकीर ने कहा कि हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या हम अंधे-बहरे बने बैठे रहेंगे।

सुप्रीम कोर्ट भी संज्ञान नही ले रहा है तो हम अपनी हिफाजत खुद करेंगे। मौलाना ने यूनिफार्म सिविल कोड पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह यूनिफार्म कब रहा जब उसमें कुछ लोगों को छोड़ दिया गया।

## मौलाना ने कहा- लाठी चलाओ या गोली, हर हाल में जाऊंगा इस्लामिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पुलिस से धक्का-मुक्की और अफसरों से तीखी नोकझोंक नहीं बढ़ने दिया गया आगे तो वापस लौटे**

अमृत विचार : करोलान मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद मौलाना तौकीर ने भीड़ से बगैर नारेबाजी किए गिरफ्तारी देने को कहा। इसके बाद रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े तो पुलिस से धक्कामुक्की शुरू हो गई। अफसरों से तीखी नोकझोंक के दौरान मौलाना ने कहा, चाहे उन पर लाठी चले या गोली मार दी जाए, वह हर हाल में इस्लामिया ग्राउंड जाएंगे। हालांकि अफसरों ने उन्हें समझाया और आगे नहीं बढ़ने दिया। मौलाना को इस पर वापस लौटना पड़ा। नमाज के बाद मौलाना तौकीर गलियों से होते हुए वह बिहारीपुर पुलिस चौकी की बगल वाली गली में पहुंचे तो पार्टी नेता नदीम खान, डॉ. नफीस, मुनीर इदरीसी समेत तमाम समर्थकों ने इस्लामिया ग्राउंड तक जाने की मांग शुरू कर दी। इसके बाद मौलाना रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर बढ़े लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। बता दें कि मौलाना ने नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने के बाद कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का एलान किया था। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि सांकेतिक तौर पर गिरफ्तारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही पार्टी के नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा रहा। मौलाना ने भीड़ से की अपील- अब शांति से लौट जाएं इस्लामिया ग्राउंड तक जाने में विफल रहे मौलाना तौकीर ने वापस लौटते हुए एक बार फिर भीड़ को संबोधित किया। बोले, हमें जो विरोध जताना था वह जता दिया है। जो लोग प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं, वे अब शांतिपूर्वक लौट जाएं।

## बाजार गई लड़की का अपहरण कर होटल में किया दुष्कर्म

हापुड़, अमृत विचार : घर से चाउमीन लेने बाजार गई कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की 17 वर्षीय किशोरी को ठेला संचालक बाइक पर अपहरण कर ले गया। आरोपी छात्रा को थाना देहात क्षेत्र स्थित एक ओयो होटल में लेकर पहुंचा। जहां आरोपी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।

मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस होटल संचालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। छह फरवरी की शाम करीब छह बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से चाउमीन लेने बाजार में गई थी। इस दौरान वह फ्रीगंज रोड स्थित गांव दस्तोई के सोहनवीर उर्फ सोनू के चाउमीन के ठेले पर पहुंची। मौका पाकर ठेला संचालक ने जबरन किशोरी को अपनी बाइक पर बैठा लिया और ले गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि मामले में सोहनवीर उर्फ सोनू और होटल संचालक शहजाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तंबू निर्माण में कर्नाटक टोली प्रथम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



टोली कप्तान से जानकारी लेती प्राचार्या डॉ. अलका रानी अग्रवाल। ● अमृत विचार

अमृत विचार: एनकेबीएमजी कॉलेज में तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का समापन समारोह पूर्वक किया गया। जिसमें रेंजर्स ने तंबू निर्माण, पाक कला, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

शुक्रवार को कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल व मुख्य अतिथि भारत गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने ध्वजारोहण करके किया। इसके पश्चात रेंजर्स द्वारा बनाए गए तंबूओं का निरीक्षण अतिथियों ने किया। जिसमें रेंजर्स से तंबुओं के विषय में पूछा गया, जिसका जवाब रेंजर्स की कप्तान ने दिया। इसके बाद पाक कला का आयोजन किया गया। जिसमें रेंजर्स ने अपने-अपने तंबुओं में स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए, जिसका जायका मुख्य अतिथि व विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा लिया गया।

- **रेंजर्स ने बनाये लजीज व्यंजन, प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

अंत में रेंजर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रंखला में गीत, नृत्य, नाटक, चुटकुले व गजल प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। तंबू निर्माण में कर्नाटक टोली प्रथम, मध्य प्रदेश टोली द्वितीय, हैदराबाद टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मध्य प्रदेश टोली की ईशा रस्तोगी को सर्वश्रेष्ठ रेंजर का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मीनू भारती, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहित कुमार, संगीता गोयल, रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. इमराना आदि मौजूद रही।

## बेहोशी की हालत में बदायूं चुंगी पर मिला सिपाही

चन्दौसी, अमृत विचार: बदायूं चुंगी के पास एक सिपाही बेहोशी की हालत मिला। जिसे पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। गुरुवार की शाम यही सिपाही पुराना बाईपास स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया था। शुक्रवार की सुबह सिपाही सीएचसी से अपने घर जाने की बात कहकर चला गया था।

शुक्रवार की दोपहर एक बजे बदायूं चुंगी पर एक सिपाही बेहोशी की हालत में पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। कुछ देर बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। सिपाहियों ने जब उक्त युवक को देखा तो वह सुमित कुमार पुत्र रिचपाल सिंह निवासी 106 पाली, अनंदगढ़ी जनपद बुलंदशहर निकला। उक्त युवक सिपाही है। जो गुरुवार की शाम साढ़े पांच बजे पुराना बाईपास स्थित धन्नू मल पेट्रोल पंप के पास हाइवे किनारे बेहोशी की हालत में मिला था।

# इमाम हुसैन का मदीने से सफर का निकला जुलूस

संवाददाता,सिरसी



जुलूस में शामिल शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सिरसी में इमाम हुसैन का मदीने से सफर का जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी तादाद में अजादारों ने शिरकत की।

मुहल्ला बाजार में इमाम बारगाह हजरत अब्बास अलमदार में मजलिस हुई। मर्सिया गदीरूल हसन ऊर्फ बाबू और उनके हमनवां ने पढ़ा। मौलाना कम्बर अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। कहा कि माहे रजब की 28 तारीख को इमाम हुसैन अपने परिवार और साथियों के साथ मदीने से कर्बला के सफर के लिए निकले थे। उनके साथ सफर में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। उसी की याद में जुलूस निकलता है। नौहाख्वानी काजिम अली, अकबर हुसैन, अख्तर सिरसीवी ने की। मुहल्ला शर्की में स्टेशन रोड पर मस्जिदे जहरा में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सिया वकार मेहंदी और उनके हमनवां ने पढ़ा। मौलाना हुसैन रजा ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद जुलूस मदीने से सफर बरामद हुआ। जिसमे सवारी वाकर मेहंदी ने पढ़ी। जुलूस स्टेशन रोड से होता हुआ इमाम बारगाह मासूम अली, इमाम बारगाह मुहल्ला सादात पर पहुचा। जहां अंजुमन जुल्फकारे हैदरी ने नौहा पढ़ा। अजादारों में या हुसैन, या हुसैन की सदाएं बुलंद की।

# अग्रवाल सभा ने भाजपा नगराध्यक्ष का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



भाजपा नगराध्यक्ष को प्रतिमा भेंट करते सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: अग्रवाल सभा ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल का स्वागत किया। वक्ताओं ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए नगर के मेंथा व्यवसायी को नगराध्यक्ष की जिम्मेदारी देने पर खुशी व्यक्त की।

शुक्रवार को अग्रवाल सभा (रजि.) चन्दौसी के कैम्प कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल चन्दौसी के नवनियुक्त अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल को महाराजा अग्रसेन महाराज की प्रतिमा देकर, पटका और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अंकुर अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार अग्रवाल समाज सामाजिक और आर्थिक रूप से निरंतर राष्ट्र उत्थान के लिये अग्रणी रहता है उसी प्रकार समाज के लोगों को राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे समाज को प्रत्येक स्तर पर बल मिल सके। कार्यक्रम के समापन पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पवन अग्रवाल ने किया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री आकाश अग्रवाल, वरिष्ठ नेता विपिन अग्रवाल चीनी, पूर्व सभासद अर्चित अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि रहे।

# कार्रवाई को लेकर पिता का शव सड़क पर रखकर जाम लगाया

संवाददाता, हापुड़

- **सड़क पार करते समय दिल्ली से मुरादाबाद जा रही रोडवेज बस ने कुचल दिया था वेदप्रकाश को**

अमृत विचार : सेवानिवृत्त अवर अभियंता को कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान के सामने रोडवेज बस से कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद परिजन व अन्य लोग मौके पर जमा हो गए। मृतक के पुत्र ने अर्द्ध निर्वस्त्र अवस्था में शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। अन्य लोग भी उसके समर्थन में सड़क पर धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्क के बाद किसी तरह पीड़ित पक्ष को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें कहा गया है कि बुधवार रात करीब 6:00 बजे वेदप्रकाश दिल्ली रोड स्थित एक दुकान पर चाय पीने आए थे। चाय पीने के बाद वह पैदल ही घर लौट रहे थे। रामलीला मैदान के सामने पहुंचने पर पर सड़क पार करते समय दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही रोडवेज बस के चालक ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना के दौरान मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देकर चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया।

इसके बाद मृतक वेदप्रकाश का पुत्र अर्द्ध निर्वस्त्र अवस्था में बीच सड़क पर लेट गया। इसके बाद मृतक के पुत्र सहित अन्य लोगों शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद रामपुर

पत्रांक 4208/H.o दिनांकः- 09/02/2024

**निंविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर**

समस्त ठेकेदारों/सप्लायर / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियो के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर के विकास कार्यों हेतु दिनांक 01.03.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविंदाए समस्त ठेकेदारो/फर्मों से शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निंविदा अभिलेख एंव शर्ते वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 12.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01.03.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निंविदादाता दिनांक 12.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01.03.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन अपनी निंविदा दर/ दरें डाल सकते है, तथा दिनांक 01.03. 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे कार्यालय में निंविदा खोली जायेगी। निविदां खोले जाने की दिनांक को अवकाश की स्थिति मे अगला कार्य दिवस माना जाये।

| | |
|---|---|
| Publish Date and time for RFP | 12.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 01.03.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date and time of opening tender | 01.03.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे को |
| Place of opening of E-tender | Executive Officer, Office Rampur |
| E-tender security | 02% of Tender Value |
| E-tender document processing | As per tender list |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रामपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रामपुर


## बरेली कॉलेज में परीक्षा कक्ष में भिड़े छात्र

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा के दौरान कक्ष में दो छात्र आपस में भिड़ गए। एक छात्र ने दूसरे छात्र से कॉपी दिखाने के लिए कहा, जब छात्र ने मना किया तो उसकी कॉपी छीनने की कोशिश की। सचल दल ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया। इसके बाद छात्रों को अलग-अलग कक्ष में बैठाया गया। वहीं शिक्षक संघ का कहना है कि अभी भी कॉलेज में नकल पर रोक नहीं लग पा रही है।

एलएलबी और बीएएलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा 1 फरवरी से शुरू हुई हैं। एलएलबी तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हो गईं और 10 फरवरी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हो जाएगी। 12 फरवरी को बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त हो जाएगी। जब से परीक्षा शुरू हुई है, तब से बरेली कॉलेज में छात्र नकल करते पकड़े जा रहे हैं। कॉलेज में नकल की भरमार मिल रही है। शुक्रवार को परीक्षा के दौरान प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने नकल रोकने के लिए सख्ती की।



निपुण मेले में अतिथियों के सवालों के जवाब देती बच्ची। ● अमृत विचार

# निपुण चैंपियन मेले में छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए मॉडल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : विकास खंड असमोली के गांव गुमसानी में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में निपुण चैंपियन मेले का आयोजन हुआ। जिसमें 25 स्कूलों के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और विभिन्न विषयों पर आधारित गतिविधियां कीं। छात्र छात्राओं ने विभिन्न सामग्री से तैयार मॉडल भी प्रस्तुत किए।

छात्र छात्राओं ने कबाड़ से बने कई मॉडल प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुल्तान अहमद ने कहा कि मेले में छात्र छात्राओं में नेतृत्व और कौशल देखने के लिए मिला, जो इन्हें भविष्य में बढ़ने में बहुत सहायक होगा। इस दौरान संदीप कुमार सोनी, सुनील कुमार, एआरपी, शिक्षक आदि मौजूद रहे। मेले का संचालन छात्र छात्राओं द्वारा किया गया।

## 12 परीक्षा केंद्रों को दी गईं उत्तर पुस्तिकाएं

बरेली, अमृत विचारः यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं निर्बाध कराने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू हो गया। शुक्रवार की शाम तक जिले के 12 परीक्षा केंद्रों को उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं । केंद्र व्यवस्थापक राजकीय इंटर कॉलेज से उत्तर पुस्तिकाओं को अपने वाहनों से ले गए। जीआईसी के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि दो-तीन दिन में सभी 133 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण हो जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक 12 फरवरी से प्रश्नपत्रों का वितरण भी शुरू करा दिया जाएगा।

परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के पहुंचने के साथ हीं केंद्र व्यवस्थापकों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। सभी उत्तर पुस्तिकाएं 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगी। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश प्रधानाचार्यों को दिए गए हैं। सभी उत्तर पुस्तिकाओं को निर्धारित रूपरेखा के अनुसार ही सुरक्षित रखा जाना है।


## कार्यालय नगर पंचायत बबराला (सम्भल)

पत्रांक-521/न0पं0ब0/2023-2024 दिनांक-09.02.2024

**अति अल्पकालीन निविदा प्रकाशन की सूचना**

एतदद्वारा समस्त ठेकेदार/फर्मों को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग (अन्टाईड ग्रान्ट) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य सं0-01 एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वेतन आदि वितरण करने के उपरान्त शेष धनराशि से निमार्ण कार्य आदि कराने हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक-09/02/024 से दिनांक -16.02.2024 को समय सांयः 04:00 बजे तक नगर पंचायत बबराला, सम्भल में की जायेंगी। सीलबन्द निविदा कार्यालय नगर पंचायत बबराला सम्भल में रखे निविदा बॉक्स में तददिनांक को समय सांयः 04:00 बजे तक डाली जा सकती है। 5 लाख से अधिक लागत की निविदा अपरजिलाधिकारी महोदय (वि०/रा०) सम्मल के समक्ष तथा शेष निविदायें अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक 17/02/024 को समय 12:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्यों का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य+ जी.एस.टी.18% | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 15वां वित्त आयोग अन्टाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य का विवरणः- | | | | | |
| 1. | Green Wall Beautification Work At Indra Chowk | 200000.00 | 20000.00 | 236.00 | 1-माह |
| पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों का विवरणः- | | | | | |
| 2. | नगर पंचायत बबराला में वार्ड नं0-1,4,5,6,7,8 में विभिन्न स्थानों पर जाल लगाना, आर० सी०सी० स्लैब नाली मरम्मत का कार्य। | 239101.00 | 23910.00 | 282.00 | 1-माह |
| 3. | नगर पंचायत बबराला में वार्ड नं0-02,09,12 में विभिन्न स्थानों पर जाल लगाना, आर०सी०सी० स्लैब नाली मरम्मत का कार्य। | 279443.00 | 27944.00 | 329.00 | 1-माह |
| 4. | नगर पंचायत बबराला में राजघाट रोड पर चौकी के सामने लकी मेडिकल स्टोर के पास पुलिया का निर्माण कार्य। | 173252.00 | 17325.00 | 204.00 | 1-माह |
| 5. | नगर पंचायत बबराला में वार्ड 7 में मौहल्ला सुन्दर नगरी में रामनिवास के मकान से बदन सिंह के मकान तक खडंजा सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 227494.00 | 22749.00 | 268.00 | 1-माह |
| 6. | नगर पंचायत बबराला में वार्ड 6 में सिंघल होटल के पास धर्मवीर के मकान से चरनसिंहके मकान तक पुरानी सी०सी० टाइल्स उखाड़कर पुनः सी०सी० टाइल्स (उच्चीकरण) लगाने का कार्य। | 196000.00 | 19600.00 | 231.00 | 1-माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बबराला
जनपद- सम्भल

अध्यक्ष
नगर पंचायत बबराला
जनपद- सम्भल

## हल्द्वानी में मचे बवाल के बीच अब उप्र में भी अलर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** हल्द्वानी (उत्तराखंड) में मचे बवाल के मद्देनजर उप्र में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एक संप्रदाय विशेष के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को खास नजर रखने को कहा गया है। वहीं जुमे की नमाज के चलते शुक्रवार को मस्जिदों चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहा। नमाज से पहले पुलिस और पीएसी तैनात रही। डीजीपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड से सटे सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। साथ ही उधर से आने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में धर्मगुरूओं के साथ समन्वय बनाने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा गया है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

# 2047 तक सपा की वापसी की कोई संभावना नहीं है : केशव मौर्य

## जातिवार जनगणना को लेकर सपा विधायकों ने किया वॉकआउट, जातिवार जनगणना की विरोधी न तो भाजपा और न मैं हूं

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद में नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। जातिवार जनगणना की विरोधी न तो भाजपा है और न ही मैं केशव मौर्य। जनगणना केन्द्र का विषय है। जब ये सरकार में थे तब इन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। इसलिए अब 2047 तक इनकी वापसी की कोई संभावना नहीं है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए सदन से वाक आउट किया।

शुक्रवार को शून्य प्रहर में कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाए गए जातिवार जनगणना के सवाल पर उप मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। सदन में सपा और सत्तापक्ष के बीच खूब तीर चले और नोक-झोंक भी हुयी। स्वामी प्रसाद मौर्य ने



कहा आरक्षण के मामले में भाजपा की कथनी-करनी में अन्तर है। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सरकार पर आरक्षण विरोधी और पिछड़ों का अपमान कराने का आरोप लगाते व नारेबाजी करते हुये सदन से वाक आउट कर गये।

भोजनावकाश के बाद डॉ.सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विधान सभा द्वारा पारित उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने सदन के पटल पर रखा। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की खूबियां गिनाते हुये समर्थन किया, वहीं सपा के डॉ.मान सिंह सरकार को बीएसयनएल, एलआईसी, एयरपोर्ट आदि को बेचने वाली सरकार बताते हुए कहा कि मैं इस बजट का विरोध करता हूं। इसके अलावा कार्यसूची की मदों को निपटाया गया। शाम पांच बजे शनिवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया है।

**रिकार्ड गायब कर मृतक आश्रित में दूसरे को नौकरी :** बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने बरेली की कमलादेवी के पति जमुना प्रसाद की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित में नियुक्ति न देने और मृतक जमुना के संबन्धित रिकार्ड कार्यालय से गायब कर, उसी नाम के कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी देने का मामला उठाया। नेता सदन ने कहा कि मामला संवेदनशील है। डीएम पीलीभीत का तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आख्या आते ही हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा सदन को भी अवगत कराया जायेगा।

**निःशुल्क शिक्षा में अनियमित्ता की होगी जांच :** निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था अधिनियम की अनियमितता व फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर हो रहे दुरूपयोग का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड की जांच की जाये। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बीएसए आगरा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं। तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी जांच करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने कहा जांच कमेटी में तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी की जगह कोई एसडीएम अथवा तहसीलदार स्तर के अधिकारी से जांच कराये तो बेहतर होगा।

## सत्यापन के बाद ही होगा सामूहिक विवाह, भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया में हुए फर्जीवाडे का मामले का उठा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए इसी मुद्दे पर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण ने कहा कि संबधित मामलें में तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है। ग्यारह दलालों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। इस प्रकरण में भुगतान रोका गया है। अब सत्यापन के बाद ही इस प्रक्रिया में लोगों को शामिल किया जाएगा। किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने शून्य प्रहर में यह मामला उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल 537 लोगों का विवाह कराया गया। जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र थे। इस योजना में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है।

### जमीन अधिग्रहण नहीं, गन्ने बकाए का भुगतान भी हुआ

**लखनऊ।** शून्य प्रहर में ही उठे एक सवाल के जवाब में गन्ना विकास और पशुधन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि जिस किसान की आत्महत्या की बात कही गयी है उससे वन विभाग ने अपनी जमीन वापस ली थी उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। उसके गन्ने का बकाए का भुगतान भी कर दिया गया था। शून्य प्रहर में ही किसानों की आत्महत्या के उठे एक मुद्दे शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सपा के शासन काल में सरकारी जमीन पर कब्जे कराए जाते थे। किसी भी विभाग की जमीन यदि कोई कब्जा करता है तो उसे सरकार खाली करायेगी। इस मुददे पर सदन में मौजूद नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यदि सरकार यह मानती है कि सपा की सरकार में यदि जमीनों पर कब्जे हुए है तो उसकी सूची जारी करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लखनऊ में जो लोग सौ-सौ सालों से काबिज थे भाजपा के लोग उनकी जमीने कब्जा कर रहे है। इससे पहले सपा सदस्य अतुल प्रधान ने बुन्देलखण्ड से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक किसानो द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया था। सपा के ही सदस्य मनोज कुमार पारस ने भी किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का सही दाम न मिलने या फिर कर्ज से दबकर किसान आत्महत्याएं कर रहे है।

# समीक्षा बैठक में डीएम आगरा से अभद्रता, मारपीट का प्रयास

संवाददाता, आगरा

- बरौली अहीर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी के खिलाफ हुई एफआईआर
- बैठक में विकास कार्य में शिथिलता बरतने पर डीएम ने किए थे सवाल जबाव

**अमृत विचार :** ताजनगरी में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में चौंकाने वाला मामला हुआ। डीएम और बीडीओ के बीच हुई तकरार हाथापाई तक आ पहुंची। गाली गलौच और धमकी भी दी गई। अधिकारियों के बीच हुई रार की गूंज शासन तक पहुंच गई है। विकास कार्य को लेकर हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी से हर दर्जे की बदसूलकी की गई। डीएम और बीडीओ बरौली अहीर के बीच विवाद हुआ।

देर शाम बीडीओ के खिलाफ रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस मामले में शासन स्तर से भी कार्रवाई की जा सकती है। डीएम ने पूरे मामले से शासन को भी अवगत करा दिया है। एडीओ पंचायत, खंदौली पंकज कुमार ने रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है कि जिलाधिकारी शिविर कार्यालय पर डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई थी। बैठक में सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। डीएम भानु चंद गोस्वामी सभी ने शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी कर रहे थे।
खंड विकास अधिकारी अनिरुद्ध सिंह चौहान से जैसे ही योजनाओं के बारे में पूछा तो वह उल्टे सीधे जबाव देने लगे। इस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की तो वह उनसे ही अभद्रता करने लगे। बैठक में मौजूद अन्य अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो वह आग बबूला हो गए और उन्होंने अपना आपा खो दिया और वह डीएम को गाली गलौच करने लगे। यहां तक उन्होंने डीएम से हाथापाई भी करनी चाही लेकिन मौजूद लोगों ने ऐसा होने से रोक लिया। बीडीओ ने डीएम को धमकी भी दी कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। बीडीओ के इस रवैये से आहत डीएम बैठक से चले गए और शासन को पूरे मामले से अवगत कराया। बीडीओ भी अपनी गाड़ी में बैठकर चले गए। इस मामले में एडीओ पंचायत खंदौली, पंकज कुमार ने थाना रकाबगंज में बीडीओ अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। इस मामले के बाद बीडीओ से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। बताया जा रहा है कि इस विवाद के बाद वह देर शाम तक अपने आवास पर भी नहीं पहुंचे थे। इस घटना से प्रशासनिक अधिकारियों के होश उड़ गए है।

## पांच लाख का इनाम, एक साल में खोज नहीं पायी एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान अभी शिकंजे से हैं बाहर

**अमृत विचार:** हार्डकोर क्रिमिनल पर लगाम कसने के लगातार हो रहे सरकारी दावों के बीच एक बड़ा सच यह है कि डॉन गुड्डू मुस्लिम समेत प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के तीन वांटेड शूटरों को एक साल से एसटीएफ-उप्र पुलिस खोज नहीं पा रही है। खास बात यह है कि शिकंजे से बाहर खुली हवा में सांस ले रहे गुड्डू के अलावा अरमान और साबिर मोस्ट वांटेड सूची में शुमार है और इनकी गिरफ्तारी पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित हैं। इससे माफिया-दुर्दांत अपराधियों पर नकेल कसने की जिम्मेदारी वाले विभाग और उसके आला अफसरान की भूमिका सवालों के कठघरे में हैं।

पुलिस महकमें के कई वरिष्ठ अफसर इसे एसटीएफ-उप्र पुलिस की पूरी तरह नाकामयाबी मानने को तैयार नहीं हैं। एसटीएफ के अफसरों से बातचीत में भी बातचीत में कुछ ऐसे ही संकेत मिलते हैं। आधिकारिक रुप से वह कहते हैं कि अरे पकड़ लिए जाएंगे। ऐसा लगता है कि शूटरों की गतिविधियां उन तक है, और उन्हें शिकंजे में लाने को लेकर उनकी अभी कोई रुचि नहीं हैं। इस सवाल का जवाब बातचीत में स्पष्ट नहीं हो पाता है। वहीं दूसरी ओर इन वांटेड शूटरों को सलाखों के पीछे भेजने में प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस की भी प्रभावी सक्रियता नहीं दिख रही है।

एक साल में उनके खिलाफ कार्रवाई के नाम पर सिर्फ उनके घरों की कुर्की तक कर सकी है, जहां सिर्फ दीवारें ही बची थीं। प्रयागराज में 24 फरवरी 2023 को दिन-दहाड़े उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या कर दी गई थी। फिल्मी स्टाइल में हुई यह वारदात प्रदेश की कानून-व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करने वाली थी।



शुक्रवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात करते हुए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। ● अमृत विचार

## वर्ग पहेली-338

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।

3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।

5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।

6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।

### वर्ग पहेली - 337 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | ■ | 3 मो | था |
| ■ | का | ■ | 4 हँ | ■ | ■ |
| 5 गाँ | व | वा | सी | ■ | 6 टो |
| ड़ | ■ | ■ | खे | ■ | का |
| र | ■ | 7 बे | ल | बू | टा |
| ■ | ■ | डो | ■ | ■ | की |
| ■ | 8 बि | ल | टी | ■ | ■ |

## खेल छात्रावासों में दाखिले के लिए आवेदन अगले महीने से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश भर के खेल छात्रावासों में दाखिले के लिए फार्म अगले महीने से मिलने शुरू हो जाएंगे। 16 खेलों के लिए प्रदेश भर के 44 छात्रावासों में खिलाड़ियों के दाखिले के लिए खेल विभाग तैयारी में जुट गया है। विभागीय अधिकारियों ने सभी छात्रावासों के मूल्यांकन की रिपोर्ट भी खेल निदेशालय भेज दी है। किस छात्रावास में कितनी सीटें खाली हैं, इसका ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। इसके बाद खेल विभाग दाखिले के लिए फार्म उपलब्ध कराएगा। प्रदेश भर के सभी सरकारी स्टेडियम में यह फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश भर के छात्रावासों में दाखिले की प्रक्रिया अगले महीने शुरू की जाएगी। दाखिले के लिए चयन ट्रायल कब और कहां आयोजित किए जाएंगे, इसकी जगह और तिथियां तय की जा रही है। इसके लिए क्रीड़ा अधिकारियों की तैनाती भी की जानी है। अभी अधिकांश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाएं खत्म होते ही सभी स्टेडियमों में दाखिऐ के लिए फार्म मिलने शुरू हो जाएंगे। 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। खेल निदेशालय के निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार दाखिले की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

### पूर्व ओलंपियन देंगे छात्रावास के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

छात्रावासों के खेल स्तर सुधारने को खेल विभाग पूर्व ओलंपियन और एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को द्रोणाचार्य पदों पर तैनात करने की तैयारी में है। इन द्रोणाचार्यों को प्रति माह डेढ़ लाख रुपये का भुगतान भी किया जाएगा। प्रदेश भर में 50 ऐसे द्रोणाचार्यों की तैनाती की जाएगी। ये प्रशिक्षक खेल छात्रावासों में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। अप्रैल में इसकी शुरुआत होगी।

## सरकार, विपक्ष साथ-साथ राम के दर्शन को जाएंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार और विपक्ष साथ-साथ राम के दर्शन को अयोध्या जाने वाली है। इसके लिए 11 फरवरी की तारीख तय की गई है। इस दौरान विधानमंडल के सभी सदस्यों को उप्र. परिवहन निगम की 10 सुपर लग्जरी बसों से ले जाया जाएगा। शासन ने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सभी सदस्यों से रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया है। वह खुद भी बस में विधानसभा सदस्यों के साथ अयोध्या की यात्रा करेंगे। उन बसों में राम धुन भी बजेगी।



- 10 लग्जरी बसों से जाएंगे मंत्री और सत्तापक्ष-विपक्ष के विधायक
- रामलला के दर्शन कराने के लिए परिवहन निगम ने की तैयारी

**निर्धारित कार्यक्रम की गाइडलाइन जारी :** जिन सदस्यों को अयोध्या जाना है, उनको अयोध्या को जाने के लिए बसें विधान भवन के गेट संख्या-1 व 3 के सुबह 8:15 बजे मिलेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अयोध्या धाम के दर्शन कराने वाली इन बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर रहनी चाहिए, पर्दे लगे होने चाहिए। बसों में सुरक्षा की नजर से अग्निशमन यंत्र अवश्य रहे। साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध रहे। साथ ही बसों में रामधुन भी अवश्य बजे इसके लिए भी विशेष निर्देश दिए हैं। साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर का व्यवहार कुशल हों इसके साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगा होगा।

### रालोद विधायक भी जाएंगे साथ

उप्र. का राजनीतिक समीकरण बदला नजर आ रहा है। भाजपा और रालोद गठबंधन की तस्वीर साफ होने के बाद रविवार को रालोद के विधायक भी अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। छपरौली से रालोद विधायक अजय कुमार ने बताया कि रविवार को पार्टी के सभी नौ विधायक भी एनडीए के विधायकों के साथ रामलला के दर्शन लिए अयोध्या जाएंगे।

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 11 फरवरी 00 .47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20 .34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**वृष** – आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

**मिथुन** – आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

**कर्क** – आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**सिंह** – आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या** – आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**तुला** – आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

**धनु** – आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

**कुंभ** – आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मीन** – आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपत्ति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद-विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लाल बादशाह – सुबह : 09 .00
नो प्रॉब्लम – शाम : 06 .00

**Utsav Gold**
बड़े घर की बेटी – सुबह : 09 .15
चांदनी – शाम : 06 .15

**Sony Max**
दिल तो बच्चा है जी – सुबह : 09 .56
हर दिल जो प्यार करेगा – शाम : 06 .04

**Zee Cinema**
अंदाज – दोपहर : 12 .25
किसका भाई किसकी जान – रात : 09 .25

**Colors Cineplex**
एयरलिफ्ट – सुबह : 10 .54
फोर्स 2 – शाम : 04 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम-06 .04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी
पत्नी- समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।
पति- मुझे बस यही साबित करना था।
पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...
बॉस ने पूछा- क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?
लड़का- सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...
लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना :75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### धोखाधड़ी से जुड़े 1.4 लाख मोबाइल ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने आज कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े लगभग 1.4 लाख मोबाइल फोन को दूरसंचार विभाग ने ब्लॉक कर दिया है और इसके लिए बनाए गए पोर्टल के माध्यम से अप्रैल 2023 से 500 से अधिक लोग गिरफ्तार किये गये हैं तथा लगभग 3.08 लाख सिम, 50 हजार आईएमईआई ब्लॉक किए गए। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज यहां एक बैठक की जिसमें ये जानकारी दी गई।

### सोनी चैनल के खिलाफ नई याचिका दायर

**मुंबई।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स ने शुक्रवार को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण में एक नई याचिका दायर की। याचिका में जील के साथ विलय समझौते से पीछे हटने से सोनी को रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया गया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने दोनों मीडिया कंपनियों के विलय को मंजूरी देने का आदेश दिया था।

# एफडीआई के लिए भारत पसंदीदा स्थान

## वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक कारोबार सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद भारत एक पसंदीदा एफडीआई गंतव्य बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ईटी नाउ वैश्विक कारोबार सम्मेलन-2024 में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका समेत दुनियाभर में ब्याज दरें बढ़ी हैं और इससे विकसित देशों में पूंजी का प्रवाह वापस आया। गोयल ने कहा, "वह एक ऐसा दौर था जब किसी ने विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर भारत की तुलना में कहीं अधिक गहरे प्रभाव की कल्पना की होगी, लेकिन भारत में मांग की ताकत, अवसरों की ताकत ने यह सुनिश्चित किया कि हमें भारी गिरावट नहीं देखनी पड़ेगी। जबकि हमारे कई अन्य समकक्ष देशों ने देखी। कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल-जून, 2022 में 38.94 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान 15.5 प्रतिशत घटकर 32.9 अरब डॉलर रहा। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल हैं।

मंत्री ने कहा-हमारे यहां बड़ी मात्रा में एफडीआई आना जारी है...इस अवधि के दौरान भी कमाई का बहुत अधिक पुनर्निवेश हुआ, जबकि मैंने सोचा था कि वैश्विक बहीखाता बहुत दबाव में होगा। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश के लिए रुझान जारी है और देश में पैसा आना जारी है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.47 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.47 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 59.1 करोड़ डॉलर की तेजी के साथ 616.73 अरब डॉलर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के बीच रुपये को संभालने के लिए रिजर्व बैंक को इस भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल करना पड़ा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा माने लाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.19 अरब डॉलर बढ़कर 55.33 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.08 अरब डॉलर हो गया।

### अमरूद की खेती ने हिमाचल के गांव की तस्वीर बदली

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत कभी बंजर रहे हमीरपुर जिले के बगेहरा गांव में बड़ा बदलाव आया है। यहां हजारों अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और कई किसानों की बंजर भूमि अब विकसित बागों में तब्दील हो गई है। बागवानी विभाग के उप निदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले में 834 हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बागवानी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे। परमार ने कहा कि ग्रामीणों को शिव परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरा खर्च बागवानी विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

### एम्ब्रेयर ने सी-390 विमान बनाने के लिए महिंद्रा के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भारत में विमान बनाएगी ब्राजील की कंपनी

ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी। एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा-भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 72,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,050 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,050 |
| चांदी पक्की | 718(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,250 |
| चांदी आभूषण | 72,700। |

### कार्बन डाईऑक्साइड के लिए विकसित देश जिम्मेदार: सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय बिजली मंत्री बोले भारत ने 45% उत्सर्जन कम करने का रखा लक्ष्य



केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।

भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा-अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

### छत्तीसगढ़ सरकार का 1.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है। साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भाजपा सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई। चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने की भी घोषण की।

### लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका

मुंबई, एजेंसी

▸▸ क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने अपनी रिपोर्ट में जताई उम्मीद



लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है। कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

# राष्ट्रीय



### मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया लंच

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास यह रहा कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेदपा के राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित कुछ भाजपा नेताओं ने मोदी के साथ भोजन किया।

### मोदी गुजरात के 1,31,454 आवासों का आज करेंगे लोकार्पण

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से 1,31,454 आवासों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डीसा शहर में शनिवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर आवास योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल तरीके संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतिथि विशेष के तौर पर लोकसभा सांसद परबतभाई पटेल और भरतसिंह डाभी तथा राज्यसभा सांसद बाबूभाई देसाई भी उपस्थित रहेंगे। आवास प्रदान करने के इस कार्यक्रम से गुजरात के 115 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र और 67 शहरी निर्वाचन क्षेत्र जुड़ेंगे, यानी सभी 182 विधानसभा क्षेत्र इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## सीतारमण का लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पर कटाक्ष

# मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुनिए

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा-मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुन लीजिए।''

सीतारमण ने जब श्वेतपत्र का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की नीतियों की आलोचना की तो बीच-बीच में कांग्रेस के सदस्य हंगामा कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा-अगर उनमें (कांग्रेस सदस्यों में) साहस है और यदि इन्होंने अच्छा काम किया है तो सुनना चाहिए और जवाब देना चाहिए। सुनने की क्षमता नहीं है। फिर भी मैं छोड़ूंगी नहीं, मैं अपनी बात करुंगी। उन्होंने कहा-वैश्विक आथिक संकट को तो नहीं संभाल सके, आज ज्ञान दे रहे है कि किस तरह संभालना है। उस समय क्या करना चाहिए था, कुछ नहीं किया। घोटाले के ऊपर घोटाले आते रहे। देश को ऐसी गंभीर अवस्था में छोड़कर चले गए भगवान जाने, अगर इनकी (कांग्रेस की) सरकार बनी रहती तो देश का क्या हाल होता। इस दौरान सदन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं।

सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य सदस्यों की टोका-टोकी के बीच सीतारमण ने कहा,-मैं हिंदी और अंग्रेजी दोनों में बोल रही हूं। मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है। थोड़ा सुनिए। पूर्व अध्यक्ष बैठी हैं, उन्हें इम्प्रेस करना है कि मैडम हम बचाव कर रहे हैं। कहा कि कांग्रेस के सदस्य कई प्रश्न उठाते हैं तो हम तसल्ली से सुनते हैं, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो विपक्षी सदस्य वाकआउट करते हैं या शोर-शराबा करते हैं।

### श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पत्र है: जयराम रमेश



कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक सफेद झूठ पत्र है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के श्वेत पत्र के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह श्वेत पत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल 10 साल अन्य काल नाम से एक ब्लैक पेपर जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा-श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेत पत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं।

## एक नजर

### अमृतसर में हथियार तस्करी गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया स्थित रितिक रैली और जेल कैदी कुणाल महाजन के निर्देशों पर संचालित एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हाथियार बरामद किए हैं। अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गुरु की वडाली के रहने वाले जशनदीप सिंह और करणदीप सिंह, तरनतारन के गांव बेहला के शरणजीत सिंह, तरनतारन के चोहला साहिब का दीपक, अमृतसर का संदीप सिंह और तरनतारन के नरिंदर सिंह के रूप में हुई है।

### 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना पर फलोदी की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

### मोदी, आडवाणी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए पत्रकार वागले के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे।** भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वागले के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-निखिल वागले पर विश्रामबाग थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए, 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए उकसाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### क्या तारीख में बदलाव किए बिना 'प्रस्तावना' में संशोधन संभव?

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ संविधान से सममाजवादी पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या संविधान को अंगीकार किए जाने की तारीख 26 नवंबर 1949 को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यन स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन से यह सवाल किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की अपील की है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, 'अकादमिक उद्देश्य के लिए क्या प्रस्तावना, जिसमें तारीख का उल्लेख है, उसे अंगीकार करने के दिनांक में बदलाव किए बिना उसे (प्रस्तावना को) बदला जा सकता है। अन्यथा हां, प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। उसमें कोई समस्या नहीं है। स्वामी ने जवाब दिया-इस विषय में बिल्कुल यही सवाल है।

# अब अयोध्या की तर्ज पर बनेगा चित्रकूट रेलवे स्टेशन

नई दिल्ली, ज्ञानेन्द्र सिंह

▸▸ धार्मिक स्थलों के कई रेलवे स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार




**अमृत विचार:** भगवान राम की जन्म-स्थली, अयोध्या धाम को रेलवे मानचित्र में चमकाने के बाद अब उनकी वन-स्थली, चित्रकूट धाम की बारी है। करीब 50 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार बनाने की योजना है।

मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 38 वर्ग किलोमीटर संयुक्त क्षेत्र का एक प्राचीन तीर्थ स्थल है। जहां भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किए थे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी आना-जाना होता है। लेकिन रेलवे को पर्याप्त राजस्व नहीं मिलता है। ज्यादातर पर्यटक सड़क मार्ग से ही वहां पर आते हैं। लेकिन रेलवे ने चित्रकूट धाम को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो योजना बनाई है उसके तहत न सिर्फ सड़क बल्कि वायु मार्ग से भी रेल मार्ग को लिंकप किया जाएगा। एक योजना कर्वी से चित्रकूट तक रेलवे लाइन बिछाने की भी है लेकिन अभी उस पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हुआ है।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत कटरा जम्मू रेलवे स्टेशन की तर्ज पर चित्रकूट में यात्रियों के लिए आधुनिक व्यवस्था की जाएगी।

अभी चित्रकूट रेलवे स्टेशन अयोध्या, काशी, प्रयागराज, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, रायपुर, जबलपुर एवं लखनऊ से जुड़ा हुआ है। जब रेलवे स्टेशन का विस्तार एवं विकास हो जाएगा तब इसे महोबा एवं खजुराहो से भी लिंकप किया जाएगा और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों से चित्रकूट के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराया जाएगा। चित्रकूट के साथ ही बांदा महोबा एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट के साथ ही बनारस में काशी, वाराणसी सिटी, वाराणसी कैंट एवं व्यास नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, पनकी रेलवे स्टेशन एवं गंगा पार स्थित शुक्लागंज में भी बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। मथुरा जंक्शन के अलावा कृष्ण जन्मभूमि के निकट भूतेश्वर रेलवे स्टेशन, गाजियाबाद के निकट गंगा तट पर गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन को भी धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई गई है। उत्तराखंड में हरिद्वार, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशनों सर्वे पूरा हो चुका है। उक्त सभी रेलवे स्टेशनों का कार्य इसी वर्ष अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

### 13 करोड़ की हेरोइन व मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पिछले दो दिनों में संयुक्त अभियान के दौरान पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले से 13.3 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को जोखावथर के एक निवासी के कब्जे से मुआलकावी में 4.23 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 605 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई में मिजोरम-म्यांमा सीमा पर जोखावथर में नौ करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन की 30,300 गोलियां और 17.49 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की गई।

### सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर प्रदेश सरकार को फटकार

नई दिल्ली,एजेंसी

**मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला**

▸▸ अब 1 मार्च को कोर्ट में होगी अगली सुनवाई



उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए शुक्रवार को फटकार लगाई, जिन्हें उनकी स्कूली शिक्षिका ने गृहकार्य पूरा नहीं करने पर एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हमने टीआईएसएस (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की नवीनतम रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उस घटना के गवाह सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है। राज्य द्वारा इस दिशा में कोई कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने कहा-हम राज्य को निर्देशों को तुरंत लागू करने का निर्देश देते हैं और अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि एक मार्च तय की।

उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की शिक्षिका पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है।

ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप: कुश्ती का चयन ट्रायल 10-11 मार्च को

# चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

**ट्रायल की योजना 27 से 29 फरवरी के लिए थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी**

# बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएं: वॉन

## इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद भी ज्यादा सफलता ना मिले

लंदन, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज श्रृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज श्रृंखला को 2-2 से डॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो श्रृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

### इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती



वॉन ने 'द टेलीग्राफ में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना रहे। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्होंने भारत को श्रृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

## खेल डायरी

### विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

**पेरिस, एजेंसी।** विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

### जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

### रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

### स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का खिताब जीता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

### फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने गुरुवार रात 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

# कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

## भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।



दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं।

**एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार**



### टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

### आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्याकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

### विश्व कप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

# 'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके श्रृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

**चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल**



# पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

केपटाउन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।

बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।



# नागल सेमीफाइनल में, मुकुंद हुए बाहर

चेन्नई, एजेंसी

भारत के शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के गैर वरीय डोमिनिक पलान को 6-3, 6-3 से हराकर चेन्नई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागल का सामना सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के डालीबोर सवरसिना से होगा। नागल ने इससे पहले एसडी प्रज्वल देव और इटली के जियोवानी फोनियो को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया था। सवरसिना ने भारत के मुकुंद शशिकुमार को 6-7(6) 6-2 6-4 से मात दी। अन्य क्वार्टरफाइनल में ताईवान के चुन सिन सेंग ने इटली के एनरिको डाला वाले को हराया। अब वह लुसा नार्डी और स्टेफानो नैपोलिटानो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन की भारतीय युगल जोड़ी ने जापान के तोशिहिदे मातसुई और काइतो यूसुगी की जोड़ी को मात दी। अब युगल स्पर्धा के फाइनल में भारतीय जोड़ियां आमने सामने होंगी। दूसरी जोड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और निकि कालियांडा पूनाचा है। इस जोड़ी ने जर्मनी के जैकब शनाईटर और मार्क वालनर को हराया।

**चेन्नई ओपन**



## बॉलीवुड हलचल

# कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।




### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया।उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं।

# मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते।एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।



# खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।



### डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना

**मुंबई, एजेंसी।** जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें खुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

## भ्रष्टाचार विरोधी और सर्वमान्य नेता थे चौधरी चरण सिंह

**नई दिल्ली।** दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसान और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी।



हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसान भाई- बहनों की समस्यों के साथ खड़े रहने वाले नेता थे चौधरी चरण सिंह जी। बता दें, चौधरी चरण सिंह 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बाद में उन्होंने सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। आपातकाल में सरकार के साथ खड़े रहे।

चरण सिंह दो बार मुख्यमंत्री और एक बार देश के प्रधानमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बने हुए उन्हें कुछ ही दिन हुए थे कि उन्हें एक निजी समारोह में भाग लेने जाना पड़ा। वहां से लौटकर आए तो ड्राइवर से कहा कि इसे अलग नोट कर लेना। ड्राइवर उन्हें गौर से देखने लगा तो बोले, 'सरकारी दौरे छोड़कर निजी कार्यक्रमों में जाने पर वाहन का पेट्रोल पर होने वाला खर्च मेरे निजी खाते से चुकता किया जाएगा।' लंबा राजनीतिक जीवन व्यतीत करने के बाद दिग्गज नेता के निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपये थे।

## 18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव

**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से भी अच्छे रिश्ते नहीं थे।



सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। बाबरी कांड के बाद कांग्रेस के कई बड़े नेता राव से नाराज थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे। प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले, जो शासन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विशेषज्ञता को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। 1991 में भारत को काफी गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उस वक्त देश के सामने उच्च महंगाई, कम विदेशी मुद्रा भंडार और बाहरी कर्ज चुकाने में विफलता के जोखिम जैसी कठिन चुनौतियां थीं

## हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन

**नई दिल्ली।** दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं।



उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। इतना ही नहीं उन्होंने देश के लिए खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को 'भूख के ट्रैप' से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है, जो आज तक लागू नहीं की गई।

**1965** में स्वामीनाथन को चेकोस्लोवाक एकेडमी ऑफ साइंसेज से मेंडल मेमोरियल मेडल मिला।

**1967** में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

**1971** में रेमन मैग्सेसे और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**1987** में वर्ल्ड फूड सेफ्टी अवॉर्ड और 1991 में पर्यावरणीय उपलब्धि के लिए टायलर अवॉर्ड मिला।

प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 2004 में राष्ट्रीय किसान आयोग (एनसीएफ) का गठन किया गया था।

### पाकिस्तान : आम चुनाव की मतगणना जारी, 265 में से 224 सीटों के ही परिणाम हुए घोषित

# गठबंधन सरकार के हाथ पाक का भविष्य

इस्लामाबाद, एजेंसी

**265** में से 133 सीट जीतने के बाद ही बनती हैं सरकार





लाहौर में शुक्रवार को पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों को संबोधित करते पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के कारण गठबंधन सरकार बनाने के लिए प्रतिद्वंद्वी दलों से हाथ मिलाने को राजी हो गए हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने देर रात तक 224 सीटों में 92 सीटों पर जीत दर्ज की है। मतगणना अब भी जारी है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के लाहौर स्थित केंद्रीय सचिवालय में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि पीटीआई के स्वतंत्र उम्मीदवारों की जीत सहित सभी पार्टियों के जनादेश का सम्मान करती है।

देर रात तक चुनाव आयोग ने 265 में से 224 सीटों के ही परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें स 92 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 63 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 50 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है। खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है। शुक्रवार को नवाज ने अपने संबोधन में कहा कि, गठबंधन नहीं करने वाले अपने रुख को बदला रहे हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम बार-बार चुनाव नहीं करा सकते। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, एजेंडा केवल खुशहाल पाकिस्तान है और आप जानते हैं कि हमने पहले क्या किया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, सभी को सद्भाव से बैठना चाहिए और पाकिस्तान को कठिनाइयों से बाहर निकालना चाहिए।

### नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

## आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदानः ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

# प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

**हिंद महासागर सम्मेलन**

पर्थ, एजेंसी



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

## अमेरिका बोला हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

## एक नजर

### 14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

**वाशिंगटन।** नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12 :57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

### यूएनः गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा, कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है, लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रों के बीच गंभीर बातचीत, पुरानी संस्थाओं में सुधार और बहुपक्षीय शासन के प्रभावी, नवीनीकृत और समावेशी तंत्र के साथ बहुध्रुवीयता को अपनाने का आह्वान है।

### अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

# असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

गुवाहटी, एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद



मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

**तापमान में वृद्धि...**



**शिमला :** हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8 .8, शिमला में 6 .6, मनाली में 6 .1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

# यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

# गाजाः हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

**विज्ञान** सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

# गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

### वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नही होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

## आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

**लास वेगास।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।